
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 27 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 147, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मोहनलालगंज: PWD की सुस्ती से 'सफ़र' बना 'आफ़त', सिसेंडी-भागू खेड़ा मार्ग एक साल से बदहाल...03

बलिया में स्वजस्र-पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 471 पेटी अवैध शराब बरामद; तीन तस्कर गिरफ्तार...12

# झूठी शिकायतों और फर्जी मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**» लगाम लगाने की मांग पर केंद्र और राज्यों को नोटिस, आपराधिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर जताई सख्ती**

**» यह जनहित याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई है। उन्होंने स्वयं अदालत में अपने पक्ष की पैरवी करते हुए कहा कि फर्जी मुकदमों के कारण ईमानदार लोग भय के माहौल में जी रहे हैं और न्याय व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।**

**नई दिल्ली।** झूठी शिकायतों और फर्जी आपराधिक मुकदमों के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि आपराधिक कानूनों का दुरुपयोग न्याय व्यवस्था पर भारी बोझ डाल रहा है और इससे निर्दोष लोगों को बेवजह मुकदमों का सामना करना पड़ता है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका अधिवक्ता और भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने अदालत से फर्जी शिकायतों, झूठी गवाही और मनगढ़ंत सबूतों पर रोक लगाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

**कोर्ट की कड़ी टिप्पणी**

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि कई मामलों में जिस व्यक्ति को शिकायतकर्ता दिखाया जाता है, उसे यह तक पता नहीं होता कि उसके नाम से शिकायत दर्ज कर दी गई है। अदालत ने कहा कि प्रभावशाली लोग फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए गरीब और कमजोर लोगों का शोषण करते हैं, जो बेहद चिंताजनक है।

अदालत ने यह भी कहा कि कई लोग कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर शिकायत दर्ज कराते हैं और बाद में मुकदमे को आगे नहीं बढ़ाते, जिससे न्यायिक व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आपराधिक कानूनों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है और इस दिशा में उठाए गए कदमों की आलोचना की परवाह नहीं की जाएगी।

**सिविल विवादों को बनाया जाता है आपराधिक मामला**

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि कई बार साधारण सिविल विवादों को भी आपराधिक मामलों का रूप दे दिया जाता है। खासकर जमीन और संपत्ति विवादों में गंभीर धाराओं का इस्तेमाल किया जाता है। गांवों में जमीन के झगड़े को कई बार गंभीर कानूनों के तहत दर्ज करा दिया जाता है या महिलाओं के नाम पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे आरोप लगा दिए जाते हैं।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे मामलों के कारण निर्दोष लोगों को वर्षों तक अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। साथ ही अदालतों में लंबित मामलों की



संख्या भी बढ़ती जा रही है।

**जागरूक समाज की जरूरत**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाज में कानूनी जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। लोगों को अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के मौलिक अधिकारों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। अदालत ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए भाईचारे और जिम्मेदारी की भावना का होना जरूरी है।

पीठ ने एक हालिया मामले का उदाहरण भी दिया, जिसमें एक महिला ने अदालत में उपस्थित होकर बताया कि एक राजनीतिक नेता के खिलाफ उसके नाम से फर्जी शिकायत दर्ज की गई थी, जबकि उसका उस मामले से कोई संबंध नहीं था। अदालत ने कहा कि यह स्थिति बेहद गंभीर है और ऐसे मामलों पर ठोस उपाय किए जाने चाहिए।

**याचिका में सुझाए गए प्रमुख उपाय**

याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष कई सुझाव रखे हैं, जिनमें शामिल हैं -

1. **सूचना बोर्ड लगाने की मांग:** पुलिस थानों, अदालतों और पंचायत कार्यालयों में सूचना बोर्ड लगाए जाएं, जिनमें झूठी शिकायत दर्ज कराने पर होने वाली सजा का स्पष्ट उल्लेख हो।

2. **अनिवार्य शपथ पत्र:** शिकायत दर्ज करते समय शिकायतकर्ता से आरोपों की सत्यता का शपथ पत्र लिया जाए, ताकि झूठी शिकायतों पर रोक लग सके।

3. **फर्जी गवाही पर सख्ती:** झूठी गवाही और फर्जी सबूतों से जुड़े कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई हो।

4. **प्रारंभिक जांच की व्यवस्था:** गंभीर मामलों में एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि झूठे मामलों को शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सके।

5. **जिम्मेदारी तय करने की मांग:** फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वालों के साथ-साथ झूठे मामलों में सहयोग करने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाए।



याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय

6. **डिजिटल सत्यापन प्रणाली:** शिकायत दर्ज करते समय पहचान और हस्ताक्षर का डिजिटल सत्यापन अनिवार्य किया जाए, ताकि किसी के नाम से फर्जी शिकायत दर्ज न हो सके।

**सरकारों से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से इन सुझावों पर विस्तृत जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करना जरूरी है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। अदालत के इस कदम को न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## BSP MLA और करीबियों के घर से 10 करोड़ कैश बरामद, ऑफिस और अन्य जगहों पर कार्रवाई जारी



**ब्यूरो प्रयागराज।** राजधानी लखनऊ में बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर पर बुधवार से जारी आयकर टीम का छापा गुरुवार को समाप्त हो गया। उनके घर से 10 करोड़ की नकदी बरामद हुई है। अभी उनके ऑफिस और अन्य स्थानों पर कार्रवाई जारी है। विपुलखंड स्थित उनके आवास पर कार्रवाई पूरी हो गई है। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से एकमात्र बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर बुधवार को आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। लखनऊ, बलिया, सोनभद्र, कौशांबी, मिर्जापुर और प्रयागराज में 30 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमें सुबह 11 बजे से देर रात तक जांच में जुटी रहीं।

आयकर विभाग की तीन टीमों ने लखनऊ के गोमतीनगर में विपुल खंड स्थित उमाशंकर सिंह के आवास, उनकी कंपनी छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉरपोरेट ऑफिस और वजीर हसन रोड पर करीबी ठेकेदार फैजी के ठिकानों को खंगाला। इसके अलावा सोनभद्र में साईं राम इंटरप्राइजेज कंपनी के नाम से खनन का कारोबार करने वाले उमाशंकर सिंह के करीबी सीबी गुप्ता समेत कई खनन कारोबारियों के ठिकानों को खंगाला जा रहा है। आयकर विभाग ने सुबह 11 बजे सभी ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था, जिसके बाद टैक्स चोरी और बेनामी संपत्तियों से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। उमाशंकर सिंह छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी और साईं राम इंटरप्राइजेज के नाम से सड़क और खनन से जुड़े कार्य करते हैं। बीते वर्ष सीएजी (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सोनभद्र में अवैध खनन कार्यों से करीब 60 करोड़ रुपये की राजस्व की हानि हुई थी। माना जा रहा है कि सीएजी की इस रिपोर्ट के बाद ही उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के ठिकानों को खंगाला गया है। आयकर छापे में सोनभद्र और मिर्जापुर में बीते कुछ वर्षों के दौरान हुए अवैध खनन से जुड़े अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं, जिसमें कई अधिकारियों के नाम और उनको दी जाने वाली रकम का जिक्र है। आयकर विभाग को शक है कि खनन कारोबार में कई ब्यूरोक्रेट्स की काली कमाई का निवेश किया गया है, जिसके सुराग जुटाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बंद कमरे में विवाहिता का शव लटकता मिला,जांच में जुटी पुलिस



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ले में गुरुवार दोपहर कमरे में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटकता मिला। सूचना पाकर नैनी पुलिस एवं फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और वीडियोग्राफी के बीच शव को फंदे से नीचे उतारा गया। जिस कमरे में विवाहिता का शव लटक रहा था, वह कमरा खुला हुआ था। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ला निवासी श्याम बाबू पटेल के पुत्र शिव दर्शन पटेल की शादी बीते वर्ष 2023 में नबावगंज के मूसेपुर गांव निवासी मोती लाल की बेटी सविता पटेल (27) वर्षीय के साथ हुई थी। नैनी पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार की दोपहर परिवार वालों ने सूचना दी, कि सविता कमरे के अंदर फंदे पर लटक रही है। सबसे पहले उसकी ननद ने उसे लटकते हुए देखा और उतारने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। लोग रोना- पीटना शुरू कर दिए। सूचना पाकर आस-पास के तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची, तो देखा कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और सविता का शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पाकर एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह और फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची, जांच- पड़ताल करते हुए शव को फंदे से नीचे उतारा और विधिक कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मायके पक्ष के लोग नहीं पहुंचे थे।। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## वर्षों से समस्या का समाधान नहीं रास्ते पर कीचड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)** वर्षों से कीचड़ युक्त रास्ते पर निकलना दुश्वार हो गया है।निकास न होने से नालियों का गंदा पानी रास्ते पर भरा हुआ है जिसमें गर्मी के कारण दुर्गंध उठनी शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए अनेकों बार ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सहित उप जिलाधिकारी बिसवां व जिलाधिकारी से भी फरियाद लगाई लेकिन नतीजा सिफर रहा। किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। समस्या जस की तस बनी हुई है। इतना ही नहीं कुछ लोगों ने तो इसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री के पास तक गुहार लगाई लेकिन अफसोस यह कि समस्या आज भी उसी तरह बनी हुई है। निकट का तालाब पट जाने तथा रास्ता नीचा होने के कारण जहांगीराबाद पोस्ट आफिस के पास से गुलशन प्लाईवुड फैक्ट्री तक जाने वाले रास्ते पर नालियों से निकलने वाला गंदा पानी महीनों से भरा हुआ



है। यहां रहने वाले लोगों को इसी गंदे बदबूदार पानी में होकर निकलना अब मजबूरी बन गयी है। अभी कुछ दिन पहले किसी सामाजिक व्यक्ति ने यहां के लोगों की समस्या को देखते हुए रास्ते पर निकलने के लिए रास्ते के किनारे ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डलवा दी। अब हाल यह है कि भारी वाहनों के रास्ते पर होकर निकलने से कुछ मिट्टी रास्ते पर आकर कीचड़ में तब्दील हो गई है जिससे निकलना और भी मुश्किल हो गया है।

नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं आसपास रहने वाले परिवार। इन दिनों रमजान का महीना शुरू हो चुका है। मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने में भी मुश्किलें हो रही है। सैकड़ों की आबादी इस समस्या से प्रभावित हैं। ग्रामीण शफकत अली खान,सबाहुद्दीन, मसाली,डा0 श्याम किशोर वर्मा, अनिल वर्मा, लियाकत अली, आनन्द पाल सिंह,मो0 फुरकान, सुरेश चंद्र, प्रमोद कुमार, प्रकाश व मो0 रजी सहित दर्जनों लोगों ने इस रास्ते पर भरे गंदे पानी को हटवाकर समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

## प्रयागराज में इंटर छात्र की दर्दनाक मौत

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुडेरा इलाके में एक होनहार छात्र की आत्महत्या ने सबको झकझोर दिया। इंटरमीडिएट की परीक्षा से ठीक पहले 12वीं के छात्र समीर ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक, घटना से कुछ देर पहले समीर ने अपने एक करीबी दोस्त को आखिरी कॉल किया था। फोन पर उसकी आवाज कांप रही थी। उसने कहा– 'मैथ से बहुत डर लग रहा है... समझ नहीं आ रहा कैसे पेपर दूंगा।' यह कहने के बाद उसने फोन काट दिया और अपने कमरे में चला गया। कुछ समय बाद जब परिवार ने दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला, तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का मंजर देख सब सन्न रह गए– समीर फंदे से लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि समीर पढ़ाई में बेहद तेज था। वह 10वीं में अपने स्कूल का टॉपर रह चुका था। स्कूल प्रबंधन और परिवार का कहना है कि वह हमेशा अव्वल आने वाला छात्र था, लेकिन परीक्षा के दबाव ने उसे अंदर से तोड़ दिया। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि क्या हमारे बच्चे अंकों और उम्मीदों के बोझ तले दबते जा रहे हैं?

## रेल वन सुपरऐप ने लॉन्च होने के 8 महीने से भी कम समय में 2 करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार किया

**● रेल वन प्रतिदिन लगभग 6 लाख टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान करता है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारतीय रेलवे के सुपरऐप, रेल वन ने लॉन्च होने के 8 महीने से भी कम समय में 2 करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और इस महीने प्रतिदिन 5 लाख टिकटों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) द्वारा विकसित इस ऐप को माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1 जुलाई 2025 को लॉन्च किया था। तब से, देश भर के रेल यात्रियों के बीच इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। रेल वन ऐप एक एकीकृत डिजिटल गेटवे के रूप में उभर रहा है, जो एक ही सहज इंटरफ़ेस के माध्यम से यात्रियों को कई तरह की सेवाएं प्रदान करता है। अपनी परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता को दर्शाते हुए, रेल वन अब प्रतिदिन लगभग 6 लाख टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है, जो इसकी मजबूती और बढ़ते उपयोगकर्ता विश्वास को रेखांकित करता है।

यह ऐप आरक्षित टिकट बुकिंग, अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन पूछताछ, पीएनआर स्थिति और अन्य यात्री-केंद्रित सुविधाओं सहित प्रमुख रेलवे सेवाओं को एकीकृत करता है।

यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। अपनी स्केलेबल संरचना, सहज डिजाइन और उपयोगकर्ता अनुभव पर केंद्रित होने के कारण, रेल वन रेलवे सेवाओं के साथ नागरिकों के जुड़ाव के तरीके को नया रूप दे रहा है। रेल वन नए फीचर्स और ए आई-संचालित क्षमताओं के साथ लगातार विकसित हो रहा है, जो भारत के लिए एक आधुनिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## डीएम, एसपी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला कारागार का किया मासिक संयुक्त औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर डीएम/** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुज कुमार पाण्डेय द्वारा आज जिला कारागार बलरामपुर का मासिक संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार के विभिन्न बैरकों, चिकित्सालय, पुरुष एवं महिला बैरक सहित अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अल्पवयस्क बैरक में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा अस्पताल बैरक में भर्ती बंदियों से मिलकर उपचार एवं देखभाल की स्थिति की जानकारी ली। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं बीमार बंदियों की उचित देखभाल को देखकर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। कारागार अधीक्षक विजय कुमार शुक्ल ने बताया कि जेल चिकित्सालय में एक चिकित्सक एवं एक फार्मासिस्ट तैनात हैं तथा 20 बेड की व्यवस्था उपलब्ध है। बंदियों के उपचार हेतु आवश्यक



दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके पश्चात अधिकारियों ने परेड के दौरान बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी तथा महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। महिला बंदियों से उनके मुकदमों की जानकारी लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को दी जा रही शिक्षा, पोषण एवं देखभाल संबंधी सुविधाओं की समीक्षा की और व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की। कारागार परिसर की साफ- सफाई, सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं हरियाली को भी अधिकारियों ने सराहा। इस अवसर पर कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. रत्नेश वर्मा, उपकारापाल शारदा देवी, उपकारापाल राम प्रवेश, उपकारापाल अभय कुमार यादव, मुख्य चीफ कामता प्रसाद भार्गव सहित अन्य कारागार कर्मी उपस्थित रहे।

## NCERT चैप्टर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, CJI बोले- माफी काफी नहीं, जिम्मेदारों की पहचान जरूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब में शामिल 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक वाले अध्याय को लेकर गुरुवार (26 फरवरी, 2026) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान अदालत का रुख बेहद सख्त नजर आया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्पष्ट कहा कि केवल माफी से काम नहीं चलेगा, यह पता लगाना जरूरी है कि इसके पीछे कौन लोग हैं। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बिना शर्त माफी की बात कही। उन्होंने कहा कि यह गलती है और इसके लिए खेद है। लेकिन मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत इस जवाब से संतुष्ट नहीं दिखे।

उन्होंने टिप्पणी की कि यह मामला साधारण त्रुटि जैसा नहीं लगता। उनके शब्दों में, यह एक 'सोचा-समझा योजनाबद्ध कदम' प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका पर सीधे हमला किया गया है और इसका असर व्यापक है।इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ कर रही है। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचौली भी शामिल हैं।

सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि इस अध्याय को दो लोगों ने तैयार किया था। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में यूजीसी या किसी मंत्रालय में काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, इस पर भी अदालत ने कड़ा रुख अपनाया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि केवल यह कह देना कि उन्हें आगे काम नहीं मिलेगा, पर्याप्त कार्रवाई नहीं मानी जा सकती। सीजेआई ने कहा कि यह तो उनके लिए और आसान है कि बिना सजा के उन्हें छोड़ दिया जाए। सीजेआई ने कहा कि उन्होंने न्यायापालिका पर गोली चलाई है और वह आज खून बहा रही है।

मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि अध्याय हटाने का निर्णय भर पर्याप्त नहीं है, क्योंकि किताब पहले ही बाजार में पहुंच चुकी



है। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं इसकी एक प्रति देखी है।सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि कुल 32 प्रतियां ही बाजार में गई थीं और उन्हें वापस ले लिया गया है। साथ ही पूरी पुस्तक की फिर से समीक्षा की जाएगी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि किताब का कुछ हिस्सा डिजिटल माध्यम में भी उपलब्ध है। इस पर सरकार को ऑनलाइन सामग्री हटाने के निर्देश देने की बात उठी। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हार्ड कॉपी से अधिक सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध है। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि विभाग ऑनलाइन सामग्री हटाने की व्यवस्था करेगा और उसके पास ऐसा करने की वैधानिक शक्ति है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने बताया कि उन्होंने अपने सेक्रेटरी जनरल से भी इस मामले में जानकारी जुटाने को कहा था। उन्होंने कहा कि शुरुआत में विभाग की ओर से इस सामग्री का बचाव किया जा रहा था।अदालत ने इस पूरे मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश ने साफ किया कि जब तक अदालत संतुष्ट नहीं होगी, सुनवाई जारी रहेगी। उनका कहना था कि बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों तक यह संदेश जा सकता है कि भारतीय न्यायपालिका भ्रष्ट है और यही चिंता का विषय है।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### टीबी एवं स्वास रोग वार्ड में मरीज से मिलने गए परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप




**बस्ती।** बस्ती जिले केओपेके कैली चिकित्सालय महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज चिकित्सा महाविद्यालय बस्ती परिसर में स्थित टीबी एवं स्वास रोग वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाया है । टीबी एवं स्वास रोग वार्ड में भर्ती मरीज व परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को लेकर कहा कि टीबी के भर्ती मरीजों को मास्क नहीं दिया जा रहा है और न ही टीबी के भर्ती रोगियों के परिजनों को मास्क दिया जा रहा है जबकि अस्पताल में भारी संख्या में मास्क उपलब्ध है । टीबी के भर्ती मरीजों को अस्पताल द्वारा मास्क न दिये जाने से टीबी रोग फैलने की अंशका है और टीबी रोग से पीड़ित मरीजों व परिजनों के जिंदगीके साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है । टीबी एवं स्वास रोग वार्ड में भर्ती मरीज के परिजनों ने बताया कि जब कोई परिवार का सदस्य टीबी मरीजों से मिलने वार्ड में जाता है तो परिवार के सदस्यों को रोगियों मिलने नहीं दिया जाता है और कहा जाता है कि बिना मास्क लगाए टीबी के मरीजों से नहीं मिल सकते हैं एवं मास्क के अभाव में पीड़ित परिजन अपने मरीज से नहीं मिल पा रहे हैं।

### नगर पालिका क्षेत्र मे आर्थिक रूप से कमजोर दुकानदारों के हित में सपा मजदूर सभा ने उठाई आवाज



**बलरामपुर ।** समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार श्रीवास्तव ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं छोटे दुकानदारों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने नगर क्षेत्र में आजीविका चलाने वाले दुकानदारों की कठिनाइयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनके हित में ठोस कदम उठाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि कई छोटे दुकानदार आर्थिक तंगी के कारण अपनी दुकानों का संचालन ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे दुकानदारों को राहत देने के लिए उनकी आय, परिस्थिति एवं जरूरत के आधार पर उचित सहायता प्रदान की जाए। साथ ही जिन दुकानदारों की दुकानों का पुनर्वास या स्थान परिवर्तन प्रस्तावित है, उनके लिए वैकल्पिक स्थान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित न हो।उन्होंने मांग की कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पहले संबंधित दुकानदारों को नोटिस देकर संवाद स्थापित किया जाए और उनकी समस्याओं का मानवीय दृष्टिकोण से समाधान निकाला जाए। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि विकास कार्यों के साथ-साथ गरीब एवं मेहनतकश व्यापारियों के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी परिवार की आजीविका पर संकट न आए।

### दो बच्चों की मां ने सिपाही पर दर्ज कराया यौन शोषण का केस, आरोपी गिरफ्तार

**सुल्तानपुर** – खाकी को शर्मसार करने वाला मामला प्रकाश में आया है। एक महिला ने डायल 112 के एक कॉन्स्टेबल पर यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उसे गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया है। विभाग से जुड़ा मामला होने के चलते एसपी से लेकर पुलिस के अधिकारी छीछालेदर की डर से कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। ये मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने डायल 112 पीआरवी 5298 पर तैनात सिपाही आमिर फिरदौस पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया। महिला की तहरीर पर बल्दीराय थाने में क्राइम नंबर 55/2026 पर मुकदमा दर्ज किया गया। उसके बाद एसएचओ नारद मुनि सिंह की टीम ने सिपाही आमिर को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को सिपाही आमिर फिरदौस का सीएचसी बल्दीराय में मेडिकल कराने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया है। थानाध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि कॉन्सटेबल पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली महिला दो बच्चों की मां है। वो पूर्व में अपने चरित्र को लेकर क्षेत्र में चर्चा का केंद्र रही है। उसने सिपाही को भी अपने झांसे में फंसाया और फिर जब किसी बात को लेकर खट पट हुई तो उसने यौन उत्पीड़न का केस दर्ज करा दिया।

## मोबाइल दुकान में 20 लाख की चोरी का खुलासा, 56 एंड्रॉयड व 21 कीपैड फोन बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना लालगंज क्षेत्र में मोबाइल की दुकान में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 56 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 21 कीपैड मोबाइल फोन, चोरी की एक टीवीएस राइडर बाइक, पांच साड़ियां और 1150 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने क्षेत्राधिकारी रुधौली कुलदीप यादव की मौजूदगी में बताया कि 23/24 फरवरी 2026 की रात लालगंज थाना क्षेत्र के पाकड़डांड स्थित एक मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में थाना लालगंज पर मुकदमा संख्या 41/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। घटना के खुलासे के लिए थाना लालगंज व स्वाट/सर्विलांस टीम को लगाया गया था। संयुक्त कार्रवाई के दौरान 26 फरवरी को तेजुआ मोड़ के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पहले दुकान की रेकी की थी और देर रात बाइक से पहुंचकर शटर का ताला तोड़ दिया। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए और डीवीआर भी साथ ले गए, जिसे बाद में नदी में फेंक दिया। चोरी के मोबाइल फोन खेत में छिपा दिए गए थे और उन्हें बेचने की तैयारी थी। पुलिस ने मौके से मोबाइल फोन बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक निगम पुत्र सुबेदार निवासी ग्राम तिन्हारी थाना कलवारी जनपद बस्ती और प्रशांत पाल पुत्र सूर्य प्रकाश पाल निवासी ग्राम तेजुआ थाना लालगंज जनपद बस्ती शामिल हैं। तीसरा आरोपी बाल अपचारी है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभिषेक निगम के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि प्रशांत पाल के खिलाफ भी पूर्व में आपराधिक प्रकरण दर्ज रहे हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने पूर्व में मोटरसाइकिल चोरी और एक अन्य स्थान पर घर का ताला तोड़कर साड़ी व नकदी चोरी की घटना को भी अंजाम दिया था। बरामदगी के आधार पर संबंधित अन्य मुकदमों का भी खुलासा हुआ है, जिनमें थाना कोतवाली व अन्य थानों में दर्ज मामले शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना लालगंज व स्वाट/सर्विलांस सेल के अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बड़ी मात्रा में चाइनीज मांझा समेत एक गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत क्राइम ब्रांच टीम, सेन्ट्रल जोन सर्विलांस टीम एवं थाना बेकनगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में आज आरिफ सैफी नामक एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 70 चरखियां प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद हुई हैं। अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय संकल्प शर्मा ने बताया कि उसके विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इसी अभियान के अंतर्गत 02 अभियोग पंजीकृत कर 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा 20 चरखियों की बरामदगी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 04 गिरफ्तारियां एवं लगभग 100 चरखियों की बरामदगी सुनिश्चित की गई है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा जिन स्रोतों से प्रतिबंधित मांझा क्रय किया गया, उनके संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शासनादेशानुसार चाइनीज मांझा पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रतिबंधित मांझे का क्रय-विक्रय एवं उपयोग न करें तथा विधि का अनुपालन करें।

## भानपुर में चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ा को रोकना बीडीओ के लिए बना चुनौती

**●भानपुर में चल मनरेगा कार्य पर उठ रहा बड़ा सवाल, फर्जी हाजिरी लगाने का रोजगार सेवक पर लगा आरोपरोजगार सेवक की मनमानी से विकास कार्य ठप्प, उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की चल रही तैयारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड हरैया के ग्राम पंचायत भानपुर में मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महिला रोजगार सेवक वर्षा जायसवाल की मनमानी के चलते पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं, जबकि अभिलेखों में कार्य पूर्ण दिखाए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा मजदूरों की कथित फर्जी हाजिरी लगाकर भुगतान निकाले जाने का खेल चल रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक तथा मनरेगा एपीओ की मिलीभगत से सरकारी धन के बंदरबांट की तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरों को पूरा काम और निर्धारित मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

वहीं खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) विनय कुमार द्विवेदी की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही पंचायत में कथित गड़बड़झाला जारी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ग्राम पंचायत भानपुर में विकास कार्य पारदर्शी तरीके से संचालित हो सकें। ग्राम पंचायत भानपुर में जारी में जारी मनरेगा फर्जीवाड़ा को रोकना खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है ।

## 25 हजार की रिश्वत लेते रुधौली के लेखपाल प्रेम पाल सिंह गिरफ्तार, एंटी करप्शन की ट्रैप कार्रवाई से तहसील में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केरुधौली तहसील में बुधवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने राजस्व लेखपाल प्रेम पाल सिंह को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राजस्व विभाग के कर्मचारियों में हलचल तेज हो गई। मामला ग्राम दुदराक्ष, थाना रुधौली निवासी शिकायतकर्ता बिहारी लाल से जुड़ा है। आरोप है कि खतौनी में नाम दर्ज कराने के लिए लेखपाल ने 25 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने 17 फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण संगठन, बस्ती इकाई में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संगठन ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। बुधवार को टीम ने दो स्वतंत्र लोकसेवक साक्षियों की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया। सूत्रों के अनुसार, तहसील परिसर के बाहर लेनदेन की सूचना पर टीम पहले से निगरानी कर रही थी। जैसे ही रुपये का आदान-प्रदान हुआ, टीम ने तत्काल दबिश देकर प्रेम पाल सिंह को 25 हजार रुपये के साथ पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। गिरफ्तार लेखपाल प्रेम पाल सिंह, पुत्र पहुंची लाल, मूल निवासी ग्राम आलई, पोस्ट धनवां, थाना जसवंत नगर, जनपद इटावा हैं और वर्तमान में तहसील रुधौली, जनपद बस्ती में तैनात थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध वाल्टरगंज थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन टीम सुबह से ही जनपद के विभिन्न स्थानों पर निगरानी कर रही थी। जिले में इससे पहले भी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में संगठन की ओर से कार्रवाई की जा चुकी है। इस ताजा ट्रैप कार्रवाई को आमजन भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश मान रहे हैं।

## एसओ भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने शत प्रतिशत माल सहित पांच अभियुक्त,एक बालअपचारी को पकड़ा.......

**●तीन दुकानों में चोरी का खुलासा, छह आरोपी गिरफ्तार, शत-प्रतिशत बरामदगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना नगर क्षेत्र में किराना, बिल्डिंग मटेरियल और कपड़े की दुकान में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में यह संयुक्त कार्रवाई थाना नगर पुलिस और एसओजी टीम द्वारा की गई। पुलिस ने चोरी गए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी का दावा किया है। साथ ही चार मोटरसाइकिल, जिनमें तीन चोरी की और एक घटना में प्रयुक्त, बरामद की गई हैं। घटना का खुलासा पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह की मौजूदगी में किया। जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद यह पहली बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि 3 फरवरी 2026 को दर्ज मुकदमा संख्या 25/2026 तथा 23 फरवरी 2026 को दर्ज मुकदमा संख्या 44/2026 व 45/2026 (धारा 331(4), 305(a) बीएनएस) का अनावरण करते हुए 25 फरवरी की सुबह मुखबिर की सूचना पर वीरेन्द्र कुमार और एक बाल अपचारी जब वस्तु माल की बिक्री की कोशिश कर रहे थे तब उनको गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर चोरी का सामान वीरेन्द्र के मामा के घर से बरामद हुआ। पूछताछ के आधार पर शुभम सोनी, राज सोनकर और राहुल यादव को गिरफ्तार किया गया, जबकि विकास कुमार गौतम को अमहट घाट से पकड़ा गया। बरामदगी और पूछताछ के आधार पर मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस और 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। वीरेन्द्र के पास से एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने 1 फरवरी तथा 21/22 और 22/23 फरवरी की रात ग्राम कटरुआ दलथम्मन सिंह स्थित किराना दुकान, ग्राम सिसवारी कुवर सिंह स्थित बिल्डिंग मटेरियल की दुकान और नरायनपुर डिहवा चौराहे पर कपड़े की दुकान को निशाना बनाया था। चोरी में 121 साड़ियां, जींस पेटी, कॉस्मेटिक सामान, बैटरी, इन्वर्टर, राशन सामग्री और 2850 रुपये नकद बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी दिन में मोटरसाइकिल से रैकी करते थे और रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-फरोख्त में भी गिरोह सक्रिय था। थाना सोनहा क्षेत्र से पूर्व में चोरी की गई दो मोटरसाइकिलों का भी खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में वीरेन्द्र कुमार, शुभम सोनी, राज सोनकर, राहुल यादव और विकास कुमार गौतम शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वीरेन्द्र और राहुल यादव के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को 10 हजार रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त भूमिका रही।

## 24 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू 16 मार्च तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद की 24 ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO) ने बताया कि विभिन्न विकास खंडों की चयनित ग्राम पंचायतों में नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 06 मार्च से 16 मार्च 2026 तक अपना आवेदन संबंधित ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**इन ग्राम पंचायतों में होगी भर्ती**

भर्ती के लिए चिन्हित ग्राम पंचायतों में बलरामपुर ब्लॉक की कलवारी, खगईजोत, भीखमपुर, धर्मपुर, गुलरिहा पुरैना व फतेहपुर; गैण्डासबुजुर्ग ब्लॉक की बौडिहार; तुलसीपुर ब्लॉक की महदेईया; हरैयासतघरवा ब्लॉक की भटपुरवा व शंकरपुर; रेहराबाजार ब्लॉक की बैरिया सुर्जनपुर व विशुनपुर खरहना; उतरौला ब्लॉक की महमूदाबाद ग्रिन्ट, बड़हरा भिटौरा, सकडरिया व बदलपुर चौखड़िया; पचपेड़वा ब्लॉक की सुगानगर डुमरी, विजयनगर, नरायनपुर थुम्हवा, गौराभारी व भैंसहवा; गैसड़ी ब्लॉक की हरनहवा सुस्ता तथा श्रीदत्तगंज ब्लॉक की रामपुर बगनहा व पटियाला ग्रन्ट शामिल हैं।

**महत्वपूर्ण तिथियां-** जारी समय-सारणी के अनुसार 25 से 28 फरवरी तक भर्ती सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**आवेदन जमा करने की अंतिम**

तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी और मेरिट सूची तैयार करने का कार्य 27 मार्च से 03 अप्रैल 2026 के बीच पूर्ण किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन पत्र जमा करें तथा अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकास खंड कार्यालय या जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में नेशनल हाईवे 34 पर बिधनू थाने के अंतर्गत सम्भुआ, बिधनू नहरिया एवं माधव बाग़ क्षेत्र में व्यापक यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत टीआई दक्षिण जोन प्रथम राजकुमार मिश्र एवं नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। नाट्य प्रस्तुति एवं संवाद के माध्यम से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय पूर्ण सतर्कता बरतने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहवीर योजना एवं गुड सेमेरिटन प्रावधानों की जानकारी देते हुए नागरिकों को दुर्घटना की स्थिति में घायलों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पम्पलेट वितरित कर लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य हा-34 पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को जागरूक कर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना है।

## प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था को लेकर जनपदीय अधिकारियों के साथ किया बैठक

**●केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

**राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, डीएम, एसपी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने यूपी नेडा के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप की प्रगति, उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा, विद्युत विभाग के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की स्थिति, खराब ट्रांसफार्मर के बदलने की स्थिति, लाइन लॉस के प्रकरण तथा विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्त, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, अंत्येष्टी स्थल के निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। अंत में प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे या सभी अधिकारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय बेहतर रहे, किसी भी परियोजना का शिलान्यास, लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराएं, योजनाओं के प्रस्ताव भी जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किया जाए तथा प्राप्त प्रस्तावों के जवाब भी जनप्रतिनिधियों को समय से दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं जिन्हें आप लोग समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारने की कार्रवाई करें, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जो भी समस्याएं आपके संज्ञान में आती हैं उनका तत्काल निस्तारण कराएं साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं में चयनित किए गए लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति पत्र वितरित कराएं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं जिनका लाभ पात्रों को दिया जाए तथा योजनाओं को धरातल पर पहुंचाया जाए इसमें कतई लापरवाही ना बरती जाए, सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील रहे। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति को बढ़ाएं, अपने-अपने कार्यों में रुचि रखें, कहीं भी कोई समस्या हो तो जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं, अपने विभाग से संबंधित पूरी जानकारी रखें। जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित करें, जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें सरकार पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है हम सब लोग भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### लंभुआ तहसील में मंडलायुक्त का निरीक्षण, सब कुछ 'ऑल इज वेल'

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त राजेश कुमार ने लंभुआ तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई और मंडलायुक्त ने कहा कि यहां 'ऑल इज वेल' की स्थिति है। उन्होंने अन्य तहसीलों की तुलना में यहां रिकॉर्ड के रखरखाव और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को बेहतर बताया। तय कार्यक्रम के अनुसार मंडलायुक्त तहसील भवन पहुंचे, जहां उपजिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने नायब तहसीलदार न्यायलय का भी अवलोकन किया। अदालत कक्ष में सभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई गई, हालांकि वे अदालत कक्ष से सीधे रिकॉर्ड रूम की ओर चले गए। रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था उन्हें दुरुस्त मिली। निरीक्षण से पहले अपर आयुक्त (प्रशासन) अजय कांत सैनी ने भी तहसील के विभिन्न अनुभागों का जायजा लिया।

इसी दौरान नगर पंचायत के रामनगर मोहल्ले में बन रहे वेंडिंग जोन को लेकर स्थानीय नागरिकों ने भाजपा नेत्री रेखा बरनवाल के नेतृत्व में निर्माण कार्य रोकने की मांग उठाई। उनका कहना है कि प्रस्तावित निर्माण से कई घरों का निकास अवरुद्ध हो सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य फरियादियों ने भी मंडलायुक्त को अपने प्रार्थना पत्र सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया।

# भारत की वीरता एवं बलिदान के प्रतीक हैं - शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद



देश की आज़ादी के लिए अपने हाथों से अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद की आज 27 फरवरी को 95वीं पुण्यतिथि है। आज़ाद एक ऐसे दीवाने का नाम है, जिसकी अपने देश के प्रति दीवानगी के किस्से सुनकर ही हर मस्तक अपने आप नतमस्तक हो जाता है। आज के आधुनिक एआई के इस युग में जब पचास बरस के आदमी या नेता को युवा माना जाता है, आप कल्पना करें जब एक दस-बारह साल का अबोध बालक देश की आज़ादी के लिए सुदूर आदिवासी अंचल अभिजात्य झाबुआ-अलीराजपुर जिले के अपने जन्मस्थली भाबरा गाँव की गलियों में बचपन की मौज-मस्ती को छोड़कर भूख-प्यास की परवाह किए बिना अपनी भारत माता की आज़ादी के लिए निकल पड़ा, तो उसकी उम्र वर्तमान संदर्भ में क्या मानी जाएगी ?

देश की आज़ादी का सर पर जुनून लिए निकले बालक आज़ाद ने 1921 में महात्मा गांधी द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में भाग लिया और अंग्रेज़ों के खिलाफ आजादी के दीवानों के साथ अपना सुर बुलंद करते हुए गिरफ्तार किए गए। जब अंग्रेज जज के सामने आज़ाद को पेश किया गया और जब जज ने नाम पूछा तो निडर होकर रौबदार आवाज में अपना नाम 'आज़ाद' बताया, पिता का नाम 'स्वतंत्र' बताया और अपना घर 'जेल' बताया, तो जज साहब झल्ला गए और उन्होंने बालक आजाद के देशभक्ति के अदम्य साहस से घबराकर पंद्रह बेंत मारने की सजा सुनाई। अपनी सजा पर बालक आजाद मुस्कुराए और हर बेंत की मार के साथ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष से पूरे वातावरण में ओज भर दिया।

इस घटना के बाद एक अदम्य साहसी क्रांतिकारी के रूप में आजाद का राष्ट्रीय पटल पर उदय हुआ और पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के विश्वस्त साथी बनकर भारत की आज़ादी का अलख जगाने में खुद को झोंक दिया। यहीं पर देश के लिए मर मिटने वाले आजादी के सारे दीवानों का मिलन हुआ। आजाद में स्वाभिमान के गुण बचपन से ही विद्यमान थे। अपने माता-पिता से विरासत में मिले इन्हीं गुणों की वजह से आजाद जो एक बार सोच लेते थे, उसे हर हाल में पूरा करते थे। बिस्मिल द्वारा बनाए गए आजादी के दीवानों के संगठन का नाम हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन था, जिसका उद्देश्य अंग्रेज़ों से भारत माता को आज़ादी दिलाना था। आज़ाद स्वयं कहते थे कि दासता जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप है और इसी प्रेरणा से वे जीवन भर इस अभिशाप से लड़ते रहे।

सन 1920 से 30 का एक पूरा दशक ऐसा था जब देश में अंग्रेज़ी हुकूमत आज़ादी के इन जवानों के ख़ौफ़ से डरी-सहमी हुई थी। उस एक दशक में यदि भारत की आज़ादी के लिए सारे नेता एकमत हो जाते तो देश पच्चीस बरस पहले ही आज़ाद हो गया होता। अंग्रेज़ों से उन्हीं की भाषा में जवाब देने के लिए हथियारों और गोला-बारूद हेतु धन के लिए रामप्रसाद बिस्मिल की योजना के तहत सरकारी खजाना लूटने के लिए आज़ादी के दीवानों ने काकोरी कांड को अंजाम दिया। काकोरी कांड में सरकारी खजाना लूटने से अंग्रेज़ी हुकूमत बुरी तरह बौखला गई और देशभर में बिस्मिल और उनके साथियों की धरपकड़ तेज कर दी गई। इसे विडंबना कहें या फिर देश का दुर्भाग्य कि हज़ारों देशभक्त दीवानों को अंग्रेज़ी हुकूमत तो नहीं खोज पाई, लेकिन अपने ही लोगों की दगाबाज़ी के चलते अंग्रेज उन्हें फांसी के फंदे पर लटकाने में कामयाब हो गए।

रामप्रसाद बिस्मिल की फांसी के बाद हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन बिखर चुका था, लेकिन आज़ाद ने हिम्मत नहीं हारी और कमान अपने हाथों में ली तथा अपने साथियों को पुनः एकजुट कर देश की आज़ादी की फिर से हुंकार भरी। आज़ादी के दीवानों ने भारत की जेलों में भी आज़ादी का अलख जगाए रखा। अंग्रेज़ों से छिपते हुए, भेष बदलते आजाद ने भगत सिंह के साथ देशभर में फिर से अंग्रेज़ों के खिलाफ गुस्सा पैदा कर दिया था। अंग्रेज़ी हुकूमत हर हाल में आज़ाद और भगत सिंह को गिरफ्तार कर अपने प्रति बढ़ते विद्रोह को दबाना चाहती थी। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की गिरफ्तारी के बाद भी आज़ाद अपने साथियों के बूते अंग्रेज़ों के खिलाफ देशभर के लोगों में आक्रोश जगाते रहे।

आज़ाद देश में जहाँ भी जाते, विश्वसनीय साथियों की ऐसी टीम तैयार कर लेते थे जो देश की आज़ादी के लिए मरने-मारने का जज़्बा रखती थी। साधन संसाधन विहीन होकर भी आज़ाद उस अंग्रेज़ी हुकूमत से टकराए, जिसका कभी सूरज अस्त नहीं होता था। आज़ाद की गतिविधियों से अंग्रेज़ हुकूमत को यह भय हो गया था कि एक अकेला आज़ाद भी उनकी हुकूमत के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। इसलिए देशभर में आज़ाद की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा दिया गया और लोगों को सूचना देने पर प्रलोभन की घोषणा की गई। आज़ाद की खोज में उनकी जन्मस्थली भाबरा से लेकर आज़ादी के दीवानों के हर ठिकाने पर दबिश दी गई, लेकिन आज़ाद कहीं नहीं मिले। आज़ाद हमेशा यह पंक्ति गाया करते थे - 'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे,आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे'। 'आज़ाद ने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा जेलों में बंद भगत सिंह सहित सभी साथियों को छुड़वाने का बहुत प्रयास किया। आज़ाद चाहते थे कि देश के सारे बड़े नेता एक बार उनका साथ देकर आज़ादी की लड़ाई में शामिल हो, लेकिन आजादी के इन नौजवान दीवानों की भला किसी ने नहीं सुनी। 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद, अर्थात वर्तमान प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में भी आज़ाद अपने साथियों की रिहाई की योजना को लेकर आए थे और एक पेड़ के नीचे खड़े होकर अपने कुछ साथियों का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन अपने ही एक साथी की दगाबाज़ी के चलते आज़ाद अंग्रेज़ सिपाहियों से घिर चुके थे। चारों ओर से घिरने के बाद भी आज़ाद आखिरी गोली शेष बचने तक लड़ते रहे और अंतिम गोली कनपटी में स्वयं मारकर आत्मबलिदान कर लिया। आज़ादी के इस दीवाने ने अपने रक्त से अपनी मातृभूमि की आज़ादी का अभिषेक कर दिया था। महज पच्चीस वर्ष की आयु में चन्द्रशेखर आज़ाद अमर शहीदों की कतार में शामिल हो गए। आजाद की शहादत के बाद देशभर में अंग्रेज़ों के प्रति विद्रोह की भावना पनपने लगी और अंग्रेजी दबदबे को बनाए रखने के लिए आजाद के बलिदान के कुछ ही दिनों बाद चुपचाप भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भी फांसी दे दी गई। इस प्रकार आजादी के दीवानों ने देश के लिए मुस्कुराते हुए मौत को चुन लिया, लेकिन फिरंगियों और उनके लालच को नहीं चुना। देश की आज़ादी के बाद सरकार द्वारा हर बरस शहीदों की चिताओं पर मेले लगाने का दावा किया गया था, लेकिन शनैः शनैः शहीदों के नाम पर लगने वाले मेले राजनीतिक दलों या नेताओं के शक्ति-प्रदर्शन के मंच बन गए। अब शहीदों की चिताओं पर महज रस्म अदायगी भर का आयोजन होता है, शेष सब राजनीति का बखान होता है।

दुःख इस बात का है कि देश का जनमानस भी आधुनिकता की इस चकाचौंध में आजाद जैसे अमर बलिदानियों को भूलता जा रहा है। अफसोस तो यह है कि देश की नई पीढ़ी के लिए आजादी के मायने वर्ष में दो दिन अपने स्टेटस सजाने से अधिक कुछ नहीं रह गए हैं। दुनिया घूमने का दावा करने वाली आधुनिक पीढ़ी ने आजादी के दीवानों की जन्मस्थली को देखने और प्रणाम करने की भी नहीं सोची, तो देशभक्ति उनके जेहन में कैसे जागेगी ?

आज एआई के युग में देश के जनमानस को दुनिया-जहाँ का ज्ञान है, लेकिन उसकी नव पीढ़ी के अधिकांश लोगों को जिस आज़ादी को वे जी रहे हैं, उसके लिए जीवन उत्सर्ग कर देने वाले आधा दर्जन अमर शूरवीरों के नाम तक स्मरण नहीं हैं। देश की आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति उसके कर्तव्यबोध का ज्ञान करवाना है तो आजादी और उसके दीवानों के बलिदान से अवगत करवाना अत्यंत आवश्यक है । सरकार को चाहिए कि देश की आधुनिक पीढ़ी में आजाद, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की तरह राष्ट्र के प्रति जज्बा बनाए रखने हेतु अमर बलिदानियों के जीवन-चरित्र को शिक्षा का मूल भाग बनाया जाए और आजादी के अमर शहीदों की चिताओं पर ईमानदारी से, निस्वार्थ राष्ट्रभावना के साथ हर वर्ष मेले सजाए जाएँ। तभी हम आज़ाद की तरह राम सा शौर्य और शंकर सा लोक कल्याण का भाव देश की नई पीढ़ी में देख सकेंगे।

अरविंद रावल

# आतंकवाद की जड़ पर प्रहार

आतंकवाद विरोधी नीति का अनावरण भारतीय सुरक्षा इतिहास की एक ऐसी घटना हैए जिसने देश की रक्षात्मक रणनीति को एक नए और आक्रामक धरातल पर खड़ा कर दिया है। प्रहारए यह नीति केवल एक आधिकारिक दस्तावेज नहीं हैए बल्कि यह आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सामूहिक इच्छाशक्ति और श्जीरो टॉलरेंसश् के सिद्धांत की एक वैधानिक उद्घोषणा है। पिछले कई दशकों से भारत ने सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद का दंश झेला हैए लेकिन श्प्रहारश् पहली बार एक ऐसी एकीकृत और व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करती है जो न केवल वर्तमान खतरों से लड़ती हैए बल्कि भविष्य की उन चुनौतियों का भी आकलन करती है जो अभी तक क्षितिज पर उभर ही रही हैं। इस नीति का सबसे प्रमुख पहलू इसकी समग्रता हैए जो जलए थल और नभ तीनों ही मोर्चों पर सुरक्षा की एक अभेद्य दीवार खड़ी करने का लक्ष्य रखती है। आधुनिक युग में आतंकवाद का चेहरा पूरी तरह बदल चुका हैय यह अब केवल बंदूकों और विस्फोटकों तक सीमित नहीं हैए बल्कि इसमें ड्रोन तकनीकए साइबर हमलेए और परिष्कृत एन्क्रिप्शन का समावेश हो चुका है। श्प्रहारश् नीति इन बदलती वास्तविकताओं को पहचानती है और स्वीकार करती है कि आज का आतंकवादी साइबर स्पेस में बैठकर देश के बुनियादी ढांचे पर प्रहार कर सकता है।

भारत की भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति इसे आतंकवाद के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बनाती है। श्प्रहारश् दस्तावेज में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि देश को सीमा पार से संचालित होने वाले उन राज्य.प्रायोजित समूहों से निरंतर खतरा है जो पंजाब और जम्मू.कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता पैदा करने के लिए ड्रोन जैसी नई तकनीकों का सहारा ले रहे हैं। ये ड्रोन न केवल हथियारों की तस्करी कर रहे हैंए बल्कि नशीले पदार्थों के माध्यम से भारत की युवा पीढ़ी को खोखला करने का एक नया माध्यम बन गए हैं। इसके साथ हीए अल.कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ़इराक एंड सीरिया जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों की भारत में पैठ जमाने की कोशिशों को भी इस नीति में गंभीरता से लिया गया है। ये संगठन अब प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय श्लोन वुल्फश् हमलों और छोटे.छोटे स्लीपर सेल्स के माध्यम से हिंसा फैलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इनके द्वारा सोशल मीडियाए डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग प्रोपेगैंडा फैलानेए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए किया जा रहा हैए जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक अभूतपूर्व चुनौती है।

श्प्रहारश् नीति की रोकथाम रणनीति का हृदय इंटेलिजेंस ब्यूरो के तहत संचालित होने वाला श्मल्टी.एजेंसी सेंटरश् और श्जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंसश् है। सरकार ने इन मंचों को रीयल.टाइम इंटेलिजेंस साझा करने के लिए एक अनिवार्य नोडल प्लेटफॉर्म बना दिया हैए जिससे विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच सूचनाओं की दीवारें गिर गई हैं। अब जानकारी का प्रवाह इतना तेज और सटीक है कि संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने से पहले ही उन्हें निष्क्रिय किया जा सकता है। आतंकवाद की आर्थिक रीढ़ पर प्रहार करने के लिए इस नीति में क्रिप्टो.वॉलेट और हवाला नेटवर्क के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं। नीति मानती है कि यदि आतंकी फंडिंग के स्रोतों को सुखा दिया जाएए तो उनके ऑपरेशंस अपने आप ठप पड़ जाएंगे। इसके अलावाए देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे पावर ग्रिडए रेलवेए एविएशनए और न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। सीमा सुरक्षा को केवल बाड़ लगाने तक सीमित न रखकर उसे सेंसर आधारित श्स्मार्ट फेंसिंगश् और सैटेलाइट निगरानी से सुसज्जित किया जा रहा है ताकि घुसपैठ की हर कोशिश को विफल किया जा सके।

प्रतिक्रिया तंत्र के मामले में श्प्रहारश् नीति एक स्पष्ट श्रेणीबद्ध ढांचा प्रदान करती है। इसमें स्थानीय पुलिस की भूमिका को श्प्रथम उत्तरदाताश् के रूप में अत्यधिक महत्व दिया गया है। नीति का मानना है कि हमले के शुरुआती मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैंए इसलिए स्थानीय पुलिस को इतना सशक्त और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वे विशिष्ट बलों के आने तक स्थिति को नियंत्रित कर सकें। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को गृह मंत्रालय के अधीन नोडल काउंटर.टेररिज्म फोर्स के रूप में और अधिक शक्तियां दी गई हैंए ताकि वह न केवल ऑपरेशंस का नेतृत्व करेए बल्कि राज्यों की आतंकवाद.विरोधी इकाइयों को भी वैश्विक स्तर का प्रशिक्षण और उपकरण प्रदान करे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच के क्षेत्र में व्यापक स्वायत्तता दी गई है ताकि आतंकी मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा हो सके। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि श्प्रहारश् नीति सुरक्षा और मानवाधिकारों के बीच एक सूक्ष्म संतुलन बनाए रखने पर भी जोर देती है। गैरकानूनी गतिविधियां; रोकथामद्ध अधिनियम जैसे कठोर कानूनों का उपयोग करते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि न्याय प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जाए।

क्षमता निर्माण श्प्रहारश् का वह स्तंभ है जो इसे भविष्योन्मुखी बनाता है। सुरक्षा बलों को केवल आधुनिक हथियार देना ही पर्याप्त नहीं हैय उन्हें उन नई विधाओं में भी पारंगत किया जा रहा है जो भविष्य के युद्धों का हिस्सा होंगी। इसमें रासायनिकए जैविकए रेडियोधर्मीए परमाणु और उन्नत विस्फोटक जैसे खतरों से निपटने के लिए विशेष ड्रिल और तकनीक का प्रशिक्षण शामिल है। सुरक्षा संस्थानों के बुनियादी ढांचे और फैकल्टी को अपग्रेड किया जा रहा है ताकि हमारी एजेंसियां दुनिया की बेहतरीन काउंटर.टेररिज्म यूनिट्स के समकक्ष खड़ी हो सकें। इसके साथ हीए डी. रेडिकलाइजेशन ;कट्टरपंथ मुक्तिद्ध को इस नीति का एक अनिवार्य अंग बनाया गया है। सरकार ने स्वीकार किया है कि आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध केवल बंदूकों से नहीं जीता जा सकताए बल्कि विचारधारा के धरातल पर भी लड़ना होगा। इसके लिए समुदायोंए धार्मिक नेताओंए उदारवादी प्रचारकों और गैर.सरकारी संगठनों को साथ लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन युवाओं की पहचान करना है जो कट्टरपंथ की राह पर भटक रहे हैं और उन्हें रचनात्मक गतिविधियोंए रोजगार और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ना है। जेलों के भीतर कट्टरपंथ को रोकने के लिए जेल प्रशासन को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि कट्टरपंथी अपराधियों को सामान्य कैदियों से अलग रखा जाए ताकि वे जेल को भर्ती केंद्र न बना सकें।

अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर श्प्रहारश् नीति भारत के नेतृत्वकारी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती है। यह वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर श्नो मनी फॉर टेररश् जैसे सिद्धांतों को आगे बढ़ाती है। पारस्परिक कानूनी सहायता संधियों और प्रत्यर्पण संधियों के माध्यम से भारत विदेशी धरती पर छिपे आतंकियों को कानून के कटघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में आतंकी समूहों और उनके आकाओं को प्रतिबंधित करने के प्रयासों में तेजी लाना इस नीति का एक प्रमुख कूटनीतिक लक्ष्य है। भारत अब केवल एक शिकायतकर्ता राष्ट्र नहीं रहाए बल्कि एक ऐसा देश बन गया है जो आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक मानदंडों को निर्धारित करने की क्षमता रखता है। नीति में स्पष्ट किया गया है कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है और इसका मुकाबला केवल वैश्विक सहयोग से ही संभव है। निष्कर्षतः प्रहार नीति भारत की सुरक्षा वास्तुकला में एक निर्णायक मोड़ है। यह नीति एक ऐसे भारत का चित्र प्रस्तुत करती है जो अपनी संप्रभुता के प्रति जागरूक है और अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार किया गया यह दस्तावेज न केवल मौजूदा चुनौतियों का समाधान करता हैए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का वादा भी करता है। श्प्रहारश् का सफल क्रियान्वयन केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वयए संसाधनों के उचित आवंटन और बदलती तकनीक के साथ निरंतर अनुकूलन पर निर्भर करेगा। यह नीति आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को एक कड़ा और स्पष्ट संदेश देती है कि भारत अब खामोश नहीं रहेगाय वह अपनी सुरक्षा के लिए हर उस जड़ पर प्रहार करेगा जहाँ से हिंसा का अंकुर फूटता है। यह वास्तव में सुरक्षित और विकसित भारत की दिशा में बढ़ाया गया एक क्रांतिकारी कदम हैए जो देश के प्रत्येक नागरिक में अटूट विश्वास और सुरक्षा की भावना जागृत करता है।

महेन्द्र तिवारी

# संपादकीय

## बदलता मौसम बढ़ती गर्मी और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग और सोनमर्ग में हाल ही में हुई बर्फबारी लगभग पिघल चुकी है। बर्फ की कमी का असर पर्यटन और खेल गतिविधियों पर साफ दिखाई दे रहा है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पर्याप्त बर्फ नहीं मिल पा रही। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कृत्रिम बर्फ बनाने की व्यवस्था पर जोर दिया है। यह स्थिति दर्शाती है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल वैज्ञानिक रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीनी हकीकत बन चुका है।

लद्दाख क्षेत्र की स्थिति भी चिंताजनक है। लेह और आसपास के क्षेत्रों में जनवरी और फरवरी में लगभग बर्फ नहीं गिरी। 17,582 फीट ऊंचे खारदुंग ला और चांग ला जैसे दर्रों पर सामान्य से 70 से 80 प्रतिशत कम बर्फबारी दर्ज की गई। हालांकि 14 हजार फीट पर स्थित पैंगोंग झील जमी हुई है और वहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया, फिर भी आसपास की पहाड़ियां बिना बर्फ के काली दिखाई दे रही हैं। यह दृश्य सामान्य सर्दियों के बिल्कुल विपरीत है।

पिछले पांच वर्षों में फरवरी का महीना लगातार अपेक्षा से अधिक गर्म और शुष्क रहा है। पहले इस महीने में चार से छह पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होते थे, जिससे अच्छी वर्षा और हिमपात होता था। अब यह संख्या घटकर एक या दो रह गई है। उत्तराखंड और कश्मीर में सामान्य से 70 से 80 प्रतिशत तक कम वर्षा और बर्फबारी हो रही है। 2023 का फरवरी महीना पिछले 122 वर्षों में सबसे गर्म दर्ज किया गया। यह आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव हो रहा है।

मध्य भारत के राज्यों जैसे मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक चल रहा है। श्रीगंगानगर में फरवरी के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी 14 डिग्री के आसपास रहा। यह स्थिति मार्च में संभावित हीट वेव का संकेत देती है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि होली के बाद तेज गर्मी का दौर शुरू हो सकता है और तापमान 35 डिग्री या उससे अधिक तक जा सकता है। इस असामान्य गर्मी का सीधा असर कृषि पर पड़ रहा है। गेहूं, सरसों और अन्य रबी फसलों के लिए ठंडा मौसम आवश्यक होता है। यदि तापमान समय से पहले बढ़ जाता है तो फसल जल्दी पक जाती है, जिससे दानों का आकार छोटा रह जाता है और उत्पादन घट सकता है। किसानों की चिंता बढ़ रही है, क्योंकि पानी की उपलब्धता भी कम हो सकती है। पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने का मतलब है कि गर्मियों में नदियों का जलस्तर घट सकता है, जिससे सिंचाई और पेयजल संकट गहरा सकता है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का हिस्सा है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, वनों की कटाई और कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि ने पृथ्वी के तापमान को लगातार बढ़ाया है। ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, वर्षा के पैटर्न में बदलाव और चरम मौसम घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति इसी के परिणाम हैं। कभी बेमौसम बारिश तो कभी अचानक लू का प्रकोप आम हो गया है।

सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। पर्यटन उद्योग, जो कश्मीर और लद्दाख जैसे क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था का आधार है, बर्फ की कमी से प्रभावित होगा। यदि विंटर टूरिज्म कमजोर पड़ता है तो स्थानीय लोगों की आय पर सीधा असर पड़ेगा। वहीं मैदानी इलाकों में बढ़ती गर्मी से बिजली की मांग बढ़ेगी, जिससे ऊर्जा संकट और बढ़ सकता है।

आने वाले दिनों में उत्तर पश्चिम भारत, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। यदि मार्च के पहले सप्ताह से ही तेज धूप और लू जैसे हालात बनने लगें, तो यह संकेत होगा कि इस वर्ष गर्मी सामान्य से अधिक प्रचंड रह सकती है। साथ ही, बेमौसम बारिश की आशंका भी बनी हुई है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।

स्पष्ट है कि मौसम का यह बदलता स्वरूप केवल एक मौसमी खबर नहीं, बल्कि भविष्य के लिए चेतावनी है। हमें पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे कदम अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुके हैं। यदि समय रहते ठोस प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में फरवरी की ठंड केवल स्मृतियों में रह जाएगी और मौसम की अनिश्चितता हमारी नई वास्तविकता बन जाएगी।

कांतिलाल मांडोत

# भारत इजराइल गठबंधन, भारत की शांति प्रयासों की नई भूमिका

**भारत-इजराइल की अटूट मित्रता।**

भारत के प्रधानमंत्री की दूसरी इजरायल यात्रा भारत के शांति प्रयासों की एक नई भूमिका तय करेगा। इजरायली संसद में प्रधानमंत्री ने संबोधन में कहा आतंकवाद किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं उग्रवाद एवं आतंकवाद हर स्तर पर गलत है। इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत को एक अभिन्न मित्र एवं सहयोगी बताया उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना भाई मित्र और हितेषी भी निरूपित किया है। भारत के प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा पर दुनिया के हर देश की नजर लगी हुई है। इजरायली संसद में संबोधन के बाद प्रधानमंत्री को वहां ऐतिहासिक तौर पर सम्मानित भी किया गया। प्रधानमंत्री की इस यात्रा में भारत इजरायली संबंधों का एक नए युग का सूत्रपात किया है। भारत इजराइल के सहयोग से एक सुरक्षात्मक आयरन डोम बनाने की तकनीक भारत में तैयार करेगा। जिससे भारत और भी सुरक्षित एवं मजबूत होगा और भारत अपनी रक्षात्मक प्रणाली की नई तैयारी करने में सक्षम हो सकेगा। भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है। भारत ने रूस यूक्रेन युद्ध मैं शांति प्रयासों की हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई है। युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। पूर्व में भी भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो ऑपरेशन सिंदूर में भी पाकिस्तान के सैनिक ठिकानों पर ही हमला किया गया ताकि कम से कम नागरिक हताहत हों और भारत में ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान की गुहार तथा निवेदन पर तत्काल रोक दिया था फलस्वरूप कॉल स्वरूप दोनों देशों के काम से कम नागरिक जख्मी तथा मृत हुये।

प्राचीन काल में भी राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली और इसके उपरांत भारत लगातार 'अहिंसा परमो धर्म' की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ7 पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया था। यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है. और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया है भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम, लागोस, मिस्त्र, सीरिया , लाइबेरिया, युगोस्लाविया, नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थी

भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया है उन्होंने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है इस भूमिका को भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रबल पक्षधर रही है इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त संकटग्रस्त एवं युद्ध देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है संयुक्त राष्ट्र संघ बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है और भारत राष्ट्र जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्थापित किए हैं, उससे यह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर, वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।

संजीव ठाकुर

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज


**गोलाबाजार गोरखपुर** – गोला थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137(2), 131 व 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री बीते बुद्धवार को दोपहर करीब 2 बजे घर से घास काटने के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो सहेलियों से पूछताछ की गई। आरोप है कि गांव का एक युवक उसे बहला- फुसलाकर अपने साथ मोटरसाइकिल से कहीं ले गया है। परिजनों का यह भी आरोप है कि किशोरी घर से कुछ नगदी व जेवरात भी साथ ले गई है। जब युवक के घर जाकर जानकारी की गई तो परिजनों को कथित तौर पर धमकी दी गई। इसके बाद पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि नाबालिग के परिजनों की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विकासखंड बेलसर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्रों को एक्सपोजर विजिट हेतु शैक्षिक भ्रमण




**गोंडा** – विकासखंड बेलसर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्रों को एक्सपोजर विजिट हेतु शैक्षिक भ्रमण पर आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ भेजा गया।खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में, भ्रमण के दौरान ए0आर0पी0 व शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण,जैव विविधता, कृषि, मृदा के प्रकार एंव संरक्षण, सामाजिक परिवेश एवं वातावरण में रहने वाले पक्षियों, मछलियों के जीवन चक्र एवं उत्तर जीविता,वृक्षारोपण एवं संरक्षण,त्र्प्तहरू के माध्यम से दुग्धमेखला व सौर मण्डल सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई और बतौर उदाहरण भी दिखाए गए। शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में ज्ञान-विज्ञान के प्रति रूचि और जानकारी में वृद्धि होती है। पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी बच्चों में होता है। एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में ए0आर0पी0 कमलेंद्र चौबे,ए0आर0पी0 अश्वनी पांडे व सभी शिक्षक साथी प्रदीप मिश्रा,अवनीश पांडे, जितेंद्र पांडे, यशवंत पांडे, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, शिवपूजन सिंह,राधेलाल, सत्यव्रत वर्मा, पुष्कर तिवारी, अनिल मिश्रा, दीनानाथ यादव, अनूप सिंह , शान मोहम्मद, बिट्टू सिंह, विपुल मिश्रा, सुधीरसिंह, नीलम कौशल, पूजा मिश्रा , संध्या देवी, डिंपी सिंह , रीता यादव, राकेश कुमार, मनोज कुमार, सर्वेश कुमार,अमित सिंह लेखाकार आदि मौजूद रहे।

### होली व ईद त्यौहार को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं



**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी पर वृहस्पतिवार को होली व ईद का त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से अपील की गई कि सभी लोग त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। गंगा जमुनी तहजीब बना कर त्यौहार मनाएं। डीजे वालों को हिदायत दी गई कि तेज आवाज का प्रयोग ना करें ताकि जनता को कोई दिक्कत ना आने पाए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने कहा कि त्योहार में किसी भी प्रकार की अराजकता, शराब पीकर हुड़दंग या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। चौकी इंचार्ज अमित कुमार शाही ने कहा कि त्योहारों के दौरान नियमित गश्त बढ़ाई जायेगी और सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाएगी। इस मौके सुधीर त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह प्रधान,प्रिंस भारत पांडेय, अविनाश त्रिपाठी, बैजनाथ गुप्ता, शेष राम चौरसिया प्रधान, मो उमर खां, अनूप कुमार पांडेय, प्रभात जयसवाल, अताउल्लाह राईनी, सुरेश पांडेय, एजाज शाह, सभासद नृपेंद्र प्रताप सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, रवि सिंह, शाहिद सिद्दीकी,पप्पू पांडेय सुमिरन यादव प्रधान, विजय कुमार मौर्या, बबलू भाई सागर जायसवाल, इंद्र जीत सिंह, राहुल यादव अजय कुमार रणधीर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सहजनवां में किशोरी को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म के हवाले करने वाली महिला और युवक पर केस

**● सहजनवा थाना में दर्ज हुआ मुक़दमा ,महिला के कृत से आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां गोरखपुर**- सहजनवां थाना क्षेत्र के एक निहायत शांत गांव में एक ऐसी जघन्य और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जो किसी भी संवेदनशील इंसान के रोंगटे खड़े कर दे। एक नाबालिग किशोरी को एक विश्वासघाती महिला ने लंबे समय से चल रहे संबंधों का फायदा उठाते हुए बहला-फुसलाकर दूसरे गांव में एक युवक के शैतानी चंगुल में फंसा दिया। युवक ने किशोरी के साथ बर्बर तरीके से दुष्कर्म किया और जब उसकी हालत गंभीर रूप से बिगड़ गई तो निर्दयी आरोपी उसे तड़पता छोड़कर वहां से फरार हो गया। किसी तरह जान बचाकर घर लौटी पीड़िता किशोरी ने परिवार को पूरी घटना बताई तो माहौल सन्नाटे में बदल गया। घटना की जानकारी के अनुसार, सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी के घर एक महिला सविता का लगातार आना-जाना लगा रहता था। महिला ने धीरे-धीरे किशोरी पर अपना प्रभाव जमाया और उसे तरह-तरह की लालच देकर अपने जाल में फंसाया। एक दिन महिला ने किशोरी को चालाकी से बहकाकर दूसरे गांव भरोहिया ले जाने का प्लान रचा। वहां रहने वाले युवक चंद्रभान जायसवाल के पास पहुंचाकर किशोरी को उसके हवाले कर दी।

आरोपियों पर आरोप है कि युवक चंद्रभान ने किशोरी के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। किशोरी के विरोध करने पर भी उसने एक नहीं सुनी और जघन्य दुष्कर्म को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद किशोरी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसकी हालत देखकर आरोपी युवक घबरा गया और पीड़िता को वहां अकेला छोड़कर भाग खड़ा हुआ। घायल और बेहाल किशोरी ने अंधेरा होते हुए भी हिम्मत नहीं हारी। वह किसी तरह पैदल या साधन से अपने गांव पहुंचने में सफल हुई और रो-रोकर परिवार वालों को सारी घटना सुना दी। इस घटना से पीड़िता का परिवार टूट गया। बेटी के साथ हुए इस अत्याचार से पिता का खून खौल उठा। उन्होंने तुरंत सहजनवां थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष महेश चौबे को विस्तृत तहरीर दी। पिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष महेश चौबे ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चंद्रभान जायसवाल निवासी भरोहिया और सहयोगी महिला के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) तथा अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है। यह घटना ग्रामीण इलाकों में किशोरियों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान लगाती है। गांव वालों में काफी आक्रोश है। लोग सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे हैं। सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले में सक्रियता दिखाई है।

### सीसी रोड व नाली का नपं अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**सिद्धार्थनगर**- बिस्कोहर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर मोहल्ला फूलपुर राजा में बने सीसी रोड, कवर्ड नाली और नाला का गुरुवार को लोकापर्ण किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य नगरवासियों के लिए समर्पित है।नगर पंचायत में विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी। नगर में विकास कार्य अपनी प्रगति पर हैं। चेयरमैन अजय गुप्ता ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सभी कार्य कराए जा रहे हैं आगे भी कई योजनाओं को मूर्तरूप देने का कार्य है। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में सामान रूप से विकास करना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। स्वच्छ नगर स्वस्थ्य नगर बनाना है बीमारी को दूर भगाना है।वार्ड नंबर 8 फूलपुर राजा मोहल्ले में लड्डू गौतम के घर से गुड्डू अंसारी के घर तक 100 मीटर सीसी सड़क व नाली एवं मिसवा विद्यालयसे फुलपुर सरहद तक 100 मीटर नाला का निर्माण नगर पंचायत की ओर से कराया गया है। इस मौके पर सभासद शाहिद अख्तर, विद्या सागर गुप्ता, दद्दन यादव, सरजू आदि मौजूद रहें।

## संस्थापक की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि, हवन-पूजन कर किया स्मरण






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नवाबगंज ।** क्षेत्र के जंगबहादुर लाल बनवारी लाल इंटर कॉलेज में संस्थापक जंग बहादुर लाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर उनकी पत्नी शकुंतला श्रीवास्तव एवं प्रबंधक सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि जब ग्रामीण क्षेत्र में दूर-दूर तक शिक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं थी और छात्र-छात्राएं विद्यालय के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते थे, तब संस्थापक ने शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प लिया। उनके प्रयासों से स्थापित यह विद्यालय आज क्षेत्र में शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां से शिक्षित छात्र-छात्राएं देश ही नहीं, विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पूजन-अर्चन के साथ हवन का आयोजन कर संस्थापक को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, रमाकांत पांडेय, अभिषेक श्रीवास्तव, बाल स्वामी अवधेशेंद्र जी महाराज सहित समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एसआईआर के कार्य में बीएलओ द्वारा की जा रही है लापरवाही- विनय शंकर तिवारी


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर**- विधानसभा क्षेत्र चिल्लूपार के स पा अध्यक्ष अमरजीत यादव ने तहसील गोला में उपजिलाधिकारी/उप निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एसआईआर (मतदाता सूची पुनरीक्षण) प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र के कई बूथों पर कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा, जिससे एसआईआर प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और आम मतदाता परेशान हैं। अमरजीत यादव ने आरोप लगाया कि बूथ संख्या 42, 43 व 44 पर बड़ी संख्या में फर्जी हस्ताक्षर कर फार्म भरने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की, ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से पूरी हो सके। इसके अलावा ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कुछ स्थानों पर मतदाताओं के नाम काटने की साजिश के तहत सत्यापन कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा, जिससे वास्तविक मतदाताओं का नाम सूची से हटने का खतरा है। साथ ही बूथ संख्या 254 पर नामांकन/सत्यापन कार्य में लापरवाही का भी उल्लेख किया गया है। अमरजीत यादव ने प्रशासन से मांग की कि जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए एसआईआर प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए, ताकि मतदाताओं का विश्वास बना रहे। वहीं इस दौरान उपस्थित पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के माध्यम से विशेष वर्ग के मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बूथों पर बीएलओ सक्रिय रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया संदिग्ध बन चुकी है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। इस दौरान मिर्ज़ा कादिर बेग, अखिलेश यादव, सलीम शेख, राहुल यादव, बृजेश यादव, शिवशंकर यादव, नन्दलाल यादव, नरसिंह यादव, राजेश कुमार भारती, शिवम यादव, भोला नाथ यादव आदि सैकड़ों की संख्या सपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कमरतोड़ महंगाई से आम जनता त्रस्त, विश्व की चौथी नंबर की अर्थव्यवस्था वाले देश में मंहगाई बेशुमार

**● बाढ़ की तरह बढ़ती महंगाई से जहां लोग बचत नहीं कर पा रहे हैं वहीं परिवार के भरण पोषण, आवश्यक जरूरतों में कटौती : अखिलेश्वर शर्मा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर**- कमरतोड़ महंगाई से आम जनता त्रस्त हो चुकी विशेषकर गरीब, मजदूर किसान, श्रमिक वर्ग और मध्यम वर्ग, बेहाल है। खाद्य पदार्थ, घरेलू ईंधन,दवा, और दैनिक जीवन में प्रयोग करने वाली वस्तुओं के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। इससे स्वास्थ्य,तथा जीवन स्तर में गिरावट के साथ साथ, बचत में कमी और आर्थिक एवं मानसिक तनाव काफी बढ़ गया है, जिससे रोजमर्रा के वस्तुओं के मूल्यों में गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

**महंगाई के मुख्य कारण और प्रभाव**

मूलभूत वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि तथा उसके दर तथा वजन मे गिरावट आलू-प्याज, तेल-घी, दूध,दवा,दाल,फल, पशुओं के आहार हरी सब्जियां यहां तक कि नमक के दाम और चावल दाल,मसाले में मिलावट कर बिक्री किया जारहा है और वजन कम और दामो मे लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं।

**दवा और शिक्षा महंगी**

खाने के साथ-साथ शिक्षा, चिकित्सा (डॉक्टर फीस) और दवा तथा बच्चों की पढ़ाई (किताबें/स्कूल फीस) महंगी हो गई है प्राईवेट स्कूलों पर सरकारी नियंत्रण न होने से प्रतिवर्ष फीस कांपी किताबों ड्रेस के दाम बढ़ रहे हैं तथा प्राईवेट स्कूलों के प्रबंधक किताबों को हर वर्ष प्रकाशन बदल दे रहे हैं जिससे अभिभावकों का नये सत्र में कमर टूट जारही है गरीब, असहाय, श्रमिक मजदूर और आम आदमी की जेब पर सीधा डाका पढ़ रहा है। महंगाई के कारण लोगों की वास्तविक आमदनी कम हो गई है और खरीदारी करने की क्षमता घट गई है। मांग-आपूर्ति और उत्पादन के लागत में वृद्धि ने भी महंगाई को बढ़ावा मील रहि है।

**आम जनता पर मार**

महंगाई के कारण लोग बचत नहीं कर पा रहे हैं और परिवार के भरण-पोषण के लिए उन्हें अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है। यह स्थिति आर्थिक तनाव और भविष्य के प्रति चिंता को बढ़ा रही है।

**जी एस टी मे कमी का कोई मतलब नहीं**

सरकार ने दो माह पहले जी एस टी का कुछ देर घटाकर जी एस टी महोत्सव मना रही थी जो इस महंगाई में सफेद हाथी साबित हो रही है न तो दवावों के दामों में कभी हुआ नहीं रोजमर्रा में प्रयुक्त होने वाले खाद्य सामग्रियों में कभी हुआ महंगाई सुरसा की भांति मुंह बाए आम जनता को निगलने हेतु खड़ी है शासन रोजमर्रा में उपयोग आने वाली खाद्य सामग्रियों की क्वालिटी तथा क्वान्टिटी एवं मूल्यों के नियंत्रण पर अंकुश नही लगाया तो आम जनता का जीवन बद से बद्तर हो जायेगा जिसका असर आने वाले चुनावों में स्पष्ट देखने को मिल सकता है।

## शिक्षकों का प्रदर्शन: RTE से पहले नियुक्त शिक्षकों को TET से छूट की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुल्तानपुर** - गुरुवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। संगठन ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, 27 जुलाई, 2011 से लागू किया गया था। इस अधिनियम के अनुसार, इसके प्रभावी होने की तिथि से या उसके बाद नियुक्त होने वाले शिक्षकों के लिए TET उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। हालांकि, अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को TET की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया था। परंतु, माननीय सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर, 2025 के निर्णय के बाद देश के सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने या पदोन्नति के लिए TET उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। शिक्षकों का मानना है कि यह पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ अन्याय है। इसी के विरोध में देश भर के शिक्षक टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आंदोलन कर रहे हैं। वे भारत सरकार से अपील कर रहे हैं कि इस संबंध में अध्यादेश लाकर RTE से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को TET से छूट प्रदान की जाए। जनपद सुल्तानपुर के सभी शिक्षकों ने 6 फरवरी, 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। इस धरने के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसे प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। शिक्षकों ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का संज्ञान लेते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को TET से छूट प्रदान करने हेतु अध्यादेश लाकर संसद द्वारा कानून पारित कराने का अनुरोध किया है।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संघों ने किया धरना/ प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने गुरुवार को टेट अनिवार्यता के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके जिला अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करके प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह को दिया। उन्होंने ज्ञापन को उचित माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। टीएफआई के उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि सभी शिक्षक संघो ने एक मंच पर आकर टेट अनिवार्यता के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए है आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इस अव्यवहारिक निर्णय के कारण शिक्षक को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। टेट कभी भी, किसी भी सूरत में स्वीकार नही है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि इस प्रकार के नियम लागू करके शिक्षकों को निकालने की साजिश है और बेसिक शिक्षा विभाग को प्राइवेटाइजेशन की तरफ बढ़ता हुआ कदम है, जिसे शिक्षक समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा, और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि इस निर्णय के कारण शिक्षकों के मान सम्मान को ठेस पहुंची है। जब कई नौकरियों के लिए अनुभव को आधार बनाया गया है तो इतने अनुभवी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता पूर्णतः अव्यवहारिक है, जो स्वीकार नही है। केंद्र सरकार की चुप्पी के कारण शिक्षक सड़क पर उतरने को मजबूर हुआ है। पूर्व माध्यमिक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि इससे पहले 22 फरवरी को टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने एक बड़ा ट्विटर अभियान चलाया था। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने अपनी मांगों को सोशल मीडिया के जरिए सरकार तक पहुंचाया था। लेकिन सरकार चुप है, इससे शिक्षक असमंजस की स्थिति में है। कार्यक्रम को विनय कुमार शुक्ला, संजय कन्नौजिया, बृजकिशोर तिवारी, आरिफ उस्मानी, करुणेश मौर्य अनीता आदि में भी संबोधित किया तथा कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री योगेंद्र पांडेय ने किया। इस दौरान लालजी यादव, अरुण सिंह, सुधाकर मिश्रा, इंद्रसेन सिंह, नगमा बानो, नाज परवीन तसनीम जहां, कामिनी गुप्ता, रुचि त्यागी, जया शुक्ला शशिकांत, अनीता यादव, मस्तराम चौधरी, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, सावित्री चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## बनकटवा थारू का प्राथमिक विद्यालय भगवान भरोसे

**●एक शिक्षा मित्र के सहारे चल रही पूरी पाठशाला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बलरामपुर।** जनपद के शिक्षा क्षेत्र पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम बनकटवा थारू स्थित प्राथमिक विद्यालय की बदहाल शैक्षणिक व्यवस्था ने सरकारी शिक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विद्यालय में प्रधानाध्यापक समेत चार स्टाफ की तैनाती होने के बावजूद पढ़ाई पूरी तरह एक शिक्षा मित्र के सहारे संचालित होने का मामला सामने आया है। नियमित शिक्षकों की कथित अनुपस्थिति से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार प्रधानाध्यापक प्रशान्त त्रिपाठी तथा सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाल सिंह माह में एकाध दिन ही विद्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में कक्षा संचालन से लेकर मिड-डे मील, अभिलेख संधारण, छात्र उपस्थिति, कॉपी जांच और अन्य प्रशासनिक कार्यों तक की पूरी जिम्मेदारी एक शिक्षा मित्र पर आ जाती है।

**शिक्षा की गुणवत्ता पर गहराता संकट**

अभिभावकों का कहना है कि नियमित शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते, जिससे बच्चों की पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कॉपियों की नियमित जांच नहीं हो पा रही। पाठ्यक्रम समय पर पूरा नहीं हो रहा। बुनियादी विषयों–हिंदी, गणित और अंग्रेजी–की नींव कमजोर हो रही है। ग्रामीणों ने इसे बच्चों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ करार दिया है। उनका कहना है कि जब सरकार शिक्षकों को नियमित वेतन दे रही है तो विद्यालय में उनकी अनुपस्थिति गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आती है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग**

मामले को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से विद्यालय का औचक निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जब इस संबंध में खंड शिक्षाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**थारू क्षेत्र के विकास के दावे और जमीनी हकीकत**

गौरतलब है कि शिक्षा क्षेत्र पचपेड़वा सहित पूरे जनपद में शिक्षा सुधार को लेकर कई योजनाएं संचालित हैं। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भी थारू क्षेत्र के विकास, बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर लगातार प्रयासरत होने का दावा करती रही है। लेकिन बनकटवा थारू का यह प्राथमिक विद्यालय उन दावों की जमीनी सच्चाई पर सवाल खड़ा कर रहा है। अब देखना यह होगा कि विभागीय जांच के बाद क्या ठोस कार्रवाई होती है और क्या बनकटवा थारू के नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाती है या नहीं। फिलहाल गांव के बच्चों का भविष्य प्रशासनिक कार्रवाई पर टिका हुआ है।

## गोरखपुर में 'डिजिटल अरेस्ट' का जाल: रिटायर्ड आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी से 1.57 करोड़ की साइबर ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोरखपुर में साइबर ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' और मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे आरोपों का भय दिखाकर एक सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी से 1,57,99,952.80 रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता डॉ. मंजुला श्रीवास्तव (पत्नी स्व. शैलेष कुमार श्रीवास्तव), निवासी सी-178/78, 5 कैनाल रोड, थाना कैंट, ने बताया कि 13 फरवरी 2026 को व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को एटीएस/एनआईए/ईडी का अधिकारी बताया। कॉलर ने केनरा बैंक खाते में 50 लाख रुपये के कथित लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाते हुए 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी दी।

**'निगरानी' का डर, परिवार से बात तक पर रोक**

ठगों ने पीड़िता को लगातार निगरानी में रखने, किसी से बात न करने और घर से बाहर न निकलने का दबाव बनाया। कहा गया कि सारा पैसा 'लीगलाइजेशन' के लिए ट्रांसफर कराया जा रहा है और जांच पूरी होने पर वापस कर दिया जाएगा। तकनीकी रूप से दक्ष न होने की बात स्वीकारते हुए पीड़िता ने बताया कि इसी कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें मानसिक दबाव में रखा गया।

**एफडी तुड़वाकर करोड़ों की RTGS**

13 से 21 फरवरी के बीच ठगों ने पीड़िता की सभी एफडी तुड़वाकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करा ली। 18 फरवरी को यूनियन बैंक खाते से 30 लाख रुपये आईसीआईसीआई बैंक खाते में RTGS। 20 फरवरी को 80 लाख रुपये

**आईसीआईसीआई बैंक खाते में RTGS**

21 फरवरी को एसबीआई खाते से 47,99,952.80 रुपये आईसीआईसीआई बैंक खाते में ऋऋऌत्र।

कुल मिलाकर 1.57 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़प ली गई।

**फर्जी रसीदें और 'पुणे से कॉल' का दावा**

ठगों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी रसीदें भेजीं, जिन पर एक जैसा नंबर दर्ज था। कॉलर खुद को पुणे से बात करने वाला बताता रहा और 24 फरवरी तक पैसा लौटाने का भरोसा देता रहा, लेकिन बाद में संपर्क पूरी तरह टूट गया।

**कई नंबरों से कॉल, बैंक कर्मी पर शक**

पीड़िता के मुताबिक अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल आते रहे। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी बड़ी रकम के ट्रांसफर में किसी बैंक कर्मी की मिलीभगत भी हो सकती है।

**मुकदमा दर्ज, जांच शुरू**

साइबर थाना गोरखपुर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले की जांच निरीक्षक कपिल देव चौधरी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि ट्रांजेक्शन ट्रेल, कॉल डिटेल्स और संबंधित खातों की पड़ताल कर रकम रिकवर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती–ऐसी धमकियों से सावधान रहना ही सबसे बड़ी सुरक्षा।


## संक्षिप्त खबरें

### आजाद भारत में गुलामी प्रथा नहीं चलेगी, महिला शिक्षक संघ बरेली




**बरेली।** वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता संबंधी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले तथा राइट टू एजुकेशन अधिनियम, 2009 की धारा 23 में 2017 के संशोधन द्वारा थोपी गई व्यवस्था के विरुद्ध कड़ी आपत्ति जताई गई। यह फैसला आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य करने के विरुद्ध है, जो संवैधानिक सिद्धांतों एवं पूर्वव्यापी प्रभाव के सामान्य नियमों के प्रतिकूल है। कोई भी कानून और नियम परिवर्तन सामान्यत भविष्य की तिथियों से लागू नहीं किए जाते हैं। इससे उत्तर प्रदेश में लगभग दो लाख तथा देशभर में बीस लाख से अधिक शिक्षकों का भविष्य दांव पर है। निरंतर मानसिक दबाव से उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है तथा समाज में नकारात्मक भावना व्याप्त हो रही है इस दौरान। जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमारी यादव, महामंत्री राखी सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगीता मित्तल, कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल, मीडिया प्रभारी दीपाली सक्सेना, मोना सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रा देवलिया, रचना सिंह, आरती सक्सेना नेहा गुप्ता, संतोष मिश्रा, सुमन माथुर, सूचि गुप्ता, आयुष बंसल, सीमा कपूर, एकता सक्सेना, सिंधु मेहरा, गायत्री यादव, रेनू गुप्ता, ज्योति गुप्ता, लक्ष्मी, अर्चना प्रियंका आदि सैकड़ों महिला शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### कस्ता विधायक ने 'तारा पशु आहार' केंद्र का किया भव्य उद्घाटन




**नीमगांव खीरी** विकास खण्ड मितौली के अंतर्गत पिपरझला मार्ग पर 'तारा पशु आहार' केंद्र का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास और पशुपालकों की सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा विधायक सौरभ सिंह सोनू को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शमशाद अली, अल्पसंख्यक जिला मंत्री अब्दुल हमीद,भाजपा नेता कमलेश चौधरी,प्रधान प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह,पत्रकार रमेश शुक्ला, सियाराम गौतम और डॉक्टर आदेश कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस नई शुरुआत की सराहना की और इसे क्षेत्र के किसानों के लिए हितकारी बताया।

### दानपुर में ई ,- रिक्शा के नीचे दब कर 8 वर्षीय बालक की मौत




मितौली खीरी दानपुर गाँव में ई रिक्शा के नीचे दब कर 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पूरा मामला लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दानपुर डलुआपुर का है जहां दिनांक 25 फरवरी दिन बुधवार की सायं करीब 8 बजे ई रिक्शा पलटने से एक 8 वर्षीय बालक की दब कर मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार डलुआपुर निवासी सियाराम अपने ई रिक्शा से गेहूं पिसवाने मुड़िया जा रहे थे। रास्ते में रिक्शा रोक कर एक दुकान से पान मसाला खरीदने लगे। इतने दानपुर निवासी बहादुर कश्यप का पुत्र कार्तिक उस पर बैठ गया और एक्सीलेटर खींच दिया जिससे रिक्शा तेज गति से भाग कर असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया जिसके नीचे कार्तिक दब गया। मौके पर लोगों ने दौड़कर रिक्शा सीधा किया और कार्तिक को एक निजी चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सक ने कार्तिक का परिक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके शव परिजनों को सौंप दिया है। उक्त हादसे से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## लक्ष्मी जी मेहरबान तो क्या करे चौकी प्रभारी कुकुरा

● धोखाधड़ी और जालसाजी कर जमीनें हड़पने वाले संगठित गैंग की ताल पर थिरकते नजर आ रहे चौकी प्रभारी कुकुरा

अपराधियों से सांठगांठ के चलते क्षेत्र में व्यापक स्तर पर फल फूल रहा मादक पदार्थों, कच्ची शराब का काला कारोबार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भले ही उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया सख्त फरमान जारी कर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी के आदेश जारी कर रहे हों और भू माफ़िया लोगों पर कठोर कार्रवाई की बाते कर रहे हों लकिन जनपद खीरी के थाना मैलानी की चौकी कुकुरा पर तैनात चौकी प्रभारी के लिए शायद यह आदेश कोई मायने ही न रखते हों। चौकी प्रभारी द्वारा मुख्य मंत्री पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों के निस्तारण में नजराना लेकर भ्रामक आख्या लगाने के लिए जाने जाते हैं साहिब के लिए नियम- कानून से पहले आरोपियों का ध्यान रखना प्राथमिकता का सबाल बना है ऐसे आरोप कई शिकायत कर्ता गणों द्वारा लगाये जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में प्रकाश में आया है जिसमें भी सहाब ने धोखाधडी के नामजद आरोपियों से मनमानी सुविधा शुल्क बसूल कर आरोपियों को अभयदान देने की नीयत से फर्जी आधारहीन भ्रामक जांच रिपोर्ट लगा दिए। जाने के आरोप लगाये गये हैं जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि तहसील दार के यहां से अनुतोष प्राप्त करे अवैध कब्जा नहीं है जीवित व्यक्ति को मृतक दिखाना, फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करना, फर्जी परिवार रजिस्टर तैयार करना, तहसीलदार न्यायालय में झूठी गवाही देना झूठा बयान देना प्रथम दृष्टया अपराध नहीं है? शायद चौकी प्रभारी कुकुरा का अपना कोई अलग संविधान हो

जिसमें यह अपराध नहीं हो। जबकि शिकायत कर्ता के प्रतिनिधि द्वारा कोर्ट में दिए गए झूठे बयान पिंकी देवी के और जगन्नाथ तथा दर्शन की प्रमाणित प्रति दी गई थी इसके साथ- साथ फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र की छाया प्रति और बांके गंज के खंड बिकास अधिकारी द्वारा दिए गए सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जानकारी की छाया प्रति के साथ साथ पिंकी देवी के पिता और भाई की वोटर लिस्ट की छाया प्रति सहित परिवार रजिस्टर नकल की छाया प्रति बतौर साक्ष्य दी गई थी। इसके बाद भी फर्जी जांच रिपोर्ट लगाया जाना चौकी प्रभारी की खाउ कमाऊ नीति की पोल खोलने को काफी है यह पहली घटना नहीं है इससे पहले पत्रकार विजय मौर्या द्वारा खेल मैदान की खबर चलाने पर भू माफिया के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी साहिब ने मामले की जांच किए बगैर ही विपक्षी से 2000 रुपये लेकर मामले में फर्जी मनमानी रिपोर्ट लगा कर शासन प्रशासन को गुमराह कर दिया गया। तीसरा मामला भी जटपुरा का है जहां पर खेल मैदान पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे शाहिल उर्फ़ शाहिद हुसैन पुत्र सौकत अली पर तहसीलदार के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जिसमें गिरफ्तारी होने के बावजूद साहब ने धन बल की दम पर गिरफ्तारी नहीं की गई और चौकी से छोड़ दिया गया ऐसी जानकारी विश्वस्त सूत्रों द्वारा मिली है। शायद चौकी प्रभारी साहिब के सामने न्यायालय और कानून कोई मायने ही न रखते हों। यह इनके कारनामों की महज बानगी भर है। कई अन्य मामले भी आयेंगे सामने। सूत्रों के बताए अनुसार चौकी क्षेत्र में बड़े स्तर पर कच्ची शराब का काला कारोबार फल फूल रहा है साहब को ही नहीं बड़े साहिब से लेकर और ऊपर तक जाने की बात सामने आई है। पीड़ित हरिराम ने मामले को लिखित शिकायत साक्ष्यों समेत पुलिस अधीक्षक खीरी सहित डी जी.पी उत्तर प्रदेश आई जी .जोन लखनऊ से कर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाने वाले उप निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने तथा फर्जी प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र और परिवार रजिस्टर बनानेवाले लोगों और फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल प्रधान रामकिशुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की माँग की है।

## पलिया में तहसील प्रशासन को ठेंगा दिखा रहा भू-माफिया

आज फिर शुरू किया निर्माण, आखिर भूमाफिया के विरुद्ध एफआईआर क्यों नहीं दर्ज करा रहे जिम्मेदार



**लखीमपुर खीरी** दुधवा रोड पर स्थगन आदेश के बावजूद बार-बार नगर पालिका की करोड़ों की भूमि पर स्कूल संचालक, शुरू करा देता है अवैध निर्माण कार्य इस बेखौफ कथित भू माफिया पर आखिर रिपोर्ट क्यों दर्ज नहीं करायी जा रही हैं। सूत्र बताते हैं कि एसडीएम डॉ0 अवनीश कुमार द्वारा तीन बार रुकवाया जा चुका है अवैध निर्माण, इसके बावजूद तहसील प्रशासन से नहीं डर रहा स्कूल संचालक और बार बार निर्माण शुरू कराकर अवैध कब्जा करने को प्रयासरत दिखाई पड रहा है। वही लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन की मिली भगत नहीं है तो कैसे शुरू हो जाता है बार-बार निर्माण, प्रशासन भू माफिया के विरुद्ध क्यों नहीं कर रहा है एफआईआर?

## ज्ञान विज्ञान कोचिंग संस्थान की छात्रा अनन्या शिक्षा जागरूकता में प्रथम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** बरेली मंडल के राजीव नगर, नवादा शेखान, गुलाब बाड़ी रोड पर भूमसेन मंदिर के पास संचालित ज्ञान विज्ञान कोचिंग संस्थान पर अध्यनरत होनहार छात्रा अनन्या ने शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत हासिल किया प्रथम स्थान। आपको बताते चलें कोचिंग संस्थान ने जनवरी के महीने में सोशल मीडिया के माध्यम से एक शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया था। जिसमें खास तौर पर 6 से 14 साल के बच्चों को बाल श्रम से दूर रखना और उनकी देश के निर्माण में भावना के साथ शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना मुख्य उद्देश्य था। जहां आज के समय बच्चे शिक्षा को छोड़कर, अन्य बहुत सी चीजों में लिप्त होते जा रहे हैं। जैसे कि सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम, नशीले पदार्थों का फैशन के तौर पर सेवन करना। आज की युवा पीढ़ी सभ्यता और संस्कृति से हटती जा रही है।

वही इस संस्थान का उद्देश्य युवाओं को अपने इतिहास, अपनी सभ्यता और संस्कृति को जानने के साथ-साथ छात्रों का किताबों के प्रति लगाव जोड़ना रहा है। संस्थान का मानना है कि किसी भी देश की शक्ति उसके युवाओं में होती है। देश भविष्य में कैसा होगा इसकी जिम्मेदारी हमारे आज के युवाओं पर निर्भर करती है। शिक्षा जागरूकता अभियान में संस्थान के कई छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें अनन्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। संस्थान के संचालक ने उसके नेक और सामाजिक कार्य के लिए छात्रा को बधाई और शुभकामनाएं दी। संस्थान शिक्षा के साथ-साथ कई समाज सुधारक कार्यों से अपनी काफी पहचान बना चुका है।

## दर्शन व राष्ट्रीय चेतना के कवि आचार्य 'प्रगल्भ' जी की मनाई गई जयंती

● राजस्थान के ओजस्वी कवि विवेक कुशवाह को मिला शब्दावली गौरवश्री सम्मान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**शब्दावली दर्पण न्यूज़ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कवि पंचायत मंच के बैनर तले प्रोफेसर अशोक चक्रधर के पिता दार्शनिक एवं जन चेतना के कवि आचार्य राधेश्याम 'प्रगल्भ' की जयंती के अवसर पर बरोला सेक्टर 49 नोएडा के साहित्य सदन स्थित काव्य भवन सभागार में 'साहित्य पथ पर काव्य रथ' के नाम से एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीआर के साथ-साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग दो दर्जन कवियों ने अपना शानदार काव्य पाठ कर श्रोताओं से खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार समिति के सदस्य बाबा कानपुरी ने की जबकि अति महत्वपूर्ण विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य राधेश्याम 'प्रगल्भ' के दामाद कवि आनंद क्रांतिवर्धन उपस्थित रहे। मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार जे.पी.रावत, कृष्णा शर्मा दामिनी, किशोर श्रीवास्तव, सविंद्र कुमार की गरमामयी उपस्थिति रही।

पूरे कार्यक्रम का संयोजन फेडरेशन की उपाध्यक्ष किरन सिंह ने किया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन फेडरेशन के चेयरपर्सन व जनवादी क्रांतिकारी कवि पंडित साहित्य चंचल साधक ने किया। कार्यक्रम में माला स्मृति होम अनाथ आश्रम से आए 6 से 12 वर्ष तक के कुछ विलक्षण प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा दी गई अद्भुत प्रस्तुति से सभी हैरान थे, क्योंकि छोटे-छोटे बच्चों की यह प्रस्तुति अद्वितीय रही। फिर बच्चों के अभिभावक के रूप में बच्चों का लालन पोषण कर रहे डॉक्टर देवव्रत शेखर विश्वास को भी इस मौके पर सम्मानित किया गया। फेडरेशन एवं शब्दावली दर्पण न्यूज़ की राष्ट्रीय कवि पंचायत मंच की ओर से आचार्य जयंती पर देश की ओजस्वी वाणी जन चेतना के युवा कवि विवेक कुशवाहा को प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र, शॉल, चादर व माला भेंट कर उनके उत्कृष्ट लेखन हेतु 'शब्दावली गौरवश्री सम्मान' से विधिवत् सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में आचार्य राधेश्याम प्रगल्भ जी के जीवन एवं उनकी साहित्यिक गतिविधियों पर विद्वानों द्वारा संस्मरण एवं उनकी कविताओं के वाचन के माध्यम से सार्थक चर्चा की गई। वहीं दूसरे चरण में रचनाकारों ने सभी विधाओं पर उच्च कोटि का काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अर्चना सिंह की सरस्वती वंदना से हुई, उसके बाद आनंद क्रांतिवर्धन, डॉ0 अटल मुरादाबादी, पंडित प्रेम बरेलवी, कबीर हालाती, पंकज राघव, फेडरेशन की उपाध्यक्ष किरन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार व कवि विनोद शर्मा, विवेक कुशवाह, गोल्डी गज़ब, दीपिका वल्दिया, सविता सिंह शमा, संगीता वर्मा, डॉ.पारुल राज, सिंपल भावना, निवेदिता कुमार, कृष्ण कुमार, उपसचिव सतीश दीक्षित, स्वाति स्वर्णकार व वीरेंद्र सिंह कौशल ने अपनी अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव विभोर कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर जन कल्याण मंच के अध्यक्ष अमर परिहार, महासचिव ब्रह्मपाल सिंह, अखिल भारतीय नवयुवक समिति के अध्यक्ष संजय चौध री आदि आदि सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली और रमजान - थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी-** आगामी त्योहारों के मद्देनजर आज स्थानीय थाने में थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में 'पीस कमेटी' की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और प्रबुद्ध जनों ने शिरकत की। गुरुवार को थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पवित्र त्योहार हैं। उन्होंने अपील की कि सभी क्षेत्रवासी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन त्योहारों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाए। किसी पर जबरन रंग न लगाएं भावनाओं का सम्मान करते हुए रंग खेले। रंग की बधाई देते हुए ये भी बताया कि कोई भी व्यक्त शराब पीकर वाहन चलाते हुए कानून के नियमो का उलंघन करते हुए पाया गया तो उन हुड़दंगियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान दीवान से दरोगा बने समीम अहमद को नगर पंचायत अध्यक्ष मो.कयूम और सभासद रामनरेश गुप्ता ने सम्मानित भी किया। बैठक में ग्राम नगर पंचायत अध्यक्ष मो.कयूम, सभासद, ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्भ्रान्त जन उपस्थित रहे।ह्य

## खुले आसमान के नीचे जिंदगी, इंसाफ की राह देखती खैरानी की बुजुर्ग महिला



**यूपी के लखीमपुर खीरी,** निघासन तहसील के खैरानी गांव की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला का दर्द दिल को झकझोर देने वाला है। पति के स्वर्गवास के बाद जिस इंदिरा आवास और छप्पर की झोपड़ी को उन्होंने अपना सहारा बनाया था, उसी पर दबंगों ने कब्जा कर लिया और झोपड़ी तक तोड़ दी। संतान न होने के कारण वह पूरी तरह अकेली हैं। आशियाना छिन जाने के बाद यह बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। वह बताती हैं कि पिछले कई वर्षों से निघासन तहसील से लेकर जिला प्रशासन तक दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला। उम्र के इस अंतिम पड़ाव पर उनकी बस एक ही गुहार है उन्हें उनका घर और सम्मान वापस दिया जाय।

## सीएचसी फूलबेहड़ में मरीजों का शोषण होने के आरोप


● दलालों के चंगुल में फंसने को विवश है मरीज




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फूलबेहड़ खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ पूर्णतया भ्रष्टाचार का शिकार हो चुका है। समाचारों के अनुसार यहां मरीज का जमकर उगाही कर शोषण किया जाता है। यहां पर पर्चा बनवाने के नाम पर बीमारों को लंबी लाइन लगानी पड़ती है जो बीमार अमीर होते हैं बिना लाइन के ही ?1 का पर्चा ?10 में बनवा लेता है लेकिन जिसके पास ?1 टूटा नहीं है तो उसे वहां से यह कहा जाता है कि लाइन से बाहर जाओ तब छुट्टा कराके लाओ नहीं तो छुट्टा न होने को कहकर ?10 या 5 रु रखकर पर्चा बनाकर दे दिया जाता है।फिर मरीज सीधे डॉक्टर साहब के चेंबर में जाता है वहां पर डॉ0 की जगह अन्य लोग बैठे रहते हैं वह राय देते हैं कि हम आपको डॉक्टर से दिखवा देंगे उसके लिए कुछ खर्चा करना पड़ेगा, मरीज लाचार होकर के दलाल के माध्यम से डॉक्टर को दिखाता है। डॉक्टर साहब मरीज से कहते हैं कि आप अपने खून एवं पेशाब की जांच करायें जब वह पैथोलॉजी में जाता है तो वहां पर भी जांच के नाम पर मरीज का जमकर शोषण किया जाता है अर्थात् यथा संभव उगाही की जाती है।जब जांच रिपोर्ट लेकर के डॉक्टर साहब के पास जाता है तो डॉक्टर साहब सरकारी दवाएं लिखते हैं तब मरीज दवा प्राप्त करने के लिए खिड़की पर जाता है वहां पर जब उसका नंबर आता है तब उसे बताया जाता है कि डॉक्टर साहब की लिखी हुई दवा समाप्त हो गई है इसलिए आपको बाहर से लेनी होगी तब वह विवश हो कर सरकारी दवा प्राप्त करने के लिए फार्मासिस्ट के दलाल से संपर्क करता है तब जाकर उसे थोड़ी बहुत सरकारी दवा मिल पाती है। अगर कोई इसकी शिकायत करना भी चाहता है तो यहां के बड़े अधिकारी किसी का फोन नहीं उठाते हैं यह अस्पताल गरीबों के शोषण करने में लगा हुआ है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज अपना शोषण करवाने को मजबूर है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी शायद ही किसी का फोन उठाते हों। यहां पर कुत्ते का इंजेक्शन लगाने के नाम पर मनमानी पैसे लिए जाते हैं जो पैसा नहीं देता है तो उससे कहा जाता है कि अस्पताल में कुत्ते का इंजेक्शन खत्म हो गया है आने पर लगेगा।

## बलरामपुर में वरिष्ठ नागरिकों को मिले 935 सहायक उपकरण:सीएसआर कार्यक्रम के तहत बलरामपुर में नि:शुल्क वितरण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह आयोजित किया गया। जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के निगमित सामाजिक दायित्व (ष्ट्स्क्र) कार्यक्रम के तहत 26 फरवरी 2026 को विकास खंड परिसर में यह आयोजन हुआ। इसमें कुल 163 वरिष्ठ नागरिकों को 935 सहायक उपकरण वितरित किए गए।इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। वितरित किए गए उपकरणों की कुल लागत लगभग 18 लाख रुपये थी। ये उपकरण पूर्व-चिन्हित लाभार्थियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप प्रदान किए गए। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि यह कदम उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त बनाएगा।जिला प्रशासन ने भी इस सामाजिक पहल की प्रशंसा की। प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इस अवसर पर विपणन अधिकारी नीरज यादव, श्रवण विशेषज्ञ हरिशंकर, कृत्रिम अंग विशेषज्ञ बृजेश शुक्ला, विपणन सहायक नीरज सिंह और अंकित सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में 'भारत-नेपाल संबंधों का हिंदी भाषा और साहित्य पर प्रभाव' विषयक द्विवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में हिंदुस्तानी अकादमी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के सहयोग से 'भारत-नेपाल संबंधों का हिंदी भाषा और साहित्य पर प्रभाव' विषय पर आयोजित द्विवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का संपन्न हुआ। संगोष्ठी ने भारत और नेपाल के सांस्कृतिक, भाषाई एवं साहित्यिक संबंधों की ऐतिहासिक गहराई और समकालीन प्रासंगिकता को व्यापक रूप से रेखांकित किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के हिंदी विभाग के पूर्वाचार्य एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रो. मुन्ना तिवारी ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत-नेपाल संबंधों पर इस प्रकार का आयोजन अत्यंत मूल्यवान और समयोचित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का जनजीवन साझा मानवीय मूल्यों पर आधारित है—परिवार जीवन, समाज जीवन, लोक जीवन और लोक चेतना दोनों राष्ट्रों को उन्नति और परस्पर संबंधों के विकास का सशक्त माध्यम प्रदान करते हैं। सीमाएँ भले ही राजनीतिक रूप से अलग करती हों, किंतु चेतना, जीवन-मूल्य और जीवन-पद्धति दोनों देशों में समान है।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के संयुक्त सचिव डॉ. विनोद कुमार द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान राम और माता सीता भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने महात्मा गौतम बुद्ध के जन्म और उनके करुणा एवं शांति-आधारित दर्शन को दोनों देशों के संबंधों का सशक्त सेतु बताया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन प्रो. हरीश कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रो. सत्येंद्र दुबे ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जय सिंह यादव तथा आख्या प्रस्तुतीकरण डॉ. रेनू त्रिपाठी ने किया।दूसरे दिन पूर्वाह्न में तृतीय एवं चतुर्थ तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता श्यामलाल महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. सत्यप्रिय पांडेय ने की। उन्होंने दोनों देशों के रचनाकारों द्वारा किए गए साहित्यिक प्रयासों का उल्लेख करते हुए भारत-नेपाल संबंधों की मजबूती पर प्रकाश डाला। इसी सत्र में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव ने दोनों देशों की लोककथाओं के माध्यम से सांस्कृतिक निकटता को व्याख्यायित किया।

चतुर्थ तकनीकी सत्र में जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) के प्रो. सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने गोरखनाथ से लेकर विविध साहित्यिक और सांस्कृतिक कड़ियों का उल्लेख करते हुए दोनों देशों की साझा विरासत पर प्रकाश डाला। इसी सत्र में दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज गोरखपुर के प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव तथा दो गोपेश्वर दत्त पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सत्येंद्र कुमार दुबे के निर्देशन में सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कालजयी रचना 'राम की शक्ति पूजा' का मंचन किया गया। सांस्कृतिक संध्या को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि संगोष्ठियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की परंपरा रही है, किंतु इस प्रकार विषयानुकूल प्रस्तुति अनुकरणीय एवं अद्भुत है। 'राम की शक्ति पूजा' का मंचन भारत-नेपाल संबंधों की सांस्कृतिक एकात्मता को जीवंत करता है—माता सीता का संबंध जनकपुर (नेपाल) से और भगवान राम का अयोध्या (भारत) से है। इस दृष्टि से यह मंचन संगोष्ठी के विषय की सार्थक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक अनुक्रमण की उत्कृष्ट मिसाल है। इस अवसर पर डॉ. विशाल कुमार गुप्ता, डॉ. हृदयकांत पांडे, डॉ. रविकांत शुक्ला, डॉ. आभा द्विवेदी, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. अमित साहनी, डॉ. हरेंद्र शर्मा सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### आरपीसी फर्नीचर हाउस का पूर्व सांसद अरविन्द चौधरी ने किया उद्घाटन

**बड़े बन बासी रोड पर स्थित आरपीसी फर्नीचर हाउस पर एक बार सेवा दे- राजेंद्र प्रसाद चौधरी**

**बस्ती।** बस्ती बसपा पूर्व सांसद अरविंद चौधरी ने आरपीसी फर्नीचर हाउस का उद्घाटन किया और आरपीसी फर्नीचर हाउस के प्रोवाइडर राजेंद्र प्रसाद चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कि ऐसे ही बस्ती में फर्नीचर के दुकानों की आवश्यकता थी जिससे शहर व ग्रामीण क्षेत्रों को सस्ती और मजबूती लकड़ियों की सामग्री आसानी से मिल सकेगी वह लकड़ी की सामग्री सालों साल चलती रहेगी। आपको बता दें कि बस्ती जिले में पहली एक ऐसी आरपीसी फर्नीचर हाउस की दुकान बड़ेवन बांसी रोड बस्ती पर स्थित है जहां पर 100 प्रतिशत अफ्रीकन सागवान की लकड़ियों से निर्मित फर्नीचर जैसे - बेड सोफा , डाइनिंग टेबल ,अलमारी आदि समानों को सस्ते मूल्य पर दिया जा रहा है। आरपीसी फर्नीचर हाउस पर डिलीवरी की सुविधा प्रदान करता है। आरपीसी फर्नीचर हाउस ग्राहकों के लिए रामबाण साबित होगा। आरपीसी फर्नीचर हाउस प्रोवाइडर राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य बस्ती जिले में शुद्ध पकी सागवान के लकड़ी के सामानों की बिक्री करना है और सस्ते मूल्य पर मजबूत लकड़ी के सामानों को उपलब्ध कराना है। जो ग्राहक एक बार आरपीसी फर्नीचर हाउस की दुकान से एक बार कोई लकड़ी के समान की खरीदारी करता है तो उसे स्वयं पता लग जाएगा कि किस तरह के लकड़ियों से समानों को निर्मित किया गया है । प्रोवाइडर राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने एक बार सभी शहर व ग्रामीण के क्षेत्रवासियों से सेवा देने की अपील किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता अभियान की पाठशाला का आयोजन



**गोपीगंज।** दिनांक 26/02/2026 को स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सीमान्तरगत स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्य स्कूल एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में नगर पालिका के स्वच्छता टीम के द्वारा छात्र छात्राओं को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया जिसमें नगर से निकलने वाले कूड़े के उचित प्रबंधन के विषय में एवं सूखे कूड़े गीले कूड़े को अलग अलग डस्टबिन में दिए जाने एवं उनके पुनः उपयोग में लिए जाने की जानकारी के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान में प्रमुख रूप से स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आशीष कुमार यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर विवेक मोदनवाल प्रशान गुप्ता मौजूद रहे।

## डुहियाभान में चकबंदी चौपाल आज

**भदोही।** चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत ग्रामों में 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 27 फरवरी को तहसील भदोही के ग्राम डुहियाभान में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कृषकों का फीडबैक लेना आवश्यक है। ग्राम चौपाल के माध्यम से खातेदारों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा, साथ ही लंबित विवादों के समाधान का प्रयास भी किया जाएगा। इससे किसानों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी और चकबंदी योजना के प्रति उनका विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी तथा संबंधित चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामों में समुचित प्रचार-प्रसार के बाद तिथि व स्थान निर्धारित कर समय-सारणी तैयार करें और अपनी उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित करना सुनिश्चित करें। साथ ही कृषकों से प्राप्त सुझावों व शिकायतों का निस्तारण कर इसकी सूचना निदेशालय को उपलब्ध करा।

## 28 फरवरी को हाफ मैराथन, रनिंग स्पॉट का निरीक्षण करने पहुंचीं साध्वी माँ राजलक्ष्मी मंदा

**भदोही।** जनपद क्षेत्र में खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 फरवरी को हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए साध्वी माँ राजलक्ष्मी मंदा रनिंग स्पॉट स्थल पर पहुंचीं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आयोजक मनीष पांडेय ने बताया कि यह 12वीं बार हाफ मैराथन का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जंगीगंज धन तुलसी मोड़ से हाफ मैराथन का शुभारंभ होगा। प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर जगह-जगह चिन्हांकन किया जा रहा है तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को सुबह 7 बजे हाफ मैराथन का शुभारंभ होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं और खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक, 50 से अधिक निजी नियोजकों की सहभागिता का लक्ष्य

**भदोही।** 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के अंतर्गत जिला कार्यकारी समिति की द्वितीय बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मार्च के दूसरे सप्ताह में काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर परिसर में दो दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेले में 50 से अधिक निजी नियोजकों को आमंत्रित किया जाए, ताकि जनपद के अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मेले का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर अभी से तैयारियां शुरू करें। बैठक में क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार, पंजीकरण व व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर शीघ्र ही मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सेवायोजन कार्यालय या कॉल सेंटर नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से लाभार्थियों को पुष्टाहार वितरण प्रक्रिया का सीडीओ,बीडीओ औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें- जिलाधिकारी

**● पोषण पुनर्वास केंद्र पर सैम बच्चो की भर्ती हो सुनिश्चित- जिलाधिकारी**

**आईसीडीएस विभाग के पोषण मिशन के प्रगति की जिलाधिकारी ने बैठक कर की समीक्षा**

**गर्भवती,धात्री व बच्चों के समग्र पोषण पर दिया गया बल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत पोषण मिशन की प्रगति समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान विभिन्न इंडिकेटर पर समीक्षा हुई। जिसमे प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू वर्मा द्वारा बताए गया कि एफ आर एस (चेहरा प्रमाणीकरण) 98.06 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है ।जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाए। पोषण पुनर्वास केंद्र पर सैम बच्चो की भर्ती कराए जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आरबीएसके टीम के माध्यम से सैम बच्चो को भर्ती करवाना सुनिश्चित करें। निर्माण संबंधी आंगनबाड़ी केन्द्रो को जल्द पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सीडीओ व बीडीओ को निर्देशित किया कि आईसीडीएस द्वारा चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से लाभार्थियों को पुष्टाहार वितरण प्रक्रिया का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने सभी ब्लॉकों के सीडीओ को निर्देशित किया कि ब्लॉकवार कैंप लगाते हुए सैम, मैम बच्चों को मेडिसिन देना सुनिश्चित करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र में सैम बच्चों को भर्ती कराये जाने हेतु निर्देश दिये। प्रत्येक माह राशन वितरण की फीडिंग, गृह भ्रमण, दक्षता मापन, पोषण ट्रैकर पर करना सभी सीडीपीओ सुनिश्चित करें। उन्होंने समुदाय आधारित गतिविधियों के जॉच करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। पोष्टाहार का वितरण, शत-प्रतिशत हर हाल में ससमय वितरण हो जाना चाहिए। पोषण के दृष्टिगत सहजन का वृक्ष लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि समुदाय आधारित गतिविधियों एव वी0एच0एस0एन0डी0 की फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर करायी जा रही है। समस्त आर0बी0एस0के0 टीम को चिन्हित सैम बच्चों का परीक्षण कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराये जाने हेतु अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी एवं कन्वर्जेन्स समिति के सदस्य आदर्श आगनबाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु गोद लेने वाले समस्त जिला/ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं जिला पोषण समिति एवं निवारण समिति के सदस्यों के साथ पोषण सम्बन्धित विभिन्न आयामों पर समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि सही पोषण-देश रोशन भाव के अन्तर्गत बच्चों के पोषण की स्थिति कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चों, एन0आर0सी0, वी0एच0एन0डी0, पोषण टैऊक्रर, होम विजिट, ब्लाक कन्वर्जेन्स समिति की बैठक, 11 से 14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं एवं एनीमिक किशोरियों की सूचना, आयरन गोली की उपलब्धता, कुपोषित बच्चों के परिवारों को शौचालय/राशन कार्ड/जाब कार्ड से लाभान्वित कराये जाने की स्थिति, पोषण वाटिका, आदर्श आगनबाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु अधिकारियों को आवंटित केन्द्रो का विवरण, ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन की स्थिति आदि बिन्दुओं पर समग्र आयामों से समीक्षा करते हुए और अधिक प्रभावी व क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी बीईओ, सीडीपीओ, एमओआईसी को सख्त निर्देश दिया कि हर हफ्ते में मीटिंग करेंगे और बिंदुवार चर्चा रिपोर्ट व्हाटएप ग्रुप में भेजेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने सैम-मैम बच्चों के चिन्हाकन हेतु नए तरीकों व आयामों पर बल दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद डायरी में दिनभर की समस्त क्रियाकलापों का विवरण उल्लिखित करने का निर्देश दिया। गर्भवती व धात्री महिलाओं को मूंगफली, सोयाबीन का पाउडर व गुड़ का पैकेट तथा दवाओं का किट वितरण करने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जब जच्चे-बच्चें को सही पोषण मिलेगा तभी देश रोशन होगा। राज्य पोषण मिशन के कार्यो को शत-प्रतिशत धरातल पर साकार करने की आवश्यकता है तभी शिशुओ और माताओं को उचित पोषण मिल पायेगा। स्वस्थ्य शरीर में ही आगे के विकास का सारा तत्व निहित है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषण के सभी योजनाओं में तकनीकी व प्रभावी रूप से और अधिक जमीनी स्तर पर कार्य कर लक्ष्य पूर्ति पर बल दिया। उन्होंने पोषाहार सत्यापन की आख्या रिपोर्ट में प्राप्ति सहित प्रस्तुत करने का निर्देश दिया तथा साथ ही साथ जांच फोटो ग्रुप में शेयर करने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना-यह योजना स्वास्थ्य विभाग से बाल विकास विभाग को स्थानांतरित हुई है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के अंतर्गत पहली संतान पर 5 हजार व दूसरी लड़की पर 6 हजार का आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है। पात्रता की शर्ते निम्नवत है महिला की आयु 18 वर्ष 07 माह से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। योजना का लाभ पात्र महिला को पहले 02 जीवित बच्चों तक प्रदान किया जायेगा। अनुत्तूचित जाति तथा अनूसूचित जनजाति की महिलायें। दिव्यागजन महिलाएं जो आंशिक रूपसे (40 प्रतिशत से अधिक) या पूर्ण रूप से अक्षम हो, बी0पी0एल0 राशन कार्ड धारक महिलायें। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पी0एम0जे0ए0वाई0) के अन्तर्गत आयुष्मान भारत योजना' से आच्छादित महिलाएं। ई-श्रम कार्ड धारक महिलाएं। किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थी महिला किसान। ऐसी महिलाएं जिनके पास मनरेगा जॉब कार्ड हो। ऐसी महिलायें जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय लाख रूपये से कम है। गर्भवती या धात्री आगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका एवं आशा। केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित की गयी कोई अन्य श्रेणी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू वर्मा, डीडीओ/डीपीआरओ ज्ञान प्रकाश,समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एमओआईसी, समस्त सी0डी0पी0ओ0 एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मतेथू में अनूठी पहल: सामूहिक उपनयन कार्यक्रम में 20 बच्चों का हुआ व्रतबंध



**● सामाजिक सेवाभाव, सदाचार और ब्रह्मचर्य पालन का दिया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अभोली ब्लॉक के मतेथू गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को ग्रामीणों की पहल पर सामूहिक उपनयन (व्रतबंध) संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में गांव के लगभग 20 बच्चों का जनेऊ संस्कार संपन्न कराया गया, जिससे पूरा माहौल धार्मिक और भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्वान पुरोहितों ने यज्ञ पूजन कर बच्चों का व्रतबंध संस्कार कराया। संस्कार में शिवम पाण्डेय (22), आदर्श दुबे (20), प्रतीक (8), रतन दुबे (12), शोभित उपाध्याय (7), प्रबल दुबे (12), अनुज पाण्डेय (18) सहित दो दर्जन के करीब बालकों ने भाग लिया। सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम शाम लगभग पाँच बजे संपन्न हुआ।

मुख्य आचार्य पंडित चंद्रशेखर उर्फ सूबेदार मिश्रा 'शास्त्री' ने बताया कि उपनयन संस्कार को यज्ञसूत्र, मोनीबंध या व्रतबंध भी कहा जाता है। यह संस्कार बालक के जीवन में शिक्षा, अनुशासन और आध्यात्मिकता के प्रवेश का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में इसी संस्कार के बाद बालक को गुरु के पास विद्या अध्ययन के लिए भेजा जाता था और ब्रह्मचर्य पालन करते हुए, शिक्षा ग्रहण करनी होती थी। उन्होंने यह भी कहा कि संस्कार के अंतर्गत विशिष्ट धार्मिक विधियों के बाद बालक को यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कराया जाता है। परंपरा के अनुसार ब्राह्मण बालक का यह संस्कार 9वें वर्ष, क्षत्रिय का 11वें वर्ष और वैश्य का 12वें वर्ष में करने का विधान बताया गया है। शास्त्री जी ने संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनेऊ धारण करने के बाद बालक को सत्य के मार्ग पर चलना, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, सूर्योदय और सूर्यास्त के समय भोजन व निद्रा से बचना तथा नियमित रूप से गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। शौच आदि के समय जनेऊ को दाहिने कान पर धारण करने की परंपरा भी बताई गई। ग्रामीणों ने बताया कि सामूहिक उपनयन कार्यक्रम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिलता है। पूरे आयोजन में सामाजिक सहयोग और सेवा भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर प्रेमशंकर पाठक, रामश्रृंगार पाठक, कृष्ण कुमार उर्फ बनारसी पाठक, नागेन्द्र बहादुर सिंह, लालजी पाण्डेय, संजय पाठक, अमित तिवारी, पंडित पवन दुबे, विनोद दुबे, मनोज कुमार पाण्डेय, बाबा दुबे, संतोष कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार तिवारी, बच्चा शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 23 हजार रुपये लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल



**● पुलिस की तत्परता से आवेदक को मिली राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में ईमानदारी और पुलिस की सक्रियता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। भदोही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आवेदक की गिरी हुई 23,000 रुपये की नगद राशि सुरक्षित वापस दिला दी। जानकारी के अनुसार दशरथ पाल बिजली बिल जमा करने के लिए 25,000 रुपये लेकर पावर हाउस पहुंचे थे। भुगतान की प्रक्रिया के दौरान उन्हें आशंका हुई कि 23,000 रुपये कैश काउंटर पर ही छूट गए हैं। काफी तलाश के बाद भी रकम नहीं मिलने पर वे परेशान हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी खमरियां मो. ऐश खां मौके पर पहुंचे और आसपास जांच-पड़ताल शुरू की। इसी दौरान इम्तियाज मास्टर पुत्र मसूद अली निवासी खमरियां मिले, जिन्होंने बताया कि पावर हाउस से लगभग 150 मीटर दूरी पर उन्हें 23,000 रुपये नगद गिरे हुए मिले थे। पुलिस द्वारा सत्यापन के बाद पूरी धनराशि आवेदक को सुपुर्द कर दी गई। रकम वापस मिलने पर दशरथ पाल ने इम्तियाज मास्टर और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की।

## साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से 2.61 लाख रुपये की धनराशि वापस

**ऑनलाइन शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, पीड़ित ने जताया आभार**

**भदोही।** जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर भदोही पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना भदोही ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में स्थानांतरित 2,61,048 रुपये की धनराशि वापस करा दी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सोनहर निवासी अरुण कुमार चतुर्वेदी के खाते से ग्राम निधि की सरकारी धनराशि गलतीवश अन्य खाते में ट्रांसफर हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित द्वारा ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलते ही साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल पर प्रकरण का परीक्षण कर संबंधित पक्ष से संपर्क स्थापित किया। आपसी समन्वय और आवश्यक कार्रवाई के बाद पूरी धनराशि सुरक्षित रूप से आवेदक के खाते में वापस करा दी गई। राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक (अपराध) बुद्धिसागर यादव एवं महिला कांस्टेबल आश्रुति सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वयंसेवकों नें चलाया स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय चुनार में गुरुवार को प्रथम एकदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर एवं वनस्पति उद्यान में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण विषय पर श्रमदान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में परिसर को प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने अभियान चलाया जिसमें महाविद्यालय के परिसर में स्थित संस्थापक श्री विश्राम सिंह की प्रतिमा के आस पास के फैले प्लास्टिक सहित अन्य वस्तुओं को निर्धारित कूड़ेदान में डाला गया।साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न पौधों को साफ-सफाई करके पानी दिया गया।

उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ चन्दन साहू ने कहा कि स्वच्छता से ही हम स्वस्थ जीवन का निर्माण कर सकते हैं।महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ अवधेश सिंह यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि खुद को सजाकर ही बसुंधरा को सजा सकते हैं, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना त्याग एवं सहयोग की भावना जागृत करती है।कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों नें पूरे महाविद्यालय परिसर के सभी मुख्य स्थान पर कूड़ेदान, प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ वातावरण को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।इस क्रम में पविश्राम सिंह प्रतिमा के पास के एरिया में साफ सफाई एवं श्रमदान करके पुष्प वाटिका को तैयार किया गया।कार्यक्रम मेंअनुभवजन्य अधिगम, आउटरीच प्रोग्राम, डिजिटल क़ृषि, स्पेल, माय भारत पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की सह प्रभारी डॉ विद्या सिंह ने पर्यावरण एवं बदलते वातावरण के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ दीप नारायण, डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ अमित यादव, धर्मचंद सहित समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# 32 किलो मीटर दांत से स्कार्पियो खींचकर राज यादव ने नया कीर्तिमान स्थापित किया

**● कछवा से अदलपुरा शीतला धाम तक दांत से खींचकर लें गए स्कार्पियो।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मीरजापुर।** कछवा थाना क्षेत्र के कस्बा से गुरूवार को राज यादव ने अपने दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस से दांत से स्कार्पियो को खींचकर अदलपुरा शीतला धाम में पहुंच कर मां का आशिर्वाद लिया।राज यादव ने अपना अभियान सुबह आठ बजे से कछवा बाजार से अदलपुरा शीतला धाम के लिए प्रारंभ किया। उनके इस हौसले को देखने के लिए सैकड़ों लोग मौजूद रहे,बाजे गाजे के साथ कछवा से अदलपुरा के लिए निकले राज यादव के साथ सोशल मीडिया के लोग भी शामिल रहे,जिसका सोशल मीडिया पर खूब विडियो वायरल हो रहा और लोग राज के कारनामे की सराहना कर रहे हैं।कछवा से अदलपुरा की दूरी करीब 32किलोमीटर है।शीतला धाम के बीच में पड़ने वाले प्रमुख बाजारों में राज के कारनामे को देखने के लिए लोगों की भीड़ रही।राज के साथ चल रहे लोगों ने बताया कि राज बचपन से ही इस तरह के कारनामे करते आ रहे हैं, जिसमें कछवा से अदलपुरा तक का आज का कारनामा इनका अभी तक के सर्वाधिक दूरी में से एक है।राज मूलतः कछवा थाना क्षेत्र के बरैनी गांव के निवासी हैं।

## हाईवा बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौत के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज



**हलिया, मीरजापुर।** हाईवा की टक्कर से बाइक चालक की मौत के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर हाईवा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। हलिया के मतवरिया गांव निवासी नान्हक धरकार ने गुरूवार को शाम तहरीर देकर बताया कि बेटा इंद्रमणि घर से बाइक लेकर सुबह हलिया बाजार ट्रैक्टर का सामान लेने गया था वापस लौटते समय भटवारी पहड़ी के मोड़ पर लापरवाही पूर्वकआ रहा हाईवा टेलर की टक्कर से घायल हो गया तथा मौके पर मौत हो गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक शिवकुमार यादव निवासी महुआरी थाना विंध्याचल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि मृतक के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

# विकासखंड के निरीक्षण में सीडीओ ने अभिलेख, साफ-सफाई और निर्माण कार्यों की परखी स्थिति



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**भदोही।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी बालगोविंद शुक्ला ने भदोही विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कार्यालय में उपस्थित मिले। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन की गहन समीक्षा की। उन्होंने फाइलों के अद्यतन रखरखाव और डिजिटल कार्यप्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के क्रम में परिसर स्थित पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों का भी स्थलीय जायजा लिया गया। कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और निर्धारित मानकों के अनुपालन की बारीकी से जांच की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता से समझौता किए बिना मानक के अनुरूप ही कराए जाएं। साथ ही शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं में तेजी लाने, पारदर्शिता बनाए रखने और जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग जारी रहेगी।

# केमिकल युक्त रासायनिक रंगों से बचकर मनाएं होली का त्योहार डॉक्टर अवधेश मौर्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** आपसी सौहार्द और भाईचारे का पर्व होली को प्राचीन काल से ही खेलने की परंपरा रही है पूर्व में लोग केवल हर्बल रंगों का ही उपयोग करते थे होली खेलने के बाद शाम को ईस्ट जनों के साथ मिलने जुलने का मिठाई का आदान-प्रदान करने की प्रथा रही है। भारतवर्ष के अलावा नेपाल पाकिस्तान तमाम पश्चिमी देशों में भी होली का त्योहार पूरे जोश से मनाया जाता है वर्तमान में रासायनिक रंगों का उपयोग नशा भंग एवं फुहाई गाने की वजह से होली की गरिमा कम होती जा रही है होली का त्योहार इस तरह से मनाईए की केवल खुशियां ही खुशियां हो किसी को नुकसान ना हो होली के त्यौहार में रंगों का भरपूर उपयोग होता है इसलिए सावधानी भी रखनी जरूरी है केमिकल युक्त रासायनिक रंगों से बच्चे यह रंग आंखों और बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं हर्बल रंगों का ही उपयोग करें होली खेलने जाने के पहले शरीर पर तेलिया क्रीम अथवा तेल का मालिश करके जाए जिससे त्वचा को कब नुकसान हो पूरी बाह के कपड़े पहन कर ही जाए बालों में नारियल अथवा बादाम का तेल लगा सकते हैं बालों को सुरक्षित रखने के लिए आजकल विभिन्न रंगों के नकली बाल एवं टोपी भी उपलब्ध है यह न सिर्फ बालों को सुरक्षित रखते हैं बल्कि होली की रंगीन माहौल को और भी रंगीन बना देते हैं आंखों में यदि रंग




या गुलाल चला जाए तो तत्काल ठंडे पानी से धोएं आराम न मिलने पर चिकित्सक से सलाह ले और बाजार की मिठाइयों का सेवन कम से कम करें और भरोसेमंद दुकान से ही मिठाई खरीदें होली के दौरान नशा भांग दारू इत्यादि का उपयोग से बचे कई बार लोग नशे की वजह से प्रेम भाव बढ़ने के बदले दुश्मनी बढ़ जाती है उक्त बातों को सम्राट हॉस्पिटल के प्रबंधक डाक्टर अवधेश कुमार मौर्या ने यह जानकारी दी।

# चुनार खोवा मंडी में खाद्य विभाग की छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा जी मोड़ स्थित खोवा मंडी में उस समय हड़कंप मच गया जब खाद्य विभाग की टीम ने गुरुवार को अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में मिलावटी खोवा बरामद किया गया।जांच के दौरान टीम ने पाया कि खोवा मानकों के अनुरूप नहीं था और उसमें मिलावट की आशंका पाई गई। मंडी से लगभग 10 कुंतल से अधिक मिलावटी खोवा बरामद कर जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवा कर नष्ट किया गया। अधिकारियों ने संबंधित व्यापारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए आगे भी सख्त कार्रवाई की बात कही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। लगभग आधा दर्जन दुकानों से खोवा का सैंपल लेकर आगे की कार्रवाई कि जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध खाद्य



पदार्थों की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। इस दौरान सहायक खाद्य अधिकारी अंजुला सिंह, नायब तहसीलदार संजय, चौकी प्रभारी चाकगंभीरा हरिशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नैनी जामा मस्जिद ईदगाह में सात दिन की तरावीह मुकम्मल, हजारों नमाजियों की रही शिरकत



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी स्टेशन रोड स्थित जामा मस्जिद ईदगाह में बुधवार को तरावीह मुकम्मल आमीन के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और मस्जिद परिसर में रौनक देखने को मिली।कई वर्षों बाद इस बार 7 दिन की तरावीह मुन्तखब की गई थी। हर साल की तरह इस साल भी नमाजियों की तादाद हजारों के करीब रही। नैनी और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग तरावीह अदा करने पहुंचे।इस वर्ष तरावीह मौलाना मुफ़्ती शहंशाह आलम मिस्बाही साहब ने मुकम्मल करवाई। तरावीह के समापन पर आलम-ए-इस्लाम की सलामती और देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ-ए-खैर की गई।

मस्जिद में तरावीह पढ़ाने वाले इमाम साहब, मुख्य इमाम, नायब इमाम और मुअज्जिन को ताऊन (सम्मान राशि) भी पेश की गई।इस खास मौके पर मौलाना आलम साहब, मौलाना परवेज, शम्से आज़म साहब, मौलाना शफीक, मौलाना शकील, हाफिज मोहम्मद अनस, आलिम साहब, हाजी हलीम, शाह आलम साहब, काशिफ उद्दीन साहब, शाह अफ़ज़ल भाई, नाज़िम खान, शाहनवाज़ आलम, मकसूद भाई, अबरार भाई, नात खां अनस, शहजाद खान, हाशिम खान, नसीम अहमद, मोहसिम खान अमन, आरिफ, फरहान, शमीम गार्ड, इस्तियाक, शकील भाई, लल्लू मिस्त्री सहित मस्जिद के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।तरावीह की मुकम्मल आमीन के साथ माहौल में रूहानियत और अकीदत का खास नज़ारा देखने को मिला।

### सेक्टर संयोजक के आकस्मिक निधन पर शोक, दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि



**नैनी, प्रयागराज** भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर संयोजक अशोक शुक्ला के आकस्मिक निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अशोक शुक्ला जी समाजसेवा के प्रति समर्पित एवं पार्टी के अत्यंत कर्मठ कार्यकर्ता थे। उन्होंने लगभग 35 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने और संगठन को संभालने का कार्य पूरी निष्ठा और सरलता के साथ किया। वे सदैव कार्यकर्ताओं से आत्मीयता के साथ मिलते थे और पार्टी को विजय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते थे। बताया गया कि वे इस समय सेक्टर प्रभारी सोमेश्वर नाथ मंडल के अंतर्गत आने वाले देवरख क्षेत्र के सहयोग में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके आकस्मिक निधन से पार्टी संगठन को गहरा आघात पहुंचा है और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है।शोक व्यक्त करने वालों में पार्षद मयंक यादव, पूर्व जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष नरसिंह , मंडल अध्यक्ष नैनी किसान मोर्चा नीरज शर्मा, पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, महेश कुमार वर्मा, सोमेश्वर नाथ मंडल के महामंत्री राम जी श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, संजय श्रीवास्तव (कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख) सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### स्मृति सभा का आयोजन आज

**नैनी।** क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस तथा ऐतिहासिक काकोरी कांड के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मृति सभा का आयोजन शुक्रवार को म्योहाल चौराहे पर मौजूद अंजुमन रूहें अदब सभागार में होगा। अधिवक्ता मंच, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के बैनर तले होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी एवं समाज के सभी वर्गों को स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के आदर्शों से प्रेरित करना तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात लेखक एवं चिंतक सुधीर विद्यार्थी होंगे। इस अवसर पर सामुहिक रूप में अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। इसकी सूचना अधिवक्ता मंच के चार्ली प्रकाश ने दी है।

# एजुकेट गर्ल्स ने 18 वर्षों के प्रभाव का उत्सव मनाया

● **दीक्षांत समारोह में प्रगति शिक्षार्थियों को सम्मानित किया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (2025) प्राप्त करने वाली पहली भारतीय संस्था एजुकेट गर्ल्स ने अपने 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर टीम बालिका स्वयंसेवी नेटवर्क की उपलब्धियों का उत्सव मनाया तथा कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाली शिक्षार्थियों को सम्मानित किया। इस समारोह में सामुदायिक नेता, सरकारी प्रतिनिधि, स्वयंसेवक, साझेदार और शिक्षार्थी एकत्रित हुए, ताकि ग्रामीण और शैक्षिक रूप से वंचित समुदायों में बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने की लगभग दो दशकों की यात्रा का स्मरण किया जा सके। उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा संवादात्मक सत्रों ने शिक्षार्थियों, प्रेरकों और टीम बालिका सदस्यों को संघर्ष, सामुदायिक सहभागिता और परिवर्तन की कहानियाँ साझा करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय जोशी, उपनिदेशक, महिला सशक्तिकरण विभाग, उदयपुर रहे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण है शुरुआत करना, क्योंकि एक बार आप शुरू कर देते हैं, तो आगे बढ़ना आसान हो जाता है। एक लड़की की सफलता अन्य लड़कियों को प्रेरित करती है और एक लड़की की शिक्षा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करती है। महिलाओं को सामाजिक बंधनों से मुक्त कर शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है।' उन्होंने संस्था को वर्ष 2035 तक 1 करोड़ महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को नए उत्साह के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

सीईओ गायत्री नायर लोबो ने उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कक्षा 10 पूर्ण करना एक लंबी यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा, 'अठारह वर्ष पहले एजुकेट गर्ल्स ने राजस्थान के पाली जिले में एक सरल विश्वास के साथ शुरुआत की थी कि हर लड़की एक अवसर की हकदार है। आज, जब हम 10,000 से अधिक युवा महिलाओं को सफलतापूर्वक कक्षा 10 पूर्ण करने में सहयोग देने का उत्सव मना रहे हैं, तब हम सिर्फ परिणामों का नहीं, बल्कि साहस, दृढ़ता और सामूहिक प्रयासों का भी उत्सव मना रहे हैं। हमारी युवा महिलाओं से यही कहना चाहते हैं कि यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत है। आप आशा हैं, आप शक्ति हैं और जब आप आगे बढ़ती हैं, तो पूरे समुदाय को साथ लेकर चलती हैं। '

**प्रगति के माध्यम से सेकंड-चांस सफलता का उत्सव**

उदयपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आई किशोरियों और युवा महिलाओं को राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की कक्षा 10 परीक्षा में उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। ये शिक्षार्थी एजुकेट गर्ल्स की सेकंड-चांस शिक्षा पहल 'प्रगति' का हिस्सा हैं, जो 15-29 वर्ष आयु वर्ग की उन युवा महिलाओं का समर्थन करती है, जो आयु में अधिक हैं, पढ़ाई में पिछड़ गई थीं या औपचारिक शिक्षा से स्थायी रूप से बाहर होने के जोखिम में थीं। अपने सेकंड-चांस शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से 10,210 शिक्षार्थियों ने लंबे अंतराल के बाद पुनः शिक्षा शुरू की और सफलतापूर्वक कक्षा 10 पूर्ण की। प्रगति शैक्षणिक आधार को सुदृढ़ करती है, जीवन कौशल विकसित करती है और युवा महिलाओं में आत्मविश्वास तथा निर्णय क्षमता का निर्माण करती है, जिससे वे अपने भविष्य को आकार दे सकें।

डायरेक्टर- ऑपरेशंस विक्रम सोलंकी ने कहा, 'हर परीक्षा परिणाम के पीछे साहस और सामूहिक प्रयास की कहानी होती है। राज्य सरकारों के साथ मजबूत साझेदारी और हमारी टीम बालिका स्वयंसेवकों तथा प्रेरकों की शक्ति से हम यह सिद्ध कर रहे हैं कि जब समुदाय और व्यवस्थाएँ साथ मिलकर कार्य करती हैं, तो परिवर्तन स्थायी बनता है। वर्ष 2035 तक 1 करोड़ शिक्षार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में हमारा संकल्प केवल लड़कियों को शिक्षा से जोड़ने का नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने का है कि वे आगे बढ़ें और सफल हों।

'कार्यक्रम में 450 से अधिक शिक्षार्थियों, 45 प्रेरकों और 73 टीम बालिका स्वयंसेवकों सहित अनेक साझेदारों और अतिथियों ने भाग लिया। डायरेक्टर- पीपल एंड कल्चर अनुश्री सिंह तथा राजस्थान राज्य संचालन प्रमुख ब्रजेश सिन्हा भी उपस्थित रहे।

सम्मानित की गई अनेक युवा महिलाओं ने कठोर लैंगिक मानदंडों, घरेलू जिम्मेदारियों और वर्षों तक स्कूल से दूर रहने जैसी चुनौतियों को पार किया है। कई के लिए यह कार्यक्रम उनके जीवन का पहला सार्वजनिक समारोह था, यानि एक महत्वपूर्ण पड़ाव, जो उनके व्यक्तिगत संकल्प और सामुदायिक समर्थन दोनों को दर्शाता है। उनकी उपलब्धियों ने उन्हें अपने गाँवों में आदर्श के रूप में स्थापित किया है।

कार्यक्रम में एक सजीव पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें दूरस्थ समुदायों की शिक्षार्थियों, घर-घर जाकर परिवारों को बालिका शिक्षा के लिए प्रेरित करने वाली टीम बालिका स्वयंसेवकों तथा लंबे अंतराल के बाद स्कूल लौटने वाली युवा महिलाओं का मार्गदर्शन करने वाले प्रेरकों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने एजुकेट गर्ल्स की पूरक पुनरावृत्ति शिक्षण सामग्री का एक संवादात्मक प्रदर्शन भी देखा, जिसमें उन नवाचारी उपकरणों और तरीकों को प्रदर्शित किया गया, जो शिक्षार्थियों को पुनः शिक्षा प्रणाली में प्रवेश कर सफल होने में सक्षम बनाते हैं।

## सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज में एआई एंड इंडिया- व्हाट इज़ द एक्सपेक्टेशन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज में 'एआई एंड इंडिया-व्हाट इज़ द एक्सपेक्टेशन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन 26 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के न्यू एकेडमिक ऑडिटोरियम तथा ऑनलाइन माध्यम ,गूगल मीट के जरिए संपन्न हुआ। इस व्याख्यान का संयुक्त आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IIC), इंस्टिट्यूट इनोवेशन सेल (IIC) तथा कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं, चुनौतियों और अपेक्षाओं पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. श्याम सुंदरम, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स - डेटा प्लेटफॉर्म इंजीनियरिंग एवं डेटा साइंस, बजाज फाइनेंस, पुणे महाराष्ट्र रहे। उन्होंने अपने संबोधन में एआई के बढ़ते प्रभाव, डिजिटल नवाचार और भारतीय उद्योग जगत में इसके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले समय में शिक्षा, वित्त, स्वास्थ्य और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. अजय प्रकाश खरे, प्राचार्य, तथा मुख्य संरक्षक के रूप में चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह, अध्यक्ष, केपी ट्रस्ट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन में प्रो. अर्चना पांडे, कन्वीनर, IIC, प्रो. सरिता श्रीवास्तव ,कोऑर्डिनेटर, द्रष्टि, डॉ. सुनील कांत मिश्रा, कन्वीनर, डीसीए सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट डॉ. आशुतोष मिश्रा, रत्नेश कुमार दीक्षित, मनीष यादव, गौरव श्रीवास्तव एवं अनुराग सिंह ,कंप्यूटर फैकल्टी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों ने एआई के शैक्षणिक और व्यावहारिक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने एआई से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। अंत में सुश्री शिवांगी श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ता, प्रबंधन एवं सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ने छात्रों में तकनीकी नवाचार और डिजिटल भविष्य के प्रति नई सोच एवं उत्साह का संचार किया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ठोस कदम उठाए- विजय गुप्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज** अभिभावक एकता समिति, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में अभिभावकों ने जिलाधिकारी कार्यालय, प्रयागराज में अपर जिलाधिकारी सत्यम मिश्रा के सहयोगी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जनपद के स्कूल-कॉलेजों के आसपास हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।ज्ञापन सौंपते हुए विजय गुप्ता ने कहा कि पूर्व में स्कूल-कॉलेजों के आसपास चेतावनी बोर्ड लगाए जाते थे, जिन पर 'आगे स्कूल है, गाड़ी धीरे चलाएं' आदि संदेश अंकित रहते थे। साथ ही स्पीड ब्रेकर एवं पुलिस/ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था भी रहती थी, किंतु वर्तमान में ये व्यवस्थाएं लगभग समाप्त हो गई हैं। इसके कारण जनपद में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और बच्चों की जान खतरे में पड़ रही है।

समिति के महामंत्री प्रमिल केसरवानी ने कहा कि बड़े चौराहों पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए तथा कॉलेज प्रशासन और अभिभावकों की संयुक्त बैठक तत्काल बुलाई जाए, ताकि स्थायी समाधान निकाला जा सके।अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की कि स्कूलों के पास तत्काल पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सर्वश्री प्रदीप श्रीवास्तव, बृजेश निषाद, गुड्डू, मनीष गुप्ता, अभिलाष केसरवानी,अशोक गुप्ता, इमरान अली, बबलू,विकास अग्रहरि, सुरेश भारतीय, मो. अफजल सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

### ओवरब्रिज पर आमने-सामने बाइक भिड़ंत, एक युवक की मौत

नैनी, प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र के छिवकी स्थित दुबराजपुर ओवरब्रिज पर बुधवार देर रात दो बाइक सवार युवकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद ओवरब्रिज पर अफरा-तफरी मच गई और मौके पर काफी भीड़ जुट गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मधुकर मिश्रा (24) पुत्र द्वारिका प्रसाद मिश्रा, निवासी तेंदुआवन के रूप में हुई है। दूसरे घायल युवक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है और उसका उपचार जारी है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ओवरब्रिज पर आए दिन हो रहे हादसे स्थानीय लोगों के अनुसार दुबराजपुर ओवरब्रिज पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। फ्लाईओवर पर वाहन चालक तेज रफ्तार में गुजरते हैं और मोड़ होने के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे टक्कर की घटनाएं बढ़ जाती हैं। क्षेत्रवासियों ने कई बार फ्लाईओवर पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है, ताकि वाहन चालक नियंत्रित गति से चलें, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## नैनी सेंट्रल जेल के सामने ट्रक की टक्कर से प्रतियोगी छात्र की मौत,मामा गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में बुधवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक प्रतियोगी छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नैनी सेंट्रल जेल के सामने उस समय हुआ जब दोनों शादी समारोह से लौट रहे थे।

**शादी से लौटते समय हुआ हादसा**

मेजा क्षेत्र के ऊंचडीह निवासी अमर शुक्ला (36 वर्ष), पुत्र अखिलेश शुक्ला, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। बुधवार को वह नैनी स्थित संगम विहार कॉलोनी में अपने मामा राजेश त्रिपाठी के घर शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रात में अमर अपने मामा के साथ बाइक से नैनी मेवालाल बगिया के पास एक निमंत्रण में गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही दोनों नैनी सेंट्रल जेल के सामने कॉलोनी की ओर मुड़े, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक ने अमर को कुचला, मामा दूसरी ओर गिरे।टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े।

**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार** राजेश त्रिपाठी सड़क के दूसरी ओर जा गिरे, जबकि अमर शुक्ला ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक चालक अमर को कुचलते हुए कुछ दूरी तक वाहन ले गया और फिर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा**

घटना की सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजेश त्रिपाठी को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं अमर शुक्ला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




**परिवार में मचा कोहराम**

अमर शुक्ला दो भाइयों में छोटे थे और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपी चालक की तलाश जारी है।

## नेशनल हेराल्ड प्लॉट केसः भूपेंद्र हुड्डा और एजेएल को हाईकोर्ट ने बरी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला में प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सीबीआई द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया और दोनों पक्षों को सभी आरोपों से डिस्चार्ज कर दिया। जस्टिस त्रिभुवन दहिया की बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से आरोपों के अपराध की सामग्री भी प्रथम दृष्टया नहीं बनती। कोर्ट ने सीबीआई की जांच और दृष्टिकोण को गैर-कानूनी और असंगत बताते हुए कहा कि आगे की कार्यवाही अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी।

यह मामला सेक्टर-6, पंचकूला में प्लॉट नंबर छ्र-17 से जुड़ा है, जो मूल रूप से 1982 में एजेएल (नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़ी कंपनी) को संस्थागत इस्तेमाल के लिए आवंटित किया गया था। निर्माण न करने के कारण 1992 में प्लॉट वापस ले लिया गया और अपील-रिवीजन 1995-96 में खारिज हो गई। 2005 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्लॉट को मूल दरों पर ही एजेएल को दोबारा आवंटित किया गया। यह आवंटन 16 मई 2006 को सक्षम अथॉरिटी द्वारा पूर्व प्रभाव से मंजूर (रैटिफाई) किया गया। एजेएल ने पूरी राशि जमा की और अगस्त 2014 में ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर लिया।

2014 में हरियाणा में बीजेपी सरकार आने के बाद इस पर कार्रवाई शुरू हुई। राज्य सतर्कता ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की, जिसे बाद में सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया। आरोप थे कि नियमों का उल्लंघन कर साजिश, धोखाधड़ी, पद का दुरुपयोग आदि किया गया और ॥ष्ठ यानी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को वित्तीय नुकसान हुआ। अप्रैल 2021 में स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने आरोप तय किए थे, लेकिन हुड्डा की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी गई थी।

हाई कोर्ट ने इन तमाम आदेशों को रद्द करते हुए कहा कि कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं है कि कोई साजिश थी या गलत लाभ-हानि हुई। प्लॉट का पुनः आवंटन सक्षम अथॉरिटी द्वारा सर्वसम्मति से मंजूर था और किसी अदालत या ट्रिब्यूनल ने इसे कभी अवैध घोषित नहीं किया। सरकारी ऑडिटरों ने भी वित्तीय नुकसान के आपत्ति को वापस ले लिया था।

कोर्ट ने कहा, 'यह समझ से परे है कि जांच एजेंसी अपने आप प्लॉट आवंटन को अवैध मानकर आपराधिक मामला दर्ज कर ले। यह पूरी तरह गैर-कानूनी है।' फैसले में स्पष्ट किया गया कि हुड्डा ने आधिकारिक सलाह पर स्वतंत्र रूप से फैसला लिया और एजेएल के साथ किसी साजिश का कोई सबूत नहीं है।

## प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज छिवकी स्टेशन' पर सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी, अरुण कुमार की उपस्थिति में एवं स्टेशन अधीक्षक/प्रयागराज छिवकी, कुमार राकेश एवं वरिष्ठ क्रू कंट्रोलर, एस. एन. द्विवेदी के अध्यक्षता में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य रेल संचालन में संरक्षा मानकों को और अधिक सुदृढ़ करना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस सेमिनार में संरक्षा सलाहकार, चन्द्रिका प्रसाद; श मनोज कुमार; सुनील चौहान, मुख्य यार्ड मास्टर, सन्तोष कुमार, वरिष्ठ खंड इंजीनियर, नितेश मिश्रा, सन्तोष कुमार, एन. के. भारद्वाज; मुख्य लोको निरीक्षक, वीरेन्द्र उपस्थित थे।

सेमिनार के दौरान कार्यस्थल की संरक्षा एवं हॉट वेदर पेट्रोलिंग पर विशेष जोर दिया गया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए आग से बचाव तथा उच्च तापमान के दौरान सुरक्षित रेल संचालन के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पटरियों के विस्तार, विद्युत उपकरणों पर प्रभाव तथा अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। इसके अतिरिक्त पावर ब्लॉक एवं ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, रेल पथ खोलने एवं बंद करने की मानक प्रक्रिया एवं तकनीकी जानकारी साझा की गई। सेमिनार में रोलिंग-इन/आउट परीक्षण, शंटिंग कार्य के दौरान सावधानियाँ तथा लोड स्थलों पर कार्य करते समय संरक्षा उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। सेमीनार के दौरान बताया गया कि छोटी-छोटी लापरवाहियाँ भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को निर्धारित नियमों एवं प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना चाहिए। इस सेमीनार में 60 से अधिक कर्मचारी उपस्थित थे । सेमिनार के अंत में उपस्थित कर्मचारियों से संरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई तथा सुझाव आमंत्रित किए गए।

### युवक को लोहे की रॉड से पीटा, जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित आकाश कुमार सिंह पुत्र राज प्रताप सिंह उर्फ राजू, निवासी ग्राम पुरवाखास, थाना औद्योगिक क्षेत्र, ने आरोप लगाया है कि गांव के इकलाख उर्फ कल्लू पुत्र मो. मोहिद, निवासी हथिगन थाना घूरपुर, उससे पुरानी रंजिश रखते हैं।आरोप है कि सोमवार शाम करीब 7 बजे इकलाख अपने चार साथियों—मो. सलमान, मो. इस्लाम (पुत्र मो. मोहिद), मो. अहद (पुत्र इकलाख) तथा मो. इरफान (पुत्र मो. हारुन)—के साथ उसके घर पर पहुंचा। सभी के हाथों में लोहे की रॉड थी। गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने आकाश पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## होली के पर्व को देखते हुए आबकारी दुकानें 4 मार्च को सायं 05 बजे तक व 5 मार्च को अपराह्न 02 बजे तक रहेंगे बंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिलाधिकारी ने जनपद में होली के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखे जाने के उ?द्देश्य से जनपद के समस्त आबकारी अनुज्ञापन (यथा देशी शराब, कम्पोजिट शाप, भांग, थोक, माडल शाप एफ0एल0-9/9ए, एफ0एल0-16/17 व होटल बार/रेस्त्रों बार/माइको ब्रिवरी मिथाइल एल्कोहल सम्बन्धित अनुज्ञापनों / एफ0एल0-39,40,41 एवं 49 आदि) आबकारी अनुज्ञापन की शर्तो के अधीन दिनांक 04.03.2026 को सांय 05:00 बजे तक बन्द रखने तथा जनपद के नगर क्षेत्र में होली का त्यौहार दिनांक 05.03.2026 को भी मनाया जायेगा, अतएव नगर क्षेत्र (ग्रामीण क्षेत्र को छोडकर) में स्थित उपरोक्त समस्त आबकारी अनुज्ञापन दिनांक 05.03.2026 को भी अपराह्न 02:00 बजे तक बन्द रखे जाने का आदेश दिया है। उपरोक्त बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को किसी भी प्रकार का प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगी। जिलाधिकारी ने आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए है।

## शंकराचार्य विवाद में लीगल मामलों में मदद के लिए आगे आए अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी को बम से उड़ाने की धमकी का मैसेज मिला।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर चल रहे विवाद के बीच उनकी मदद के लिए आगे आए वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी को रात लगभग ढाई बजे बम से उड़ाने की धमकी का एक मैसेज मिला है. उनके मोबाइल नंबर पर यह मैसेज भेजा गया। अधिवक्ता ने इस संदर्भ में पुलिस को सूचना दी है, लेकिन लिखित शिकायत नहीं हुई है. मैसेज में कोर्ट परिसर के साथ ही अधिवक्ता को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी की तरफ से अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी एक पोस्ट शेयर की गई है. इसमें उन्होंने अपने मोबाइल नंबर पर आए हुए मैसेज का स्क्रीनशॉट लगाकर यह सूचना साझा की है। उन्होंने अपने मोबाइल नंबर को देते हुए जिक्र किया है कि मेरे निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर यह धमकी भरा मैसेज प्राप्त हुआ है. प्रशासन इसका संज्ञान ले फिलहाल इस पूरे मामले में अभी प्रशासनिक अधिकारियों का कोई पक्ष नहीं आया है। अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी का कहना है कि रोज की तरह सुबह वह नियमित समय पर उठे और अपना मोबाइल चेक कर रहे थे. इस दौरान रात में 2:23 पर एक मैसेज उनको मिला. इसमें अधिवक्ता सहित कचहरी को बम से उड़ाने की बात कही गई है.इस मामले में उन्होंने जिला अध्यक्ष को सूचना दी है और वहीं सरकारियों का भी उनके पास फोन आया है, मामले की जांच अधिकारियों को गंभीरता से करनी चाहिए। कैंट इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि श्रीनाथ त्रिपाठी के मोबाइल नंबर पर आया है. मैसेज भेजने वाले के मोबाइल नंबर की जांच भी की जा रही है कि आखिर यह है कौन और कहां से मैसेज भेजा गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## फाल्गुन पूर्णिमा पर सिद्ध पीठ काली धाम पथरौल में भजन संध्या, महाआरती और तीन दिवसीय होली उत्सव का होगा भव्य आयोजन



**पाथरोल, करौं, देवघर, झारखंडः-** सिद्ध पीठ काली धाम पथरौल स्थित संकट मोचन धाम में आगामी 2 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर भजन संध्या और बाबा की महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। हर पूर्णिमा की तरह इस बार भी भक्तों के सहयोग से भजन संध्या, महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजकों के अनुसार, 2 मार्च को संध्या 8:00 बजे से भजन संध्या की शुरुआत होगी। इसके बाद रात्रि 9:30 बजे बाबा की महाआरती सम्पन्न की जाएगी, जिसके उपरांत भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। फाल्गुन पूर्णिमा के साथ ही होली के उत्सव को ध्यान में रखते हुए 28 फरवरी से 2 मार्च तक तीन दिवसीय पारंपरिक होली गायन प्रतियोगिता सह होली मिलन समारोह का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन संध्या 8:00 बजे से शुरू होगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागियों को संकट मोचन परिवार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने सभी भक्तों से इस पावन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में सहयोग के इच्छुक भक्तों के लिए मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने मोबाइल नंबर 9934531724 ज़ारी किया है जिसपर श्रद्धालु फोनपे या संपर्क कर सकते हैं।

## जिला प्रशासन की पहल पर रक्तदान शिविर का आयोजन, उपायुक्त ने रक्तदान कर शिविर का किया उद्घाटन, 28 यूनिट रक्त संग्रहित



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को समाहरणालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। आयोजित शिविर में कुल 28 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक पुनीत एवं मानवीय कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में रक्त की कमी न हो। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। अतः सभी नागरिक इस मानवीय अभियान का हिस्सा बनें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। शिविर के सफल आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं संबंधित अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शौच केलिए जा रही महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**जाखलौन (ललितपुर)।** थाना जाखलौन क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए जा रही महिला से कथित छेड़छाड़ और अशोभनीय प्रस्ताव देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एक गांव क्षेत्र की रहने वाली महिला ने शिकायत देकर बताया कि बीती 17 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे वह शौच के लिए जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव का ही युवक मिला और उससे बातचीत करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे पैसों का लालच देकर अपने साथ गलत काम करने का दबाव बनाया। जब उसने इसका विरोध किया और मना किया तो आरोपी ने अभद्र व्यवहार किया। किसी तरह वह वहां से निकलकर घर पहुंची और बाद में परिजनों के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना के बाद वह भयभीत है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहती है। तहरीर के आधार पर थाना जाखलौन पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 75(2) के तहत एफआईआर संख्या 0037 दिनांक 25 फरवरी 2026 को दर्ज कर ली है।

# अनावश्यक पक्की नाली व गार्डवालों का निर्माण कर सरकारी राशि का हो रहा है दुरुपयोग-ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखण्ड के सुदूर विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण इलाकों में अनावश्यक पक्की नाली एवम् गार्डवालों का निर्माण कर सरकारी राशि का दुरूपयोग करने की बातें ग्रामीणों द्वारा कही जाती रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों से मिल रही सूचनाओं के आलोक में बताया जा रहा है कि बिना स्थलीय जांच के अनावश्यक विशेष कर पक्की नालियां व गार्डवालों का निर्माण किया गया है। हालांकि आवश्यक स्थलों पर निर्माण को लोगों ने सराहना भी की है। ग्रामीणों का मानना है कि पंचायत, पंचायत समिति, विधायक, सांसद, जिला परिषद या जिस विभाग की राशि हो वह सरकार की राशि है। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सड़क, पक्की नाली, गार्डवाल आदि है लेकिन राशि की



सही उपयोगिता के लिए सही व जनहित में स्थलों का चयन भी अत्यावश्यक बताया जाता रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थलीय निरीक्षण के बिना ही विशेष रूप से पक्की नाली, गार्डवाल व पुलियों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाती है जिस कारण ऐसी योजनाएं ग्रामीणों के हित में नहीं होने से राशि का दुरूपयोग होता है जिससे ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि इन दिनों विशेष रूप से कड़ी धूप व गर्मी के दिनों में सुदूर ग्रामीण इलाकों में जहां पेयजल का अभाव है और सरकारी नलकूपों में खराबी से पेयजल उपलब्ध होने में कठिनाई है वहां बेकार पड़े नलकूपों की पूरी मरम्मती कराने की चेष्टा हो। वहीं पंचायतों के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने कूपों का जीर्णोद्धार कराकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और जहां आवश्यक हो जल निकासी का समाधान करते हुए वहां पक्की नालियों एवम् जरूरी हो तो गार्डवाल, पुलियों का निर्माण किया जाए जिससे सरकारी राशि का सदुपयोग जनहित में हो। ग्रामीणों ने विशेषकर महिलाओं ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों को खराब नलकूपों को ठीक से मरम्मती कराने की बात कहने पर कहा जाता है कि फिलहाल फंड नहीं है और जल एवम् स्वच्छता विभाग से भी कई अवसरों पर सामान उपलब्ध नहीं होने की बातें ग्रामीणों को कही जाती हैं। फलतः अनेकों बार टोलेवासियों को चंदा लेकर प्राइवेट मिस्त्री से नलकूप की मरम्मती करानी पड़ती है।

# झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत अपराध पीड़ितों को मिलेगा मुआवज़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार में कर सकेंगे आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य में अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के अंतर्गत मुआवज़ा भुगतान का प्रावधान किया है। योजना के तहत किसी भी प्रकार के अपराध से हुई हानि या क्षति की स्थिति में पीड़ित या उसके आश्रित को निर्धारित न्यूनतम राशि सहायता स्वरूप दी जाएगी। इसके लिए आवेदन जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (DLSA) के समक्ष किया जा सकता है।

### विभिन्न अपराधों के लिए तय की गई न्यूनतम मुआवज़ा राशि

सरकार द्वारा जारी मापदंडों के अनुसार तेज़ाब हमला तथा बलात्कार के मामलों में पीड़ित को 3 लाख रुपये, नाबालिग के शारीरिक शोषण पर 2 लाख रुपये, मानव तस्करी से पीड़ितों के पुनर्वास हेतु 1 लाख रुपये, जबकि यौन प्रताड़ना (बलात्कार




नहीं) की स्थिति में 50 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। किसी भी अपराध में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये, स्थायी विकलांगता (80% या अधिक) की स्थिति में 2 लाख रुपये तथा आंशिक विकलांगता (40%-80%) पर 1 लाख रुपये का प्रावधान है। इसी प्रकार शरीर के 25 प्रतिशत से अधिक जलने (तेज़ाब हमला छोड़कर) पर 2 लाख रुपये, भ्रूण हानि पर 50 हजार रुपये, प्रजनन क्षमता की हानि पर 1.5 लाख रुपये, जबकि सीमा क्षेत्र में दोतरफा फ़ायरिंग से महिला की मृत्यु या 80 प्रतिशत से अधिक विकलांगता पर 2 लाख रुपये तथा आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। शरीर के किसी अंग की क्षति से 40 प्रतिशत से कम विकलांगता होने पर 50 हजार रुपये, बाल पीड़ित की साधारण हानि पर 10 हजार रुपये तथा अन्य पीड़ितों के पुनर्वास के लिए 50 हजार रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

### प्रतिकर राशि का निर्धारण इस आधार पर

प्रत्येक मामले में प्रतिकर का निर्धारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किया जाएगा। इसमें पीड़ित को हुई वास्तविक हानि, उपचार में हुए खर्च, अन्त्येष्टि से संबंधित व्यय तथा पुनर्वास हेतु आवश्यक राशि को आधार बनाया जाएगा।

### 14 वर्ष से कम आयु के पीड़ितों को मिलेगा बढ़ा हुआ मुआवज़ा

योजना में यह विशेष प्रावधान किया गया है कि यदि पीड़ित की आयु 14 वर्ष से कम है, तो प्रतिकर राशि को निर्धारित सीमा से 50 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। इससे नाबालिग पीड़ितों को अतिरिक्त सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित होती है।

# कप्तानगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पर पीड़ित परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पर पीड़ित परिवार ने लगाए गंभीर आरोप कहा कप्तानगंज नगर पंचायत अध्यक्ष के दबाव में थाना अध्यक्ष कप्तानगंज दबंग पर नहीं कर रहे कार्रवाई, फिर हाल पुलिस अधीक्षक बस्ती ने बताया कि मामला संज्ञान में है फिर हाल मुकदमा दर्ज हो चुकी है दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्रकेककुआ राउतगांव में रामचंद्र पुत्र गंगाराम सहित उनके परिवार को सड़क विवाद को लेकर गांव के दबंगों ने लाठी डंडों से लैस होकर जमकर की पिटाई जिससे परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पीड़ित परिवार ने सीधा आरोप लगाया मेरी भाभी और मेरी बहन मां सहित हम हमको गांव के दबंगों द्वारा लाठी डंडे से पिटाई की गई जिसके बाद हम लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया मेरी भाभी बहन और मां की तबीयत ज्यादा



खराब देखकर जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज कैली को रेफर कर दिया गया जहां मेरी भाभी बार-बार खून की उल्टी कर रही हैं लेकिन बस्ती जिले के कप्तानगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष के दबाव में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है कप्तानगंज पुलिस पर राजनीतिक दबाव के चलते आरोपियों के अभी तक ना तो गिरफ्तारी की गई है ना ही चोट के देखते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है वहीं तीन-तीन लोगों की हालत गंभीर होने के बावजूद भी पुलिस अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है वहीं पीड़ित परिवार ने थाना अध्यक्ष कप्तानगंज पर यह भी आरोप लगाया कि न्याय की कुर्सी पर वह बैठे हैं तो उनको न्याय करना चाहिए था राजनीतिक दबाव के चलते किसी का एक तरफ पक्ष नहीं लेना चाहिए वहीं, वहीं पिंडली परिवार ने यहां आप भी लगाया कि थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक बस्ती तक शिकायती पत्र दी गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ नहीं हो रहा है वहीं थाना अध्यक्ष कप्तानगंज द्वारा दबाव के चलते दोनों पक्षों को धारा 151 के तहत चालान कर दिए ।इस मामले में पुलिस अधीक्षक बस्ती कमरे पर तो नहीं बोले लेकिन उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में है पीड़ित पक्ष के तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जहां तक सवाल है की चोट के अनुसार धाराएं नहीं लगाई गई हैं उसकी डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर रिपोर्ट के अनुसार धाराएं बधाई जाएंगे इस घटना में जो भी दोषी है उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जारही हैं।

# चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती नष्ट, क़रीब 2 एकड़ फसल विनष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हज़ारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 26 फरवरी 2026 को चौपारण थाना अंतर्गत देहर पंचायत के खेरीगाड़ा जंगल क्षेत्र में वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर करीब 02 एकड़ भूमि में अवैध रूप से लगी अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। घटनास्थल से 4 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए। पुलिस द्वारा अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कांड दर्ज



कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में अग्रेतर कार्रवाई जारी है। इस संयुक्त अभियान में अजित कुमार बिमल एसडीपीओ बरही, एसआई सुबिंदर राम, एसआई दिव्य प्रकाश, सशस्त्र बल के जवान, बनपाल सरवन कुमार, जैनेन्द्र कुमार शामिल रहें। पुलिस ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से दुर्गम इलाकों की पहचान कर अवैध फसल को चिन्हित किया जा रहा है, जिससे कार्रवाई को और प्रभावी बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 : मतगणना को लेकर अभ्यर्थियों के साथ प्रशिक्षण सह बैठक हुई आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार-** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत मतगणना कार्य को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से 26 फरवरी को डीआरडीबी सभागार, लातेहार में प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद ने की। इस अवसर पर लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के अध्यक्ष पद एवं सभी वार्ड पार्षद पद के नामांकित अभ्यर्थी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद ने मतगणना प्रक्रिया से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मतगणना कार्य राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे मतगणना के दौरान संयम एवं अनुशासन बनाए रखें तथा प्रशासन का सहयोग करें।

प्रभारी पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) अनिल मिंज ने अभ्यर्थियों एवं उनके मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना कक्ष में प्रवेश प्रक्रिया, पहचान पत्र एवं पास निर्गत करने की व्यवस्था, टेबलवार मतगणना प्रणाली तथा आपत्तियों के निवारण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक चरण निर्धारित नियमों के तहत ही संपन्न होगा। बैठक के दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों को आचार संहिता का पालन करने, अनावश्यक भीड़-भाड़ से बचने एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मतगणना कार्य विधि-सम्मत, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दैहर में 1 मार्च को कुशवाहा समाज का होगा होली मिलन समारोह आयोजित



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत में आगामी 1 मार्च को चाय परगना के कुशवाहा समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र कुमार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के लोगों को एक मंच पर संगठित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चाय परगना के विभिन्न इलाकों से कुशवाहा समाज के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। समारोह के दौरान रंग-अबीर के साथ पारंपरिक होली मिलन का आयोजन होगा। इसके साथ ही आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और एकजुटता के संदेश के बीच सांस्कृतिक माहौल में पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था रहेगी। समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन को लेकर तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं और क्षेत्र में उत्सवी वातावरण बन गया है।

# आज की मतगणना को लेकर प्रशासन सतर्क, उपायुक्त-एसपी ने केंद्र का किया संयुक्त निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के तहत 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पोलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निकास द्वार, बैरिकेडिंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था सहित सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं का गहन जायजा लिया। उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मतगणना कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और



शांति के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परिसर में किसी भी अनावश्यक व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा केवल अधिकृत पासधारकों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र एवं आसपास के क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतगणना प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाएगा, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा बनी रहे।

## चरखीपहाड़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शानदार शुभारंभ, मलहारा इंडिया ने जीता उद्घाटन मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जसीडीह, देवघर, झारखंडः-** जसीडीह क्षेत्र के चरखीपहाड़ी मैदान में आज चरखीपहाड़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साह और खेलभावना के बीच संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने फीता काटकर किया। खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन मुकाबला मलहारा इंडिया और रांगा मोड़ बुलडोजर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने मैदान पर पहुंचकर सिक्का उछालकर टॉस कराया, जिसमें रांगा मोड़ बुलडोजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मलहारा इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन के दम पर 134 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में उतरी रांगा मोड़ बुलडोजर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित स्कोर हासिल नहीं कर सकी। परिणामस्वरूप मलहारा इंडिया ने 34 रनों से जीत दर्ज कर उद्घाटन मैच अपने नाम किया।

मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। साथ ही आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मिली जानकारी के मुताबिक टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं और फाइनल मुकाबला 8 मार्च, 2026 को खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के सदस्य ओम प्रकाश, तूपलाल, कामेश्वर, रंजन, बिमल, महावीर, किशन सहित युवा नेता कुंदन शर्मा, नयन राज साहनी, सच्ची झा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों को लेकर चला अभियान, 20 वाहनों के चालान

**तालबेहट।** क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई और लापरवाही बरतने वालों को फटकार भी लगाई गई।

तालबेहट सीसी टीम प्रभारी कमलेश कुमार के निर्देशन में हेलमेट, सीट बेल्ट, दोपहिया पर तीन सवारी, फॉल्टी नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म के खिलाफ चेकिंग की गई। पुलिस ने दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने और गलत दिशा में वाहन न चलाने की हिदायत दी। साथ ही कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान करीब 20 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# झारखंड में पहली बार जंगली हाथी का हुआ सफल इन-हाउस उपचार, पलामू टाइगर रिजर्व ने रचा इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** झारखंड के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। पलामू टाइगर रिजर्व की विशेष रेस्क्यू एवं वेटनरी प्रबंधन इकाई ने एक वयस्क नर एशियाई जंगली हाथी का पूरी तरह इन-हाउस क्षमता के साथ सफल ट्रेंकुलाइजेशन और उपचार कर राज्य में पहली बार यह कारनामा कर दिखाया है। इसे झारखंड में वन विभाग द्वारा स्वदेशी संसाधनों से जंगली हाथी के उपचार का पहला सफल मामला माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 18 फरवरी 2026 को बेतला राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में एक वयस्क नर हाथी असामान्य रूप से चलते हुए देखा गया। फील्ड ट्रैकिंग और व्यवहारिक अवलोकन के दौरान उसके दाहिने अग्रपाद में सतही घाव पाया गया, जिससे वह लंगड़ाकर चल रहा था और स्पष्ट रूप से असुविधा में था।

### पाँच दिनों तक चली रणनीतिक निगरानी

घने जंगल, झाड़ीदार भूभाग और सीमित दृश्यता के कारण ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। रेस्क्यू टीम ने लगातार पाँच दिनों तक हाथी की गतिविधियों, भोजन स्थलों और माइक्रो-हैबिटैट का सूक्ष्म अध्ययन कर सुरक्षित ऑपरेशन विंडो तय की। इसके बाद 26 फरवरी को केमिकल इम्मोबिलाइजेशन तकनीक के माध्यम से हाथी को सुरक्षित रूप से ट्रेंकुलाइज किया गया।

### वैज्ञानिक प्रोटोकॉल के तहत हुआ उपचार

विशेषज्ञ टीम ने ट्रेंकुलाइजेशन के बाद हाथी का व्यापक उपचार किया, जिसमें घाव का क्लीनिकल एवं फॉरेंसिक परीक्षण, एंटीसेप्टिक वाउंड क्लीनिंग और डिब्राइडमेंट, एंटीबायोटिक, दर्द निवारक व एंटी-इन्फ्लेमेटरी दवाओं का उपयोग तथा फ्लुइड सपोर्ट सहित अन्य सहायक चिकित्सीय प्रक्रियाएँ शामिल थीं। उपचार के



उपरांत हाथी के सभी जीवन-चिह्न सामान्य पाए गए और उसे सुरक्षित रिकवरी अवस्था में लाया गया। फिलहाल हाथी की स्थिति स्थिर है और वह निरंतर निगरानी में है।

### कुमकी हाथियों की रही अहम भूमिका

ऑपरेशन के दौरान प्रशिक्षित पालतू (कुमकी) हाथियों की सहायता से लक्ष्य हाथी तक सुरक्षित पहुँच बनाई गई। इससे ट्रैकिंग और उपचार प्रक्रिया को सुचारु रूप से अंजाम देने में बड़ी मदद मिली।

### विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने निभाई जिम्मेदारी

अभियान का नेतृत्व पलामू टाइगर रिजर्व (उत्तरी) के उपनिदेशक प्रजेश जेना (ढ्सस) के मार्गदर्शन में किया गया। बेतला रेंज के वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश दुबे, वेटरनरी डॉक्टर सुनील कुमार एवं पुरुषोत्तम कुमार, फील्ड बायोलॉजिस्ट तथा रेस्क्यू और महावत टीम के सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस मिशन को सफल बनाया।

### वन्यजीव प्रबंधन में मील का पत्थर

यह सफलता झारखंड में वन्यजीव चिकित्सा, आपातकालीन रेस्क्यू क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी संस्थागत उपलब्धि मानी जा रही है। अब पलामू टाइगर रिजर्व की टीम जटिल वन्यजीव उपचार कार्य स्वतंत्र रूप से करने के साथ-साथ राज्य के अन्य वन प्रभागों को भी तकनीकी सहयोग देने में सक्षम होगी। यह अभियान मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन, वन्यजीव स्वास्थ्य सुरक्षा और सामुदायिक संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिश्री में लगा गंदगी का अंबार, नहीं हो रहा है कोई सुनवाई




**नियमित सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश, वर्षों से सड़क पर बह रहा गंदा पानी**

**कोन /सोनभद्र** – नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत मिश्री में पासवान बस्ती की ओर जाने वाली लगभग 300 मीटर लंबी नाली की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है। इस लापरवाही के कारण स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से नाली की सफाई न होने के कारण भारी मात्रा में गंदगी जमा हो गई है। इससे उन्हें दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के नियमों के अनुसार नालियों की नियमित सफाई और स्वच्छता बनाए रखना ग्राम पंचायत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कागजों तक ही सिमट कर रह गया ।नाली का पानी अब मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे आवागमन में लोगों को हो रही है काफी परेशानियाँ। जिसके संबंध में स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल नाली की सफाई कराने की मांग किया है। इस बावत् एडीओ पंचायत ने कहा कि ऐसा नहीं है पर अगर ग्रामीणों की शिकायत है तो सफाई अवश्य करा दिया जायेगा।

### दहेज उत्पीडन् व मारपीट का मामला दर्ज

**पति सहित तीन पर एफआईआर**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दहेज की मांग, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झांसी निवासी शिकायतकर्ता श्याम कुमार (एडवोकेट) ने कोतवाली ललितपुर में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री की शादी जून 2023 में नेहरू नगर, ललितपुर निवासी अच्युत पुत्र लक्ष्मीकांत के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा और आए दिन पुत्री के साथ मारपीट व मानसिक उत्पीडन् करता था। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी शराब पीने का आदी है और विरोध करने पर पत्नी का वेतन भी छीन लेता था। 1 फरवरी 2026 की रात आरोपी ने कथित तौर पर पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता किसी तरह पड़ोसी के घर पहुंचकर अपनी जान बचा सकी और परिजनों को सूचना दी। पीड़िता के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी के माता-पिता भी उसे प्रताड़ित करने में सहयोग करते हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने अच्युत, उसके पिता लक्ष्मीकांत और मां राजरानी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सीमा प्रजापति को सौंपी गई है।

### टैक्सी में टक्कर के बाद चालक से मारपीट, अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार से टैक्सी में टक्कर मारने और विरोध करने पर चालक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी योगेन्द्र गौतम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी 2026 की सुबह करीब 9.15 बजे वह अपनी टैक्सी (यूपी 94 टी 3788) से स्टेशन से सवारी लेकर आजादपुरा जा रहे थे। इसी दौरान महावीर नेत्र चिकित्सालय के पास सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही कार (यूपी 94 आर 1999) ने उनकी टैक्सी में टक्कर मार दी। आरोप है कि जब उन्होंने मौके पर रुककर विरोध किया तो कार सवार 4-5 अज्ञात लोग उतर आए और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक व अन्य के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डीएम ने तहसील और एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण

**●एसडीएम कार्यालय की छत की मरम्मत और कार्यालयों रंगाई-पुताई के दिए निर्देश, राजस्व जमा न करने पर बकायेदारों को करें गिरफ्तार**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- जिलाधिकारी ने गुरुवार को तहसील व एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां भी कमियां नजर आई उन्होंने दुरुस्त करने के निर्देश एसडीएम व तहसीलदार को दिए। गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कोंच तहसील व एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने एसडीएम कार्यालय की छत की मरम्मत और एसडीएम व तहसील कार्यालयों की सही से रंगाई पुताई कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कार्यालयों के दस्ताबेजों को ठीक से रखरखाव करने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय में दो और कर्मचारी संबद्ध करने के आदेश दिए है जिससे न्यायालय का काम प्रभावित न हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना कारण के न्यायालयों में सामान्य तिथि न लगाएं, मुकदमों की तारीखें बढ़ाने का कारण भी स्पष्ट लिखे। जिलाधिकारी ने एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए कि तहसील के बड़े बकायेदारों पर अभियान चलाए और राजस्व जमा न करने पर उनकी गिरफ्तारी करें। उन्होंने कहा कि सभी डाक ऑनलाइन कर दी गई हैं जिससे अब संबधित अधिकारी या कर्मचारी डाक ऑनलाइन ही डाउनलोड कर सकेगा। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान रजिस्टर का भी निरीक्षण किया और पांच शिकायतकर्ताओं से खुद फोन पर बातचीत कर निस्तारण की गुणवत्ता परखी। उन्होंने आपूर्ति कार्यालय का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के अपात्रों को चिंहित कर उन्हें हटाए और उनकी जगह पर पात्र लोगों को सूची में शामिल करें। डीएम ने तहसीलदार परिसर के अंदर बार भवन के पास बने शौचालय में नगर पालिका का केयरटेकर नियुक्त करने व साफ सफाई की जिम्मेदारी के आदेश नगर पालिका को दिए।

**कोंच तहसील कार्यालय के नए भवन के लिए भेजा गया प्रस्ताव**

कोंच(जालौन)- एसडीएम और तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने आए डीएम राजेश कुमार पांडेय ने मीडिया को बताया कि कोंच तहसील कार्यालय का भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया है जिसको देखते हुए तहसील के नए भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है, प्रस्ताव पास होते ही इसी जगह पर नया भवन निर्मित कराया जाएगा।

### सांसद की अध्यक्षता में आज होगी दिशा समिति की बैठक

**ललितपुर।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के तत्वाधान में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आगामी शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली इस बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।परियोजना निदेशक द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगी।बैठक की अध्यक्षता सांसद अनुराग शर्मा करेंगे। बैठक में जिले के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना है। बैठक में समस्त प्रमुख क्षेत्र पंचायत, अध्यक्ष नगर पंचायत, सांसद द्वारा नामित सदस्य और जनपद के सभी संबंधित आला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## परीक्षा देकर लौट रहीं स्कूटी सवार तीन छात्राएं बाइक की टक्कर से घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)**- बुधवार की शाम इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा देकर स्कूटी पर सवार होकर घर जा रहीं तीन छात्राएं सड़क हादसे में घायल हो गईं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्कूटी में टक्कर मारने वाली बाइक का चालक बाइक सहित मौके से भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आनंदनगर अंडा निवासी छात्रा शालिनी, कशिश और महक का इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा केंद्र एसआरपी इंटर कॉलेज कोंच में नियत है। बुधवार को द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान की परीक्षा देकर उक्त तीनों छात्राएं शाम करीब साढ़े 5 बजे एक ही स्कूटी पर सवार होकर वापस अपने घर जा रही थीं। स्कूटी जैसे ही उरई रोड पर नहर के समीप पहुंचीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार आयी एक बाइक चालक ने लापरवाही बरतते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों छात्राएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं जा जबकि बाइक चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों ने घायल छात्राओं को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों छात्राओं की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच पड़ताल की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात बाइक और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

## अनपरा तापीय परियोजना के सीजीएम बने इं अजय कटियार

**●अधिकारियों तथा विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर नवागत सीजीएम का किया स्वागत**

**बिजली कार्मिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जायेगा निस्तारण - सीजीएम**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अनपरा/ सोनभद्र**- उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा जारी आदेश के तहत अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार को मुख्य महाप्रबंधक तापीय परिचालन इकाई लखनऊ तथा जवाहरपुर तापीय परियोजना के परियोजना प्रमुख इं अजय कटियार को मुख महाप्रबंधक अनपरा तापीय परियोजना की नई जिम्मेदारी मिलने पर गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत सीजीएम अनपरा इं अजय कटियार को परियोजना के अधिकारियों तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया तथा बधाई दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कार्मिकों को आशा है कि नए सीजीएम भी परियोजना की समस्यायों को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों समेत सभी वर्ग के हित के लिए कार्य करेंगे।

वही इस उपलक्ष में अनपरा तापीय परियोजना के अधिकारियों द्वारा कॉलोनी परिसर स्थित प्रेक्षागृह में इं जेपी कटियार के विदाई एवं इं अजय कटियार के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अभियंताओं ने दोनों मुख्य मुख्य महाप्रबंधकों द्वारा पूर्ववर्ती यूपी स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड तथा बिजली विभाग के विघटन के पश्चात राज्य विद्युत उत्पादन निगम के विभिन्न परियोजनाओं पर उनके तकनीकी दक्षता,कठिन परिश्रम,सहयोगी भावना,निर्णय लेने की क्षमता तथा कुशल मैनेजमेंट से उनके द्वारा हासिल किए गए प्लांट की तमाम उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनो अभियंताओं को नई जिम्मेदारी मिलने से अभियंताओं को आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि कम लागत में अधिक से अधिक सतत विद्युत उत्पादन होगा, स्थानीय समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण होगा तथा इनके कुशल मार्गदर्शन में परियोजना नई - नई कीर्तिमान स्थापित करेगा। इं जेपी कटियार द्वारा अनपरा तापीय परियोजना को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में बहुमूल्य योगदान तथा कार्मिक हितों को देखते हुए कॉलोनी परिसर में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई तथा अधिकारियों द्वारा स्मृति भेंट कर उन्हे भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ, महाप्रबंधक सिविल इं राजीव कुमार, महाप्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी, सीएमओ डॉ अमरनाथ बरनवाल,अधीक्षण अभियंता मुख्यालय इं कर्मेंद्र सिंह,इं उत्पल शंकर,इं अच्युतेश कुमार,इं एसके रजक,इं आलोक त्रिपाठी,इं चंद्र प्रकाश,इं वीके सिंह,इं आरके सिंह, इं वीके दिनकर, इं महेंद्र सिंह,अधिशासी अभियंता इं पवन तिवारी,इं राम ज्ञान सिंह,इं अदालत वर्मा,इं मनोज यादव, इं सुभाष पटेल,इं राम प्यारे वर्मा,इं प्रमेंद्र चौधरी,इं बीआर पटेल,इं राजेश पांडेय,इं अभय कुमार,अभिषेक सिंह,वीके आनंद, मुकेश जायसवाल,श्याम बिहारी सिंह, बृज बिहारी यादव,राज कुमार यादव, राज कुमार सिंह,राजेंद्र प्रसाद सिंह,सीलियम मसीह, जितेंद्र जायसवाल,इंद्रेश सिंह,सूरज गुप्ता, फिरोज अंसारी, वीरेंद्र वर्मा,विकाश कनौजिया, सुधीर पटेल,एस के मधुकर, प्रभाकर सिंह, अखिलेश कुमार,नीरज जायसवाल, योगेंद्र मिश्रा,महबूब अहमद,इंद्र कुमार सिंह, राकेश जायसवाल,प्रमोद मिश्रा, कैलाश नाथ पाल,सुरजन सिंह, मंगल मणि, राम जन्म,अभय सिंह, समेत तमाम अधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

# तुलसी राम औषधि पार्क पर कब्जे का आरोप

**●डीएम के निर्देश पर ईओ ने किया निरीक्षण**

**आम जनता के लिए खोलने की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** नगर के सिविल लाइन स्थित चर्च के पीछे स्थित नगर पालिका संचालित तुलसी राम औषधि पार्क को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पार्क को आम जनता के लिए खुलवाने और अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। डीएम के आदेश पर अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने नपा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ तुलसीराम पार्क पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया और नगर पालिका का ताला डालते हुये कहा कि पार्क को नियमानुसार आम लोगों के लिए खोला जाये।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पार्क पर अधिकांश समय ताला लगा रहता है, जिससे आम लोगों को इसका उपयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्क का निजी उपयोग किया जा रहा है और यहां लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधों को उखाड़कर उनकी जगह फूलदार पौधे लगा दिए गए हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि पार्क परिसर में निजी सोफे रख दिए गए हैं तथा टीन शेड लगाकर इसे मनोरंजन स्थल में तब्दील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों से विकास के नाम पर अवैध उगाही किए जाने की भी बात कही गई है। देर रात तक लाउडस्पीकर पर फिल्मी गीत बजने से आसपास के मोहल्ले, विद्यालय और चिकित्सालय प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पार्क में पुनः औषधीय पौधों का रोपण कराया जाए, पार्क को आम जनता के लिए नियमित रूप से खोला जाए तथा पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने कई दुकानों से भरा जांच हेतु सैंपल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)**- रंगों के साथ लजीज व्यंजनों से परिपूर्ण प्रमुख होली पर्व नजदीक आते ही दूषित, मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री की बिक्री पर लगाम लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा टीम छापामार कार्यवाही करने लगी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आयुक्त एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में सहायक आयुक्त खाद्य डॉ जतिन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार को मुख्य बाजार सहित नगर के कई स्थानों पर किराना, मिठाई आदि दुकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए खाद्य सामग्री का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। टीम ने मनोहर लाल पंसारी की दुकान से सिंघाड़े का आटा, नरोत्तम की दुकान से पापड़, विवेक अग्रवाल के मील से सरसों के तेल का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। डॉ जतिन कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे, कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने खाद्य सामग्री से जुड़ी सभी दुकानों के संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि दूषित, नकली और मिलावटी सामग्री कदापि न बेचें, आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वाले दुकानदारों को बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान फिलहाल जारी रहेगा। निरीक्षण टीम में फूड इंस्पेक्टर सुनील कुमार, कन्हैया लाल, महेश कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। उधर, नगर में खाद्य सुरक्षा टीम के आने की जानकारी मिलने पर तमाम दुकानदार अपनी अपनी दुकानों के शटर नीचे डालकर सड़क पर दाएं बाएं खड़े नजर आए और दुकानदारों में पूरे दिन हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### पुरानी रंजिश या नशे का मामला?

**ललितपुर में युवक के घर चढ़कर मारपीट और जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तालाबपुरा मोहल्ले में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तालाबपुरा निवासी अमरपाल यादवने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बुधवार, 25 फरवरी 2026 की रात वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान विकाश यादव, हर्ष सोनी और विशाल नामक युवकों ने उसे फोन किया और नशे की हालत में भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी यहीं नहीं रुके, वह उसके घर तक पहुंच गए और वहां भी गाली-गलौज जारी रखी। जब अमरपाल ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके गले के दाहिने हिस्से में चोट आई है। जाते समय हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## व्यापारी की 21 वर्षीय पुत्री घर से भागी, रिर्पोट दर्ज

**●आस पड़ोस की नजरों से बचने के लिए पहन रखा था बुर्का, लाखों रूपये कीमत के जेवरात से भरा थैला ले गई साथ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच (जालौन)**- स्थानीय एक व्यापारी की 21 वर्षीय बेटी के घर से भाग जाने की घटना में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं। बताया जा रहा है आस पड़ोस के लोगों की निगाहों से बचने के लिए युवती ने घर से भागते समय बुर्का पहन रखा था और वह लाखों रूपये कीमत के भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरातों से भरा थैला भी साथ ले गई है। हालांकि थैले में कितना माल है यह पुष्ट नहीं हो सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के एक मोहल्ला निवासी कॉस्मेटिक सामग्री के व्यापारी की 21 वर्षीय बेटी एक महानगर में रहकर डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही है। बुधवार की सुबह कोंच नगर स्थित घर पर उसकी बुजुर्ग दादी अकेली थी जबकि माता पिता कहीं बाहर गये हुए थे। इसी का फायदा उठाकर उक्त युवती बुर्का पहन कर घर से बाहर निकली और ई रिक्शा में बैठ कर भाग निकली। बताया जा रहा है कि युवती अपने घर में से अपने साथ एक थैला लेकर बाहर निकली थी लेकिन थैले का वजन अधिक होने से उसने वहां से गुजर रहे किसी लड़के से उक्त थैला ई रिक्शा में अपने पास रखवाया। बताया जा रहा है कि थैले में लाखों रूपये कीमत के भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी भरी हुई थी। घटना में पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोप में अज्ञात युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस जांच के दौरान घर के आसपास के तमाम सीसीटीवी फुटेज में उक्त युवती बुर्का पहन कर और थैला लेकर ई रिक्शा से जाती हुई कैद हुई है। सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि युवती के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। पूरी गंभीरता के साथ पुलिस की अलग अलग टीम युवती की बरामदगी के प्रयास में लगी हुई हैं। फिलहाल नागरिकों की जुबां पर यह सवाल बना हुआ है कि उक्त युवती आखिर किसके साथ और किधर गई है।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में गहन पुर्ननिरीक्षण की भूमिका पर द्वितीय एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ओबरा / सोनभद्र** -राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के तत्वाधान में मतदान का महत्व एवं गहन पुर्ननिरीक्षण की भूमिका' विषय पर द्वितीय एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) प्रमोद कुमार ने अपने आशीर्वचनों से प्रारंभ किया। सर्वप्रथम अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों कार्यक्रम अधिकारियों के साथ स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि आपके व्यक्तित्व के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस आयोजन के माध्यम से आप सभी को राष्ट्र और समाज से जोड़ने का एक सशक्त भूमिका प्रदान करते हैं, जिससे आप में वसुधैव कुटुंबकम की भावना का प्रादुर्भाव होता है। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार ने आगे कहा कि सामाजिक न्याय और मताधिकार लोकतांत्रिक समानता के दो मुख्य स्तंभ हैं, जो सभी नागरिकों को, बिना किसी भेदभाव (जाति, धर्म, लिंग, आर्थिक स्थिति) के, समाज के संसाधनों और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। यदि स्फ्ढ्ढक्र नहीं होगा तो हम या निर्धारित ही नहीं कर सकते कि कौन व्यक्ति सही मतदाता है और कौन अवैध मतदाता है। अतः सही और वैध मतदाता को सुनिश्चित करने के लिए एवं मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए स्फ्ढ्ढक्र आवश्यक है जिससे पक्षपातपूर्ण एवं अवैध मतदान को रोका जा सके और एक स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना संभव हो। SIR में बोगस वोटर, मृत वोटर एवं एक वोटर का नाम कई जगह चला आ रहा है जैसे दोषों को दूर करना स्फ्ढ्ढक्र का कार्य है, आदि वक्तव्यों के द्वारा स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को समझाकर रैली को कार्यस्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली गांव के विभिन्न बस्तियों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। गांव के लोगों को SIR और मताधिकार के विषय में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने विस्तार पूर्वक बताया। सामाजिक समानता और मताधिकार के महत्व एवं आवश्यकता बताते हुए लोगों से 18 वर्ष की उम्र, जो भी बालक एवं बालिकाएं पूर्ण कर चुके हैं, अपना नाम स्फ्ढ्ढक्र के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने, जिनका नाम किन्हीं कारण से छूट गया है उनका नाम भी सूची में डलवाने, मृत व्यक्ति का नाम सूची से हटाने आदि अपील के द्वारा स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने SIR पर बस्ती के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। रैली का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन कुमार, डॉ.आलोक यादव, डॉ. संघमित्रा एवं अंजलि मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी अंजलि मिश्रा ने सभी सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त द्वितीय एक दिवसीय शिविर के कार्यक्रम में डॉ संतोष कुमार सैनी, डॉ विकास कुमार, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ. विभा पांडेय, डॉ विनोद बहादुर सिंह, डॉ. वैशाली शुक्ला इत्यादि प्राध्यापकगण, कार्यालय अधीक्षक राजेश्वर रंजन, महेश पांडेय, सरफुद्दीन, मनीष इत्यादि कर्मचारीगणों के साथ - साथ राजेश, सूरज, अक्षय, श्याम, कुणाल, नित्या, प्रिया, आँचल, खूशबू, कामना, साक्षी, आकाश, परशुराम, मधु, अमित, अनिल, खुशी इत्यादि भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# युवा कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी पर भड़का आक्रोश

**●जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ऋतिक शुक्ला की गिरफ्तारी को फर्जी और दुर्भावना पूर्ण करार देते हुए इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और ऋतिक शुक्ला की तत्काल रिहाई की मांग की गई है।

**क्या है पूरा मामला?**

कांग्रेस कमेटी द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार, पुलिस ने ऋतिक शुक्ला को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। आरोप है कि बिना किसी पर्याप्त आधार और निष्पक्ष जांच के उन्हें हिरासत में ले लिया गया। कांग्रेस का दावा है कि यह गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते एक फर्जी मुकदमे के आधार पर की गई है।

**लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार : कांग्रेस**

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्रवाई व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस प्रकार की कार्रवाई से जनता का व्यवस्था पर से विश्वास कम होता है।

**इन प्रमुख मांगों पर अड़े कार्यकर्ता**

जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति से इस प्रकरण में हस्तक्षेप की अपील करते हुए मांगेंरखीहैं कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। ऋतिक शुक्ला को तत्काल रिहा किया जाए। न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, अजय प्रताप सिंह तोमर, डा.सुनील खजुरिया, पं.शशिकान्त दीक्षित, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, मकरंद किलेदार विक्की भैया, अजय कुशवाहा, नेहा तिवारी, सीताराम, बलवंत सिंह, कुलदीप पाठक, आसिफ एड., संजय जैन मोदी, गजेन्द्र सिंह, मु.उवेश, महेशचंद्र, रामभरोसे कुशवाहा, महेन्द्र पनारी, राजा राजपाल सिंह के अलावा अनेकों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने बिठूर महोत्सव स्थल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**कानपुर।** आज दिनांक 26.2.2026 को बिठूर में आयोजित होने वाले महोत्सव स्थल का निरीक्षण एस. एम. काशिम आबिदी, पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा किया गया। उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान महोत्सव स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, अग्निशमन व्यवस्था एवं आपातकालीन निकास मार्गों का गहनता से अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महोत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण हेतु प्रभावी योजना लागू करने एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने पर बल दिया गया।

### पेयजल टैंकर व यात्री प्रतीक्षालय कानपुर की जनता को समर्पित किया



**कानपुर।** सरसैया घाट के गंगा द्वार पर विधायक सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि से निर्मित 3 पेयजल टैंकर्स, उ0प्र0 सरकार व कानपुर के प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने जनता को समर्पित किये व यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। आज दिनांक 26 फरवरी 2026 बृहस्पतिवार को दोपहर 2.00 बजे सरसैया घाट स्थित गंगा द्वार पर विधायक सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि द्वारा बनवाये गये 3 पेयजल टैंकर उ0प्र0 सरकार के मंत्री एवं कानपुर नगर के प्रभारी मंत्री माननीय योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा जनता को समर्पित किये तथा राहगीरों की राहत हेतु बनवाये गये यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, सांसद रमेश अवस्थी, रघुनन्दन भदौरिया, सलिल विश्नोई के साथ दीपक शुक्ला, नवाब सिंह, अभिषेक गुप्ता मोनू, मनीष रावत, ऋषि तिवारी, गोल्डन सिंह, लाला जैन सहित भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीबीएसई बोर्ड 12 वीं के भूगोल विषय की परीक्षा संपन्न



**प्रतापगढ़।** जिले के पांच परीक्षा केंद्रों क्रमशः न्यू एंजिल्स सीश सेश स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, आत्रेय एकेडमी, डॉल्फ़िन पब्लिक स्कूल और जेएमजी पब्लिक स्कूल कालाकांकर में हुई, जिसमें प्रतापगढ़ सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 171 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कुल 172 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिनमें से केवल एक परीक्षार्थी अनुपस्थित हुआ। सीबीएसई कक्षा 10 की फाउंडेशन स्किल फॉर साइंसेज विषय की भी परीक्षा थी,जो केवल एक सेंटर डॉल्फ़िन पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई। इसमें 70 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे। कोई अनुपस्थित नहीं हुआ।

परीक्षार्थियों के अनुसार 12वीं भूगोल का प्रश्न पत्र बहुत सीधा और सरल था। सभी प्रश्न एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक से ही लिए गए थे। प्रश्न पत्र के लॉन्ग आंसर वाले प्रश्न अपेक्षाकृत अधिक लंबे मगर आसान थे। काफी परीक्षार्थियों को केस बेस्ड प्रश्न थोड़े मुश्किल लगे। कुल मिलाकर भूगोल का पेपर बहुत संतुलित था। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ.शाहिदा ने बताया कि कक्षा 10 वीं और 12 वीं की अगली परीक्षा कल यानि 27 फरवरी को क्रमशः कंप्यूटर और पेंटिंग की होगी।

# भारत-मैक्सिको संसदीय मैत्री समूह का नेतृत्व करेंगे प्रमोद तिवारी

**●प्रमोद के चयनित होने पर बढ़ा प्रतापगढ़ का मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को देश के वैश्विक सम्बन्धों को मजबूत बनाने में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर एक और नई अहम संसदीय जिम्मेदारी मिली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा गठित किए गए चौसठ राष्ट्रों के भारत के साथ वैश्विक सम्बन्धों को धार देने के लिए वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी का भी चयन किया गया है। नई जिम्मेदारी के तहत प्रमोद तिवारी इस संसदीय मैत्री समूह के जरिए देश की संसद के विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी इन देशों के साथ पारंपरिक राजनय व संसदीय स्तर पर भी मजबूत सम्बन्ध स्थापित करने में देश की ओर से सार्थक भूमिका निभायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी इस गठित संसदीय मैत्री समूह में छः अन्य सांसदो के साथ भारत-मैक्सिको ग्रुप का लीडर बनाया गया है। इससे प्रतापगढ़ जिले का अब देश व दुनिया में प्रमोद तिवारी के नेतृत्व क्षमता के चलते और मान बढ़ा है। उपलब्धि की जानकारी मिलने पर प्रमोद तिवारी के समर्थकों व कार्यकर्ताओं में गुरूवार को प्रसन्नता भी झलक उठी दिखी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सांसद होते हुए भी प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव, वरिष्ठता, संसदीय मर्मज्ञता, तार्किक क्षमता को देखते हुए मैक्सिको के साथ भारत के मधुर रिश्ते और प्रगाढ़ बनाने की जिम्मेदारी सौपी है। सांसद प्रमोद तिवारी संसदीय समूह के नेता के तौर पर मैक्सिको समेत दुनिया के चौसठ राष्ट्रों में भी अपने समकक्षीय से सीधे संवाद के लिए अधिकृत हुए हैं। वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी यूपी विधानसभा में कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता के तौर पर विधानसभा की ओर से कॉमन वेल्थ राष्ट्रों का दौरा करने की भी उपलब्धि रखते हैं। प्रमोद तिवारी के राजनीति तथा राजनय के क्षेत्र में बेहतर संवाद शैली भी उनके संसदीय नेतृत्व क्षमता को बयां किया करती है। गौरतलब है कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता के तौर पर जिले के सांसद प्रमोद तिवारी कई राष्ट्रो के संसदीय दल के भारत दौरे मे देश का प्रतिनिधित्व भी प्रायः किया करते हैं। सांसद प्रमोद तिवारी के ग्रुप लीडर के चयन की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## भाजपा मंडल अध्यक्षों के नाम हुएं घोषित,,बरीपाल मंडल अध्यक्ष बने, आशीष पाठक



**घाटमपुर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा भाजपा कानपुर ग्रामीण ज़िले के मंडल अध्यक्षो की घोषणा की गई जिसमें बरीपाल मंडल अध्यक्ष आशीष पाठक को मनोनीत किया गया है मनोनीत होने पर बरीपाल क्षेत्र कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय जनता में उत्साह लहर दौड़ गई सभी उत्साहित जनता जनार्दन ने भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए, और कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान का आभार व्यक्त किया कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का आभार व्यक्त जो कि एक वर्ष से इंतजार था वह आज पूरी हो गई अपने मंडल अध्यक्ष द्वारा तन-मन से काम करने की शपथ ली गई,और जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़े रहेंगे।

## शुभम की याद में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज एक 'विशाल रक्तदान शिविर' का आयोजन अग्रसेन भवन किदवई नगर कानपुर में किया गया। यह शिविर 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए शहीद शुभम द्विवेदी की पावन स्मृति में आईएमए चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अनुराग मेहरोत्रा अध्यक्ष आईएमए कानपुर ने दीप प्रज्वलन एवं शहीद शुभम द्विवेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम मे शहीद शुभम के पिता संजय द्विवेदी, माता सीमा द्विवेदी, पत्नी ऐशान्या,गणमान्य अतिथियों एवं चिकित्सकों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा रक्तदान को महादान बताते हुए समाज से अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सकगण एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना तथा समाज में सेवा और समर्पण की भावना को बढ़ावा देना ही मुख्य उद्देश्य है।

## नौनिहालों की बेहतर शिक्षा को लेकर शुरू हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लालगंज,प्रतापगढ़।** बीआरसी केंद्र लालगंज पर गुरूवार से ब्लाक स्तरीय दो दिवसीय वंडर बाक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नौनिहालों को खेल खेल में पढ़ाने को लेकर वंडर बाक्स के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गयी। बतौर प्रशिक्षक एआरपी ऋषि द्विवेदी, विकास सिंह व शैलेष गुप्ता ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों व शिक्षकों को वंडर बाक्स की विभिन्न विधाओं जैसे अक्षर ज्ञान, प्यासा कौन, पैग बोर्ड आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नौनिहालों की शिक्षा की मजबूती पर जोर दिया। उन्होने कहा कि नौनिहालों की मजबूत नींव से ही उनका भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा। इस मौके पर उमा तिवारी, कांती मिश्रा, धर्मा देवी, हरिश्चंद्र यादव, कुसुम मिश्रा, रेखा त्रिपाठी, मोहित कौशल आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं की सुरक्षा और अधिकार के लिए संघर्ष होगा तेज

**●रूरल बार एसोसिएशन ने सुरक्षा यात्रा के सहयोगियों को किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मुहिम को प्रदेश की राजधानी में लगातार धार देने का सिलसिला गुरूवार को भी जारी दिखा। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में अवध बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी की अगुवाई में साथियों की सुरक्षा और अधिकार को लेकर सिंहनाद किया गया। वहीं एस ब्लाक में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में प्रखर भूमिका निभाने वाले अधिवक्ताओं को पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी ने एसोसिएशन की ओर से सम्मान पत्र सौंपा। कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं की उपस्थिति भी आयोजको का मनोबल बढ़ा गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र ने किया। सम्मानित होने वाले अधिवक्ताओं में पवन शुक्ला, श्रद्धा चतुर्वेदी, भावना जायसवाल, कीर्ति आर्या, सौम्या दीक्षित, भूमिका बाजपेई, गीता मिश्रा, कंचन विश्वकर्मा, गुंजन पाण्डेय, पवन शुक्ला, जूली रस्तोगी, हर्षिता शर्मा, वंदना सिंह, धर्मेन्द्र यादव है। कार्यक्रम का संयोजन मण्डलीय अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता विजय पाल ने किया। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता आयुष त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## एमडीपीजी कालेज में एनएसयूएन का जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्रों के अनुत्तीर्ण घोषित किए जाने के विरोध में गुरुवार एमडीपीजी कालेज परिसर में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ शुभम मिश्रा की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान पूरा परिसर छात्र नारों से गूंज उठा और छात्रों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई। विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ तीव्र नारेबाज़ी की गई और छात्रों ने अपना आक्रोश खुलकर व्यक्त किया।यह प्रदर्शन कालेज के इकाई अध्यक्ष शिवांशु भट्ट के नेतृत्व में हुआ। छात्र नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा।अध्यक्ष शिवांशु भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं बल्कि व्यवस्था में व्याप्त लापरवाही के खिलाफ है। छात्र हित सर्वोपरि है और एनएसयूआई हर हाल में छात्रों के अधिकारों की रक्षा करेगी।वहीं जिलाध्यक्ष शुभम मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति को कमजोर समझने की भूल प्रशासन न करे।प्रदर्शन के पश्चात कुलपति रज्जू यूनिवर्सिटी को संबोधित ज्ञापन प्राचार्य के माध्यम से सौंपा गया।छात्रों ने स्पष्ट संदेश दिया कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा और जब तक निष्पक्ष जांच एवं न्याय सुनिश्चित नहीं होता तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर यह भी कहा कि उनकी आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से निरंतर आंदोलन करते रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से राघवेंद्र तिवारी, विकास यादव, अंजली यादव, मुस्कान यादव, स्वाति शुक्ला, रिया राय, स्नेहा सोनी, प्रिया यादव, वैष्णवी राय, श्रेजल मौर्य, शिवानी विश्वकर्मा, खुशी सरोज, अनामिका सिंह, श्रेयांशी केशरवानी, मनीषा शर्मा, बुशरा, शैला, निधि, दिव्यांशी, काजल, सलोनी, शिवानी, ऋषभ सिंह, आदित्य श्रीवास्तव, हर्षित मिश्रा, अंबुज मिश्रा, शिव बहादुर, अंकित राव, आदित्य कुमार, आकाश कुमार, सुमित मिश्रा, आयुष प्रजापति, सुमित पांडेय, शिवम सरोज, विकास कनौजिया, शेखर रावत, अभिषेक प्रजापति, कुणाल तिवारी, अनुराग सिंह, अंकित, अनिरुद्ध, मौर्य, शिवम शर्मा, आकाश, साहिल विश्वकर्मा, ओम सिंह, आदर्श दुबे, जैनब बानो, मुस्कान खान, आयशा, अंतिमा, शांति वर्मा, संध्या, ईशा यादव, सृष्टि, मुस्कान, मौजूद रहे।

## रामकथा में सीता विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के कमसार गांव में में स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठे दिन बुधवार रात कथावाचिका ज्योति किशोरी ने प्रभु श्रीराम और माता सीता के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के इस पावन अवसर पर पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा और श्रद्धालु सीताराम के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। कथावाचिका ने बताया कि जनकपुरी में आयोजित स्वयंवर में जब अनेक राजा-महाराजा भगवान शिव के धनुष को उठाने में असफल रहे, तब गुरु आज्ञा से प्रभु श्रीराम ने सहज भाव से धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष भंग हो गया। इस प्रसंग के साथ ही माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में जयमाला डालकर उन्हें अपना वर स्वीकार किया।

ज्योति किशोरी ने कहा कि राम-सीता विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि मर्यादा, धर्म और आदर्शों का पवित्र संगम है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम ने जीवनभर मर्यादा और सत्य का पालन कर समाज को आदर्श जीवन का संदेश दिया, वहीं माता सीता ने त्याग, समर्पण और धैर्य की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान में मनीष गुप्ता, आचार्य दुर्गेश शुक्ल, विनय तिवारी, सचिन तिवारी, शिवा विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, राजेंद्र यादव आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## तेंदुआ में लगा एयरटेल का टावर, ग्रामीणों को बेहतर नेटवर्क की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी –** विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम पंचायत तेंदुआ में दूरसंचार सुविधा को मजबूत करते हुए एयरटेल कंपनी का नया मोबाइल टावर स्थापित कर विधिवत चालू कर दिया गया। टावर का उद्घाटन ग्राम प्रधान दानबहादुर गुप्ता एवं पं. हरिकेश तिवारी (ब्लॉक अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन भानु) ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कमर खान, रामसुंदर नियाज, गंगा राम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने एयरटेल कंपनी एवं जीएसएम दीपक सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क न होने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल भुगतान, बैंकिंग कार्य, सरकारी योजनाओं की जानकारी, टेलीमेडिसिन और आपातकालीन सेवाओं में बड़ी बाधा आती थी। कई बार जरूरत के समय कॉल तक नहीं लग पाती थी, जिससे मरीजों, विद्यार्थियों और किसानों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। आज के डिजिटल युग में दूरसंचार केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ने का सशक्त साधन बन चुका है। इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता से गांव भी अब डिजिटल इंडिया की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।नए टावर के चालू होने से तेंदुआ व आसपास के गांवों में नेटवर्क की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और युवाओं को रोजगार व शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## धोखाधड़ी से जमीन का करा लिया बैनामा, न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फर्जीवाड़ा करते हुए महिला की जमीन का बैनामा करा लेने को लेकर पीड़िता ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगायी है। लालगंज कोतवाली के जैनपुर वार्ड की पीड़िता स्व0 राजाराम की पत्नी फूलकली ने एसडीएम को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती छः अगस्त 2025 को उसके एक रिश्तेदार ने घर आकर उसकी जमीन में से 0.017 हे0 का बैनामा तय किया। इसके लिए पीड़िता के खाते में धनराशि भी भेज दी गयी। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए रिश्तेदार ने 0.017 हेक्टेयर जमीन की जगह 0.079 हे0 जमीन का बैनामा करवा लिया। मामले को लेकर रजिस्ट्री कार्यालय के जिम्मेदारों पर भी सवाल उठ रहे हैं। पीड़िता ने वाद दायर कर एसडीएम से न्याय की गुहार की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान मे है जांच के आदेश दिये गये हैं। पीड़ित महिला को न्याय दिलाया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**●ग्रामीण पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व गौसंरक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** प्रदेश के खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना पेण्डारा का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी मजरों में नल कनेक्शन की स्थिति तथा निर्धारित समयानुसार जलापूर्ति की जानकारी ली। उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल उपलब्धता के संबंध में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग ग्रामीण द्वारा राशन कार्ड न बनने की जानकारी देने पर मंत्री ने संबंधित पूर्ति निरीक्षक को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने सीएचसी सिंहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, दवा वितरण कक्ष, वैक्सीन कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, एमएनसीयू वार्ड तथा ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर एवं सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रभारी मंत्री ने कंपोजिट विद्यालय एवं बीआरसी सिंहपुर का निरीक्षण करते हुए बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खारा स्थित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने गोवंशों के लिए हरे चारे, भूसे, पेयजल एवं पशु आहार की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने निर्देश दिया कि गोसंरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल की जाए। इसके पश्चात उन्होंने बायोगैस प्लांट एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। डीपीआरओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत खारा का समस्त कचरा प्रोसेस कर जैविक खाद तैयार की जाती है तथा गौशाला से प्राप्त गोबर व गोमूत्र से बायोगैस के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन किया जाता है, जिससे आटा चक्की व अन्य उपकरण संचालित किए जाते हैं। प्रभारी मंत्री ने इस अभिनव पहल की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम ए.के. राव, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. प्रदीप कुमार ने वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला

**●कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने किया भव्य स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** कृषि विज्ञान केंद्र सोहना में कार्यरत फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष पद पर चयनित होने पर उन्होंने केंद्र पर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान केंद्र पर तैनात वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया, पूरे परिसर में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण रहा।

पदभार ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र सोहना जनपद सिद्धार्थनगर की कृषि उन्नति एवं किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों के प्रभावी प्रसार, उन्नत बीजों के प्रयोग, प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन तथा फसल सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र का उद्देश्य केवल तकनीकी जानकारी देना ही नहीं, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाना है। वैज्ञानिकों की टीम भावना और किसानों के सहयोग से जिले की कृषि को नई दिशा दी जाएगी। इस अवसर पर अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ. शेष नारायण सिंह, डॉ. सर्वजीत, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, नीलम, दीप नारायण सिंह, विजय यादव, चैतू तथा ओम प्रकाश सहित केंद्र के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## शादी समारोह से लौट रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंदा, अस्पताल में मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर के भीतर गांव में शादी समारोह से लौट रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई,, वहीं गश्त पर निकली बिरहर चौकी पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया था,जी जहां गुरुवार सुबह परिजनों ने उनकी पहचान की जानकारी के अनुसार खुचकीपुर निवासी रामचंद्र यादव बुधवार की रात भीतरगांव स्थिति एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे,,रात करीब एक बजे जब वह साइकिल से वापस घर लौट रहे थे,,तभी ऊमरी गांव के पास सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़े हुए मिलें,गश्त कर रही बिरहर चौकी पुलिस की नजर जब घायल बुजुर्ग पर पड़ी,, तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तुरंत एंबुलेंस बुलाई और उन्हें भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,, यहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें म्रत घोषित कर दिया,, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा,, गुरुवार सुबह पुलिस की सूचना पर अस्पताल पहुंचे,, बेटे मोहित यादव ने म्रतक की पहचान पिता के रूप में की,, म्रतक के छोटे भाई श्याम लाल ने बताया कि रामचंद्र अपने के साथ साइकिल से शादी में गए थे, हादसे की ख़बर मिलते ही ग्रामीण और परिजन अस्पताल पहुंचे,मोर्चरी में शव देखते ही परिवार मे चीख पुकार मच गई,बिरहर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## विधायक ने प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परसिया व पूर्व माध्यमिक विद्यालय भाद मुस्तहकम में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने पहुंचकर पूर्व के दिनों में आयोजित हुये खेल स्पर्धाओं के अंतर्गत विभिन्न खेलों में स्थान प्राप्त करने वाले तीनों विद्यालयों के छात्र - छात्राओं को मेडल, शील्ड व ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में असीम प्रतिभाएं छिपी हैं। अगर उन्हें सही प्रशिक्षण व मार्गदर्शन मिले तो वे क्षेत्र व समाज का नाम रोशन कर सकेंगें। विधायक ने खेल में रुचि वाले छात्र-छात्राओं को खेल संसाधन में सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में कार्यरत शिक्षक को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी और अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान रामदास मौर्य, विजय गुप्ता, अनिल मिश्रा, विवेक कुमार, विजय पांडेय, प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, सन्तोष कुमार, वार्डेन नीलम चतुर्वेदी, चैन कुमार , मुस्तन शेरुल्लाह ( राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ) , पवन कुमार, सिद्धर्थ कुमार, नागेंद्र कुमार, मनमोहन, रेनू मद्देशिया, राकेश कुमार, प्रीती जायसवाल , मुस्तन शेरुल्लाह, मृदुलेश, रुबी यादव, रंजना, सरिता, चन्दा, रागिनी, सुनीता, शकुंतला, प्रदीप उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## दि सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड द्वारा मिल क्षेत्र में बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को किया गया जागरूक

### बसंतकालीन गन्ना बुवाई पर वृहद किसान गोष्ठी

**बिसवां सीतापुर** दि सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड द्वारा मिल क्षेत्र में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को जागरूक करने हेतु वृहद किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सर्किल सांडा के ग्राम बोहरा भवानीपुर व सरैया मिर्ज़ापुर में गोष्ठी संपन्न हुई। चीनी मिल के महाप्रबंधक डॉ. अनूप कुमार ने किसानों को गन्ना बुवाई विधि, भूमि उपचार, ट्रेंच विधि, दो आंख के टुकड़े काटने, उन्नत प्रजातियों के चयन तथा सह फसल के रूप में मूंग-उड़द की बुवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गन्ना निश्चित मूल्य वाली फसल है, जिसे वैज्ञानिक तरीके से उगाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने को 15023, को 0118, 13235, 17231 तथा जलभराव में को 98014 प्रजातियों की बुवाई की सलाह दी। साथ ही मृदा जांच के आधार पर उर्वरक प्रयोग, सनई-डेंचा को हरी खाद के रूप में पलटने, गोबर की सड़ी खाद, प्रेसमड व कंपोस्ट के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि 'मृदा उर्वरता ही उत्पादकता की कुंजी है। 'कार्यक्रम में चीनी मिल के प्रबंधक विमल मिश्रा, वरिष्ठ गन्ना विकास अधिकारी प्रभात कुमार सिंह तथा क्षेत्रीय राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## पुलिस की कार्रवाई में 12 वाहन सीज, 136 का ई चालान

**देवरिया,** 26 फरवरी। जनपद भर में मिशन शक्ति फेज-5.0 और शक्ति दीदी अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने नगवा खास, भाटपाररानी सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 समेत अन्य आपात सेवाओं के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। वहीं अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बनकटा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर, यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 136 वाहनों का ई-चालान किया और 12 वाहनों को सीज किया। बिना फिटनेस, लाइसेंस और अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की गई।

# बलिया में STF-पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 471 पेटी अवैध शराब बरामद; तीन तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) और बैरिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 471 पेटी अवैध शराब जब्त की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जयप्रकाश नगर के भवन टोला बंधे के रास्ते दो पिकअप वाहनों में शराब भरकर उसे नदी के रास्ते नाव से बिहार भेजने की तैयारी है। सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक फैजुद्दीन सिद्दिकी (STF) और प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम भवन टोला बंधे से पहले ही घेराबंदी कर पिकअप वाहनों का इंतजार करने लगी।

कुछ ही देर बाद एक के पीछे एक दो पिकअप वाहन भवन टोला बंधे की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस ने तत्काल पीछा किया। आगे रास्ता बंद देख वाहन चालकों ने गाड़ी रोक दी और उसमें सवार लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धर्मजीत भारती (निवासी हुसैनाबाद बांसडीह), करन कुमार शाह (निवासी बैरिया) और पिंटू प्रसाद (निवासी बहादुरपुर, कोतवाली बलिया) के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब बैरिया स्थित गोदाम से लाई गई थी और इसे नाव के जरिए बिहार भेजा जाना था। पुलिस ने दोनों पिकअप वाहनों की तलाशी में विभिन्न ब्रांडों की कुल 471 पेटी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा दोनों पिकअप वाहनों को भी जब्त कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्री श्याम फागुन सतरंगी निशान उत्सव यात्रा का आयोजन हुआ संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)** आस्था, उत्साह और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ श्री श्याम फागुन सतरंगी निशान उत्सव यात्रा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। 'जय श्री श्याम' और 'जय सालासर बालाजी' के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। निशान यात्रा हनुमान मंदिर शुगर फैक्ट्री से प्रारंभ हुई। इससे पूर्व बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी चीनी मिल हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत यात्रा प्रारंभ की गई। यात्रा निर्धारित मार्ग से होकर गुजरी, जिसमें शुगर फैक्ट्री मुख्य द्वार, मिस्टरगंज, तहसील, बड़ा चौराहा, पत्थर शिवाला, कोतवाली चौराहा होते हुए श्रद्धालु श्री खाटू श्याम मंदिर, बिसवां पहुँचे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। निशान यात्रा में सबसे आगे बालाजी एवं श्याम बाबा का मुख्य निशान रहा। श्याम भक्त भक्ति भाव से चलते हुए श्याम बाबा के जयकारे लगाते रहे।

पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के समापन पर मंदिर में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थित उत्सव को अत्यंत भव्य और सफल बना दिया। निशान यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सुरेंद्र जी शिवकुमार खेतान मुकेश खेतान मनीष खेतान संतोष गुप्ता महानारायण वर्मा मयूर वर्मा नरेश खेतान सचिन गुप्ता लकी सरदार अंकित धवन अमित नौसरिया प्रतीक अग्रवाल डॉ विमल गुप्ता जय सिंह अनुपम अग्रवाल अनिल रस्तोगी अनूप श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## जिला एकीकरण समिति की बैठक आज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**देवरिया।** जिला एकीकरण समिति की बैठक आयोजित की गयी है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे गांधी सभागार, विकास भवन में संपन्न होगी। बैठक में समिति से जुड़े जनपद के माननीय सदस्य भाग लेंगे। स्थानीय समाज में आपसी एकता को मजबूत बनाने, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने तथा सामाजिक सद्भाव को प्रोत्साहित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सदस्यों द्वारा सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर रणनीति तय की जाएगी। प्रशासन की ओर से सभी संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर रचनात्मक सुझाव देने का अनुरोध किया गया है, ताकि जनपद में शांति, एकता और भाईचारे का वातावरण सुदृढ़ हो सके।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक सम्पन्न

### ● जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गम्भीरता से लेकर निस्तारण करायें-सांसद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक विकास भवन के सभागार में सांसद प्रतापगढ़ डा0 शिवपाल सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें सांसद कौशाम्बी पुष्पेन्द्र सरोज, विधायक रानीगंज डा0 आरके वर्मा, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक पट्टी राम सिंह पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह 'लाल साहब', एमएलसी प्रतिनिधि शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, विधायक सदर के प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, एमएलसी डा0 महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाये के मुद्दों सुझावों पर की गयी कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायत कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सर्व शिक्षा अभियान, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना आदि के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या व की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में चर्चा के दौरान विधायक रानीगंज व विधायक विश्वनाथगंज द्वारा अमृत सरोवरो में पानी के जल भराव का प्रकरण उठाया गया है और अमृत सरोवर/तालाब को कैनाल से जोड़ने की बात कहीं गयी जिससे अमृत सरोवरो में पानी की उपलब्धता रहे जिस पर डीसी मनरेगा ने बताया कि हर एक ग्राम पंचायत के तालाब/अमृत सरोवरों में आगामी महीनो में पानी रहेगा जिससे पशु-पक्षियों को गर्मी में पानी की सुविधा मिल सके। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत विकास खण्ड सण्ड्वा चन्द्रिका के ग्राम नेवादा गौराडड़ में 530 मीटर में गतवर्ष निर्मित इण्टरलाकिंग सड़क को लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना एनओसी प्राप्त किये निर्माण के एक वर्ष पश्चात् ही इण्टरलाकिंग ईट हटाकर लेपन कार्य करा दिया गया। इस प्रकरण पर सम्बन्धित ठेकेदार व कार्मिक के विरूद्ध अभी तक कोई कार्यवाही न किये जाने का मुद्दा विधायक विश्वनाथगंज द्वारा उठाया गया, जिस पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी से कहा कि यदि निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता द्वारा दो दिन के अन्दर ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई नहीं करते है तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाय। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान दिया जाय और जो आवास की सूची प्राप्त होती है उसकी जांच अलग से अधिकारियों द्वारा करायी जाय जिससे अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न मिल पाये। विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के हैदरपुर व सण्ड्वा दुबान के मुसहर बस्ती में अभी तक लोगो को आवास न मिलने के प्रकरण में सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि मुहसर बस्ती में जिन लोगों के पास जमीन उपलब्ध है उन्हें आवास का लाभ दिया जाय और जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें आवासीय पट्टा दिलाकर उन्हें भी आवास योजना का लाभ मुहैया कराया जाय। दैवीय आपदा से प्रभावित पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाय। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर चर्चा के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा मुद्दा उठाया गया कि पाइप लाइन बिछाते समय सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है लेकिन मरम्मत नहीं करायी जाती जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जल्द ही क्षतिग्रस्त सड़को को मरम्मत करा दिया जायेगा।सांसद प्रतापगढ़ ने कहा कि जिन गांवों में खारा पानी की समस्या आ रही है उनके लिये शुद्ध पेयजल हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाय। जनप्रतिनिधियों ने बैठक में प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन, विद्यालयों के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार हटवाने, सड़क और शुद्ध पानी का मुद्दा उठाया जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन व हाईटेंशन तार



हटवाने हेतु विद्युत विभाग को पैसा दिया जा चुका है और अधिकांश स्कूलों में विद्युत कनेक्शन व हाईटेंशन तार हटाये जा चुके है और शेष पर जल्द ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। विधायक विश्वनाथगंज द्वारा आगामी गर्मी के दृष्टिगत ट्रान्सफार्मरों के ओवरलोडिंग का मुद्दा उठाते हुये कहा कि समय रहते अधिक क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगा दिये जाय नहीं तो आमजनमानस को कठिनाईयों का सामना उठाना पड़ेगा,जिस पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि समय रहते जांच कराकर ट्रान्सफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की जाय। सांसद कौशाम्बी ने कहा कि बच्चो के पढ़ाई के समय ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली काट दी जाती है जिससे बच्चों को पढ़ने आदि कार्यो में कठिनाई होती है, जिस पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि गया कि बच्चो के पढ़ाई के समय बिजली आपूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाय। बैठक में विधायक रानीगंज द्वारा बताया गया कि कुसुवापुर, कटरा गुलाब सिंह व गौरा स्वास्थ्य केन्द्र काफी जर्जर स्थिति में है जिससे अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है जिस पर सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जल्द ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी जाय। इसी प्रकार जनप्रतिनिधियों द्वारा मानधाता के गंभीरा में पुलिया, नहरों की सफाई, रामदेवपट्टी के नाला पर पुलिया का कार्य कराये जाने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। विधायक सदर प्रतिनिधि द्वारा दो मुहा नाले पर पुलिया बनी है जिसके दोनो तरफ रास्ता नही है, जिससे लोगों को समस्यायो को सामना करना पड़ता है जिस पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बिना भूमि अधिग्रहण किये रास्ता बन पाना सम्भव नहीं है।

दिशा की बैठक में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया। सांसद ने कहा कि दिशा की बैठक बहुत ही सौहार्द वातावरण में सम्पन्न हुई इसके लिये जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में जिलाधिकारी ने सांसद/अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी दिशा निर्देश व शिकायतें प्राप्त हुई है उसका सम्बन्धित अधिकारी शत् प्रतिशत निर्वहन करेंगें।

## नागरिक पुलिस का बड़े पैमाने पर तबादले, कई चौकी इंचार्ज व थानाध्यक्ष बदले

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने तत्काल प्रभाव से कई उपनिरीक्षकों, निरीक्षकों व अन्य पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया है। जारी आदेश के अनुसार उप निरीक्षक आशीष राय को चौकी प्रभारी श्रीरामपुर तथा उप निरीक्षक मनीष सिंह को भुजौली चौकी, उप निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह को कपरवार और उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को रामपुर बुजुर्ग स्थानांतरित किया गया है।

इसी क्रम में उप निरीक्षक जय सिंह यादव को चौकी प्रभारी भिंगारी बाजार, अनित कुमार राय को चौकी प्रभारी सिविल लाइन, अजय कुमार तिवारी को चौकी प्रभारी क़स्बा भटनी, प्रमोद कुमार को थाना भटनी, इन्द्रेश कुमार को चौकी प्रभारी मझौली राज व सुशांत कुमार सिंह को चौकी प्रभारी सेंटर में नई तैनाती दी गई है। हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत कुमार, मुकेश कुमार शाह तथा कांस्टेबल सोनू कुमार, संगीता सिंह, जयदीप दूबे व संग्राम यादव के भी तबादले किए गए हैं। वहीं निरीक्षक स्तर पर राहुल सिंह को प्रभारी निरीक्षक सुरौली से खुखुन्दू, दिनेश कुमार मिश्र को थानाध्यक्ष खुखुन्दू से सलेमपुर तथा महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी को सलेमपुर से प्रभारी मीडिया सेल बनाया गया है। अविनाश मौर्य को कोतवाली से एसएसआई सुरौली नियुक्त किया गया है। इन तबादलों को प्रशासनिक कसावट और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राजस्थान में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, हत्या




### ● सुल्तानपुर में दोषियों पर कार्रवाई, पीड़ित परिवार को न्याय की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**राजस्थान** के बीकानेर जिले में एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुल्तानपुर में प्रदर्शन हुआ। महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने मुख्यमंत्री राजस्थान को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बीकानेर जिले की बज्जू तहसील के रणजीतपुरा गांव निवासी देवीलाल सैन की नाबालिग बेटी कु. वसुंधरा सैन, जो कक्षा आठवीं की छात्रा थी, 21 फरवरी 2026 को बोर्ड परीक्षा देने घर से निकली थी। दुर्भाग्यवश, उसके साथ जघन्य दुष्कर्म किया गया और फिर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना ने न केवल सैन समाज बल्कि पूरे प्रदेश और राष्ट्र को झकझोर दिया है। महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (MWO) सुल्तानपुर (उ.प्र.) सहित समस्त नाई, सेन, सविता समाज की ओर से मांग की गई है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

संगठन ने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और दोष सिद्ध होने पर कठोरतम दंड दिलाने की अपील की है। इसके अतिरिक्त, पीड़ित परिवार को न्यूनतम 1 करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा प्रदान करने की भी मांग की गई है। परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने और प्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी नीतिगत कदम उठाने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन में विश्वास व्यक्त किया गया है कि राज्य सरकार न्याय, संवेदनशीलता और संविधान के तहत समस्त कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी। ज्ञापन जिलाध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा द्वारा सौंपा गया।

# कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर** कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिसवां सीतापुर की छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश विधानसभा एवं राजभवन, लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्राओं ने राज्य की प्रशासनिक एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं को निकट से समझा।

**विधानसभा भ्रमण** विधानसभा परिसर में छात्राओं ने पुस्तकालय, विधानसभा कक्ष (Assembly Hall), संग्रहालय (Museum) तथा डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया। डिजिटल गैलरी के माध्यम से छात्राओं ने 1857 की क्रांति, उत्तर प्रदेश विधानसभा के इतिहास एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष सतीश माहना जी ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने सदन की कार्यप्रणाली एवं निष्पक्ष निर्णय प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने बताया कि बहस के दौरान अध्यक्ष दोनों पक्षों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनकर निष्पक्ष निर्णय लेते हैं।

**राजभवन भ्रमण** इसके पश्चात छात्राओं ने राज भवन का भ्रमण किया। राजभवन परिसर अत्यंत सुंदर, सुव्यवस्थित एवं हरियाली से परिपूर्ण है। छात्राओं ने वहाँ स्थित पंचतंत्र पार्क का विशेष रूप से अवलोकन किया। पंचतंत्र पार्क में पंचतंत्र की कहानियों पर आधारित आकर्षक मूर्तियाँ एवं दृश्य सजाए गए हैं, जिनसे नैतिक शिक्षा का संदेश मिलता है। इसके अतिरिक्त वहाँ सुंदर उद्यान, ऐतिहासिक भवन, कलात्मक संरचनाएँ एवं विभिन्न प्रेरणादायक प्रदर्शित सामग्री भी देखी गई। राजभवन की भव्यता, स्वच्छता और अनुशासन ने छात्राओं को अत्यंत प्रभावित किया। इस भ्रमण से छात्राओं को राज्यपाल की भूमिका, कर्तव्यों तथा शासन प्रणाली की जानकारी प्राप्त हुई।

यह शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों एवं मार्गदर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों ने किया हॉटमिक्स प्लांट का विरोध,एसडीएम तथा डीएम को लिखा पत्र




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लूपुर और घोरसाएँ के ग्रामीणों ने एक दबंग ठीकेदार के द्वारा अवैध रुप से आबादी के करीब लगाये जा रहे हॉटमिक्स प्लांट का उच्चाधिकारीयों को पत्र भेज कर विरोध किया है। बताते चले की घोरसाए ग्राम के शिव मंदिर के पास शंकरपुर निवासी रेनू सिंह पत्नी ठीकेदार महेंद्र प्रताप सिंह ने मल्लूपुर निवासी अमरनाथ मिश्रा के खेत को चार वर्ष के लिए प्लांट लगाने के लिए लीज पर लिया है, खेत की सफाई करके ठीकेदार के द्वारा प्लांट की मशीने भी मोके पर पहुंच गयी है, लेकिन ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध के चलते मिक्स प्लांट शुरू नहीं हो पा रहा है, ग्राम प्रधान विभा मिश्रा ने भी अपने लेटर पैड पर उप जिलाधिकारी को पत्र लिख कर कहा है की उक्त प्लांट पूरी तरह से अवैध है, इसकी स्थापना से मानव और फसल दोनों को नुकसान पहुंचेगा, प्लांट से निकलने वाला धुँवा बच्चों, बुजुर्गो और पशुओ के लिए हानिकारक सावित होगा, जानकारों के अनुसार खेती की जमीन को प्लांट लगाने के लिए नहीं दिया जा सकता,ग्रामीण गुड्डु मिश्रा, फौजदार मिश्रा, सियाराम मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, काशीराम, संजय, कलावती, सुशील मिश्रा, प्रेरक मिश्रा,राकेश कुमार, बृजलाल आदि का कहना है की प्लांट से पचास मीटर से कम की दुरी पर महादेव का मंदिर, और तालाब दोनों है, इसके 200 मीटर के आसपास लोगों के मकान भी बने है जबकि प्लांट इस प्रकार के लोकेशन में लगाया जाना कानूनन गलत है, ग्रामीण कहते है की यहां प्लांट लगने से शराब पीने वालों का भी जमावड़ा होगा, किसी भी कीमत पर प्लांट नही लगने दिया जायेगा, जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायलय का भी दरवाजा खटखटाया जायेगा।

## पुलिस अधीक्षक ने बनकटा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने बुधवार को बनकटा थाने का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेख, मालखाना, हवालात, आरक्षी बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार, महिला सहायता कक्ष, बीट सूचना व आगंतुक रजिस्टर सहित मिशन शक्ति केंद्र की स्थिति की समीक्षा की। एसपी ने थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मियों को साफ-सफाई, अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव, अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं, वारंटों और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण जांच को कहा। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए नियमित गश्त, संदिग्धों की निगरानी और ग्राम चौपाल के माध्यम से जनसंवाद बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान अंशुमन श्रीवास्तव व दिनेश कुमार मौर्य मौजूद रहे।

# बस्ती जिले में चोरी की कई घटनाओं का खुलासा, 6 गिरफ्तार

**बस्ती।** बस्तीजिले केथाना नगर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए 06 शातिर चोरों (एक बाल अपचारी सहित) को गिरफ्तार किया है। संयुक्त कार्रवाई थाना नगर पुलिस व एसओजी टीम द्वारा की गई। चोरी गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया गया है। साथ ही 04 मोटरसाइकिलें (तीन चोरी की व एक घटना में प्रयुक्त) भी बरामद की गई हैं। जानकारी देते हुए एसपी डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि 03 फरवरी एवं 23 फरवरी को थाना नगर क्षेत्र में किराना, बिल्डिंग मटेरियल और कपड़ों की दुकानों में चोरी की घटनाएं दर्ज हुई थीं। खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। गिरफ्तार आरोपी वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामनाथ (22 वर्ष), जनपद बस्ती, शुभम सोनी पुत्र रग्घू प्रसाद सोनी,राज सोनकर पुत्र रामगोपाल सोनकर, राहुल यादव पुत्र रामशंकर यादव (25 वर्ष), विकास कुमार गौतम पुत्र दिलीप कुमार गौतम, एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर खुलासा किया गया। 5 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर दोफड़ा क्षेत्र से वीरेन्द्र कुमार व एक बाल अपचारी को पकड़ा गया। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद हुआ। पूछताछ में अन्य साथियों के नाम सामने आए, जिसके बाद क्रमशः शुभम सोनी, राज सोनकर, राहुल यादव और विकास कुमार गौतम को गिरफ्तार किया गया। गिरोह पहले मोटरसाइकिल चोरी करता था, फिर उन्हीं वाहनों से दिन में रेकी कर रात में दुकानों में सेंधमारी करता था। चोरी का माल आपस में बांट लिया जाता था। बरामद सामान मे 04 मोटरसाइकिल, कपड़े, कॉस्मेटिक, बैटरी, इन्वर्टर व किराना सामान,नगद 2850, एक अवैध चाकू, चोरी के उपकरण आदि बरामद किया गया। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को ?10,000 पुरस्कार देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।